ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com ● रांची ● चैत्र शुक्ल पक्ष 12 ● विक्रम संवत 2080 ● सोमवार, 03 अप्रैल 2023 ● वर्ष-24 ● अंक-61 ● पृष्ठ-12 ● मूल्य ₹ 2.00

'अकेली' की शूटिंग के दौरान नुसरत भरूचा... पेज 12 पर



# छात्र संगठनों का 10 अप्रैल को झारखंड बंद

## आठ अप्रैल को मुख्यमंत्री आवास का करेंगे घेराव, शांतिपूर्ण और संवैधानिक रहेगा प्रदर्शन

### 60/40 वाली नियोजन नीति के खिलाफ सड़क पर उतरेंगे युवा


**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

नियोजन नीति को लेकर राज्य के विभिन्न छात्र संगठनों ने 10 अप्रैल को झारखंड बंद बुलाया है। इससे पहले आठ अप्रैल को मुख्यमंत्री आवास का घेराव करेंगे। इस बात का निर्णय रविवार को छात्र संगठनों की मोरहाबादी के ऑक्सीजन पार्क में हुई बैठक में लिया गया।



बैठक के बाद बताया गया कि मुख्यमंत्री आवास घेराव और झारखंड बंद का झारखंड यूथ एशोसिएशन, झारखंड स्टूडेंट्स यूनियन, आदिवासी-मूलवासी सामाजिक संगठन सहित तमाम छात्र संगठन भी समर्थन करेंगे। बैठक के बाद छात्र नेता इमाम सफी ने कहा कि हमारा आंदोलन 60/40 वाली नियोजन नीति के खिलाफ है। हम चाहते हैं कि इस पर सरकार को ठोस निर्णय लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमलोग आठ अप्रैल को मुख्यमंत्री आवास घेराव व 10 अप्रैल को झारखंड बंद करेंगे। यह दोनों आंदोलन पूरी तरह शांतिपूर्ण और संवैधानिक रहेगा। आंदोलन में गैर जिम्मेदाराना बयान या अन्य गतिविधि करने वाले असामाजिक तत्वों को आंदोलन से बाहर किया जाएगा। साथ ही कहा कि राज्य बने 22 साल हो गए। इसके बाद भी एक स्थानीय नीति, नियोजन नीति नहीं बनी है। अगर कोई नीति बना भी तो न्यायालय द्वारा रद्द हो गई। नीति के कारण नियुक्ति रूकी हुई है। बैठक में छात्र नेता मनोज यादव, झारखंड स्टूडेंट्स यूनियन के देवेंद्र नाथ महतो, युगल भारती आदि मौजूद थे।

# तीसरी बार भी नरेंद्र मोदी ही बनेंगे प्रधानमंत्री : अमित शाह



**नवीन मेल नेटवर्क। पटना/नवादा**

बिहार में नवादा जिले के हिसुआ में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने रैली को संबोधित करते हुए कहा कि बिहार की जनता ने यह मन बनाया है कि भाजपा 2024 के लोकसभा चुनाव में राज्य की सभी 40 सीटें जीतेगी। उन्होंने कहा कि देश में प्रधानमंत्री की कुर्सी अभी फिलहाल खाली नहीं है। तीसरी बार भी नरेंद्र मोदी ही देश के प्रधानमंत्री बनेंगे। यहां एक रैली को संबोधित करते हुए अमित शाह ने कहा कि एक व्यक्ति को प्रधानमंत्री बनना है और लालू के बेटे को मुख्यमंत्री बनना है। तीसरी बार भी नरेंद्र मोदी ही प्रधानमंत्री बनेंगे। अगर तीसरी बार नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बने तो नीतीश कुमार लालू के बेटे को कभी मुख्यमंत्री नहीं बनायेंगे। बिहार की सभी 40 सीटें भाजपा जीतेगी यह बिहार ने मन बनाया है।

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने सबसे पहले बिहार में हिंसा पर सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि सासाराम में अशोक जयंती में मुझे जाना था। वहां गोली चल रही है, नहीं जा सका। सासाराम की जनता से क्षमा मांगता हूं। अगली बार जो भी दौरा होगा मेरा, मैं अवश्य ही सासाराम आऊंगा। मैं गृहमंत्री हूं। बिहार मेरे हिस्से में है। नीतीश कुमार शांति नहीं ला सकते हैं।

### नीतीश-ललन बाबू के लिए दरवाजे बंद

**रैली** को संबोधित करते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि बिहार में शांति हो, इसलिए गवर्नर को फोन किया। इससे ललन बाबू नाराज हो गए। उन्होंने कहा कि मैं बिहार की जनता और ललन बाबू को स्पष्ट कहना चाहता हूं कि चुनाव परिणामों के बाद भी नीतीश कुमार के लिए भाजपा के दरवाजे बंद रहेंगे। हमेशा के लिए बंद रहेंगे।

### दंगा करने वालों को उल्टा लटकाकर सीधा करेंगे

**शाह** ने कहाः 2024 के लोकसभा चुनाव के बाद बिहार में महागठबंधन की सरकार गिर जाएगी और भाजपा की सरकार बनेगी। हमारी सरकार बनने पर दंगा करने वालों को उल्टा लटकाकर सीधा करने का काम करेंगे। हम वोट बैंक की राजनीति नहीं करते। हमारी सरकार में दंगे नहीं होते हैं। नीतीश कुमार के लिए भाजपा के दरवाजे हमेशा बंद रहेंगे। नीतीश बाबू को पीएम बनना है। तेजस्वी को सीएम बनना है। इनके बीच बिहार की जनता पिस रही है, लेकिन देश की जनता ने तय किया है कि मोदी को तीसरी बार भी प्रधानमंत्री बनाएंगे। इसलिए लालू जी, आप ये भूल जाओ कि नीतीश कुमार आपके बेटे को मुख्यमंत्री बनाएंगे। लालू के बेटे ने नीतीश को सांप, पलटूराम और यहां तक कि गिरगिट भी कह डाला लेकिन नीतीश प्रधानमंत्री बनने के लिए उनके साथ चले गए।

### जनता को सुरक्षा देने में नीतीश विफल : गिरिराज

**पटना।** केंद्रीय गिरिराज सिंह ने बिहार शरीफ और सासाराम में हो रही हिंसक घटनाओं को लेकर नीतीश सरकार पर तीखा प्रहार किया है। गिरिराज सिंह ने रविवार को कहा कि अब बिहार भी बंगाल के रास्ते पर जा रहा है। उन्होंने मुख्यमंत्री पर निशाना साधते हुए कहा कि नीतीश कुमार के गृह जिला नालंदा और सासाराम हिंसा की आग में दहक रहा है और उनको किसी भी बात की कोई जानकारी नहीं है। ऐसे में तो उनको इस्तीफा दे देना चाहिए। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि हिंदू अपने आप को असुरक्षित महसूस कर रहा है। इसके साथ ही उन्होंने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को चुनौती देते हुए कहा कि वे बोलते क्यों नहीं? वह केवल मुस्लिमों के मुख्यमंत्री हैं।



हिंदू भी उनको वोट करते हैं। उन्होंने कहा कि सासाराम में बम ब्लास्ट हुआ है और अधिकारी तक झूठ बोल रहे हैं। मीडिया ने भी इसको बेनकाब किया है। गिरिराज सिंह ने रोहतास जिले के अधिकारियों को भी आड़े हाथों लेते हुए कहा कि यहां के अधिकारी भी पलटू राम हैं।

## NEWS इन ब्रीफ

### झारखंड के नक्सल इलाकों में बनेंगे फोर्टिफाइट थाना


**रांची।** राज्य के नक्सल प्रभावित इलाकों में फोर्टिफाइड थाना बनाया जायेगा। इसके लिए छह अधिकारियों की कमेटी बनाई गई है। इसमें दो आईएएस, तीन आईपीएस और एक इंजीनियर शामिल हैं। गृह विभाग ने इससे संबंधित आदेश जारी कर दिया है। इसमें आईएएस में गृह विभाग के अपर मुख्य सचिव, प्रधान सचिव को कमेटी का अध्यक्ष बनाया गया है। वहीं, सदस्य के रूप में वित्त विभाग के अपर मुख्य सचिव, एडीजी मुख्यालय या आधुनिकीकरण, आईजी प्रोविजन व आईजी अभियान के अलावा झारखंड पुलिस हाउसिंग कॉर्पोरेशन लिमिटेड के मुख्य अभियंता को सदस्य बनाया गया है।

### नशे में मोबाइल टॉवर पर चढ़ लगा ली फांसी

**खरौंधी (गढ़वा)।** खरौंधी थाना क्षेत्र के अमरोरा गांव के दिवाकर दूबे के घर के समीप जिओ टावर पर 28 वर्षीय युवक ने रविवार की सुबह लगभग साढ़े 10 बजे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उपस्थित लोगों ने मृतक की पहचान यूपी के कोन निवासी शंकर राम के रूप में की है। मृतक शंकर राम का ससुराल अमरोरा में है। मृतक शंकर राम शनिवार को ससुराल विदाई कराने आया था। विदाई नहीं होने से नाराज शंकर राम ने मफलर को फंदा बनाया और झूल गया। टॉवर पर चढ़ कर फांसी लगाने की घटना वायरल हो गई। लोगों ने इसकी सूचना थाना प्रभारी अभय कुमार को दी। थाना प्रभारी अभय कुमार, एसआई सोनू कुमार दल-बल के साथ घटना स्थल पर पहुंचे। मृतक के स्वजनों के आने के बाद शव को उतारा गया।

### साइबर अपराधियों ने खाते से उड़ाए एक लाख

**रांची।** बरियातू थाना क्षेत्र के संस्कृति विहार के रहने वाले संजय कुमार के खाते से साइबर अपराधियों ने एक लाख पांच हजार रुपए की निकासी कर ली। इस संबंध में संजय ने बरियातू थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। संजय ने पुलिस को बताया कि शनिवार की सुबह उनके फोन पर एक बैंक का एप्प आया तो वह उसे डाउनलोड किया। पता चला कि उनके खाते से 50-50 हजार करके दो बार और एक बार पांच हजार रुपए की निकासी हुई है। इसके बाद वे सीधे बरियातू थाना पहुंचे और मामला दर्ज कराया। दर्ज प्राथमिकी के आधार पर पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।




# हिंसक झड़प

## साहिबगंज में दुर्गा मूर्ति विसर्जन के दौरान दो समुदायों के बीच झड़प में आधा दर्जन घायल

### भीड़ को तितर-बितर करने के लिए पुलिस को करना पड़ा लाठीचार्ज

**नवीन मेल नेटवर्क। साहिबगंज/रांची**

साहिबगंज शहरी क्षेत्र में बड़ी दुर्गा स्थान के पास कुली पाड़ा में शनिवार रात दुर्गा प्रतिमा विसर्जन करने जाते वक्त दो समुदायों के बीच हिंसक झड़प हो गई। इस दौरान हुई पत्थरबाजी में एसडीपीओ राजेंद्र दुबे समेत पुलिस के तीन जवान और तीन आम नागरिक घायल हो गए। बताया जाता है कि मूर्ति विसर्जन के लिए जाते समय दूसरे समुदाय के लोगों ने घर के छतों से पत्थरबाजी शुरू कर दी। देखते ही देखते माहौल हिंसक हो गया।

नगर थाना पुलिस ने भीड़ को तितर-बितर करने के लिए लाठीचार्ज किया। इलाके में तनाव व्याप्त है। पुलिस की गश्त तेज कर दी गई है। नगर थाना प्रभारी धर्मपाल कुमार ने रविवार को बताया कि दोनों समुदायों से शांति बनाए रखने की अपील की जा रही है। शहर में बिजली काट दी गई है। दुर्गा मूर्ति का विसर्जन करने तहला दुर्गा पूजा समिति के लोग जा रहे थे। उपायुक्त रामनिवास यादव, एसपी अनुरंजन किस्पोट्टा, एसडीओ सदर राहुल आनंद, पुलिस इंस्पेक्टर शशिशेखर चौधरी समेत अन्य पुलिस पदाधिकारी कुली पाड़ा पहुंच मामला को शांत करने में जुटे रहे।

### हावड़ा के बाद हुगली में हिंसा और आगजनी



### दिलीप घोष बोले : राज्य सरकार कोई कार्रवाई नहीं कर रही

**एजेंसी। हुगली**

पश्चिम बंगाल के हुगली में आगजनी और हिंसा हुई है। जानकारी के मुताबिक, हुबली के रिशरा में रामनवमी की शोभायात्रा के दौरान हिंसा भड़की है। यह भी बताया जा रहा है कि भाजपा नेता दिलीप घोष के काफिले पर पत्थरबाजी भी की गई है। भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ने बताया कि शोभायात्रा के दौरान महिलाओं और बच्चों पर पथराव किया गया। हावड़ा हिंसा के बाद भी राज्य सरकार कोई कार्रवाई नहीं कर रही है। पथराव किया जा रहा है और वाहनों में तोड़फोड़ की जा रही है। उन्होंने कहा कि आज कई जगहों पर शोभायात्रा निकाली गई, शोभायात्रा शांतिपूर्ण तरीके से हो रही थी। अचानक से किसी मोहल्ले से पत्थरबाजी की गई। गाड़ी के शीशे टूटे, लोगों को चोटें आई, पुलिसकर्मियों को भी चोट आई। बम की आवाज आई, मैंने हमारे लोगों से कहा शांति बनाए रखें, पुलिस सब देख रही है। इससे पहले 30 मार्च को रामनवमी के अवसर पर शोभायात्रा के दौरान पश्चिम बंगाल के हावड़ा में हिंसा भड़क गई थी। जिसमें दो समुदाय आमने सामने आ गए थे।

### मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने भाजपा पर लगाए आरोप

**हावड़ा** बवाल पर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा था कि हमने किसी शोभायात्रा पर रोक नहीं लगाई। राज्य में कानून व्यवस्था से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं है। हावड़ा हिंसा मामले में अभी तक 41 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। जिन्होंने हिंसा भड़काई वह लोग बाहर से आए थे। भाजपा, बंगाल को अशांत करना चाहती है।

### तुष्टिकरण नीति का परिणाम है शोभायात्रा पर पथराव : दीपक प्रकाश

**भाजपा** प्रदेश अध्यक्ष सह सांसद दीपक प्रकाश ने हेमंत सरकार पर तुष्टिकरण को बढ़ावा देने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश भर में अलग-अलग स्थानों पर रामनवमी शोभायात्रा में हुए पथराव राज्य सरकार की तुष्टिकरण नीति, वोट बैंक की राजनीति का परिणाम है। कभी पंडाल और प्रतिमा के आकार को घटाने, कभी बाजा नहीं बजाने जैसे बेतुके आदेशों से राज्य सरकार उपद्रवी तत्वों को उकसाती है, उनके मंसूबों को बल देती है। उन्होंने कहा कि जमशेदपुर, साहिबगंज, हल्दीपोखर में रामनवमी जुलूस पर घटित घटनाएं या फिर शिवरात्रि में पांकी की घटना राज्य सरकार की तुष्टिकरण नीति का परिणाम है। पुलिस प्रशासन भी दबाव में मूकदर्शक बनता जा रहा। चाहे उपद्रवियों पर मुकदमे दर्ज करने की बात हो या उन्हें गिरफ्तार करने की बात हो ऐसा लगता है पुलिस प्रशासन राज्य सरकार के इशारे की प्रतीक्षा में बैठा रहता है।

# सजा के खिलाफ आज कोर्ट जा सकते हैं राहुल

**एजेंसी। नई दिल्ली**

राहुल गांधी आपराधिक मानहानि मामले में अपनी सजा के खिलाफ सोमवार को सूरत की अदालत में अपील कर सकते हैं। सूत्रों ने बताया कि कानूनी टीम ने पूरी तैयारी कर ली है। राहुल गांधी को 23 मार्च को मानहानि के मामले में दो साल के लिए दोषी ठहराया गया था, जिसके बाद उन्हें लोकसभा से अयोग्य घोषित कर दिया गया। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने गुरुवार को कहा कि एक कानूनी टीम उस मामले पर काम कर रही है जिसमें राहुल गांधी को दोषी ठहराया गया था। खड़गे ने कहा कि पार्टी राजनीतिक और कानूनी रूप से मामले का सामना करने के लिए तैयार है। उन्होंने राहुल गांधी को जल्दबाजी में अयोग्य घोषित करने के लिए केंद्र सरकार की भी आलोचना की। कांग्रेस अध्यक्ष ने अयोग्यता को प्रतिशोध करार दिया। लोकसभा से राहुल गांधी की अयोग्यता के विरोध में और अडाणी समूह के खिलाफ लगाए गए धोखाधड़ी के आरोपों की जांच की अपनी मांग को दबाने के लिए कांग्रेस ने केंद्र के खिलाफ देश भर में 'जय भारत सत्याग्रह' शुरू किया है।

## फर्जी कोविड सर्टिफिकेट बनाने का मामला

# रिम्स के एक कर्मचारी सहित दो गिरफ्तार

### 100 करोड़ के मिड डे मील घोटाले के आरोपी ने जेल जाने से बचने के लिए तैयार करवाया था फर्जी रिपोर्ट

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

ईडी के गिरफ्त से फरार चल रहे संजय तिवारी का फर्जी कोविड रिपोर्ट तैयार करने के मामले में रांची पुलिस ने करवाई करते हुए रिम्स के एक कर्मचारी सहित दो को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार प्रियरंजन और अमरदीप ने संजय तिवारी के लिए फर्जी कोविड पॉजिटिव होने का रिपोर्ट तैयार कर दिया था, उसी रिपोर्ट के आधार पर संजय तिवारी ने अदालत को झांसा देकर फरार हो गया।

### अदालत को गुमराह कर फरार हुआ आरोपी




**झारखंड** सरकार के मिड डे मील के खाते से 100 करोड़ रुपये के फर्जी हस्तांतरण से जुड़े मनी लाउंड्रिंग मामले के आरोपी भानु कंस्ट्रक्शन के संचालक संजय कुमार तिवारी को सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर कोर्ट में 25 मार्च को सरेंडर करना था, लेकिन संजय तिवारी ने उस सरेंडर से बचने के लिए कोविड होने की गलत जानकारी रांची के पीएमएलए कोर्ट को दी। पीएमएलए कोर्ट को दिए गए रिम्स के इलाज संबंधी कागजात और कोविड सर्टिफिकेट की जांच ईडी के रांची जोनल ऑफिस ने की, तब यह पता चला कि संजय तिवारी के द्वारा जो इलाज संबंधी कागजात व कोविड सर्टिफिकेट दिए गए हैं, वह गलत हैं। हालांकि, इसी बीच संजय तिवारी फरार होने में कामयाब हो गया।

### रिम्स से तैयार हुआ था फर्जी रिपोर्ट

**संजय** तिवारी ने अदालत को गुमराह करने के लिए रिम्स से फर्जी कोविड रिपोर्ट बनवा लिया था। रिम्स के चिकित्सा अधीक्षक की ओर से बरियातू थाने में दर्ज की गई प्राथमिकी में संजय कुमार तिवारी पर रिम्स के नाम से फर्जी कोविड-19 रिपोर्ट प्रस्तुत करने का आरोप लगाया गया था। पुलिस ने जब मामले तफ्तीश शुरू की जानकारी मिली की रिम्स में ही कार्यरत एक कॉन्ट्रैक्ट कर्मचारी प्रियरंजन के द्वारा संजय तिवारी के लिए किसी एतवा टोप्पो के व्यक्तिगत डाटा को आईसीएमआर के पोर्टल अपलोड कर उसे ही डाउनलोडेड कर रिपोर्ट बनाया गया।

## सिफारिश संसदीय स्थायी समिति ने कहा

# सरल शब्दों में विधायी विभाग लिखे 'बिल'

### इससे आम आदमी को भी समझने में मिलेगी मदद

### केंद्रीय सूचना आयोग में आउटसोर्स भर्ती पर लगे लगाम

**ब्यूरो। नई दिल्ली**

कानून व कार्मिक विभाग से संबंधित संसदीय स्थायी समिति के अध्यक्ष व राज्य सभा सांसद सुशील कुमार मोदी ने कहा : एक आम आदमी के लिए संसद में पेश किए जाने वाले बिलों को समझना बहुत मुश्किल है। इसलिए समिति यह सिफारिश करना चाहेगी कि बिलों को इतनी सरल भाषा में तैयार किया जाए ताकि एक आम आदमी भी प्रस्तावित उद्देश्य के




बारे में समझ सके। उन्होंने कहा कि वर्तमान में केंद्रीय कानून मंत्रालय में विधायी विभाग द्वारा तैयार किए जा रहे सभी विधेयकों को या तो देश के बुद्धिजीवी या कानूनी ज्ञान रखने वाले लोग ही समझ सकते हैं। ऐसे में संसदीय पैनल ने सिफारिश की है कि विधेयकों का मसौदा ऐसी भाषा में तैयार किया जाना चाहिए जिससे आम आदमी को उन्हें समझने में मदद मिले और प्रस्तावित कानून लाने के कारण भी पता चल सके। समिति ने केंद्रीय सूचना आयोग में आउटसोर्स कर्मियों की भर्ती को लेकर नाराजगी जताई। सूचना आयोग ने बताया कि 160 स्वीकृत पदों के सापेक्ष 100 आउटसोर्स कर्मियों की भर्ती की गई है। बाकी उपयुक्त उम्मीदवारों की अनुपलब्धता के कारण सभी रिक्त पदों को भरने में सक्षम नहीं है। जिस पर समिति ने कर्मचारी चयन आयोग को इस मसले पर गौर करने के लिए कहा है। समिति ने आयोग से कहा कि वह आउटसोर्स कर्मियों की भर्ती में आने वाली दिक्कतों का पता लगाएं और उनसे अवगत कराएं। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि समिति का विचार है कि अनुबंधित कर्मचारी नियमित कार्यबल का पूरक हो सकते हैं, लेकिन इसका विकल्प नहीं हो सकते। रिपोर्ट में कहा गया है कि पैनल ने सिफारिश की है कि कर्मचारी चयन आयोग (एसएससी) को सीआईसी में सीधी भर्ती रिक्तियों को भरने में बाधा डालने वाले कारणों पर गौर करना चाहिए और उनसे अवगत कराना चाहिए।

### सीआईसी को तिमाही रिटर्न जमा करने की आवश्यकता

**समिति** ने यह भी कहा कि सूचना का अधिकार अधिनियम की धारा 25 के अनुसार, सार्वजनिक प्राधिकरणों के लिए सीआईसी को तिमाही रिटर्न जमा करने की वैधानिक आवश्यकता है। समिति ने कहाः यह देखा गया है कि 2021-22 के दौरान केवल 95 प्रतिशत सार्वजनिक प्राधिकरणों ने रिपोर्टिंग वर्ष के दौरान सभी चार त्रैमासिक रिटर्न जमा किए। समिति ने कहा कि सार्वजनिक प्राधिकरण अपने वैधानिक दायित्वों को पूरा नहीं कर रहे हैं और सिफारिश की है कि सीआईसी को सभी मंत्रालयों और स्वतंत्र विभागों पर 100 प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाने के लिए दबाव डालना चाहिए।

# भाजपा ने भ्रष्टाचार को लेकर 'कांग्रेस फाइल्स' लॉन्च की




**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारतीय जनता पार्टी ने रविवार को 'कांग्रेस फाइल्स' का पहला एपिसोड जारी कर कांग्रेस पर निशाना साधा। वीडियो सीरीज में सबसे पुरानी पार्टी के 70 साल के शासन के दौरान भ्रष्टाचार का आरोप लगाया गया है। तीन मिनट के इस वीडियो में पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह को दिखाया गया है जिन्होंने यूपीए कार्यकाल का नेतृत्व किया। वीडियो में भाजपा का आरोप है कि कांग्रेस ने जनता की गाढ़ी कमाई के 48,20,69,00,00,000 रुपये लूटे हैं। बीजेपी ने कहा कि 48 खरब 20 अरब 69 करोड़ रुपये से सुरक्षा से लेकर देश के विकास तक कई काम हो सकते थे। वीडियो में कहा गया है, इस राशि से 24 आईएनएस विक्रांत, 300 राफेल जेट और 1,000 मंगल मिशन बनाए या खरीदे जा सकते थे। लेकिन देश को कांग्रेस के भ्रष्टाचार की कीमत चुकानी पड़ी और वह प्रगति की दौड़ में पिछड़ गया। वीडियो संदेश के अंत में भाजपा ने कहाः यह कांग्रेस के भ्रष्टाचार की सिर्फ झांकी (ट्रेलर) है, फिल्म अभी खत्म नहीं हुई है।

# सांप्रदायिक सौहार्द्र बनाए रखने में समाजसेवियों की भूमिका अहम

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

धार्मिक-आध्यात्मिक संस्था श्रीश्री महावीर मंडल,रामनवमी मेला स्थल, निवारणपुर के सौजन्य से रविवार को तपोवन मंदिर परिसर में रविवार को सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि विधायक एवं राज्य सरकार के पूर्व मंत्री सीपी सिंह ने रामनवमी उत्सव के सफल आयोजन को लेकर श्रीश्री महावीर मंडल से जुड़े सक्रिय सदस्यों व सामाजिक कार्यकताओं को सम्मानित किया। सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए श्री सिंह ने कहा कि सामाजिक समरसता बनाए रखते हुए सांप्रदायिक सौहार्द के बीच रामनवमी पर्व सफलतापूर्वक संपन्न कराने में समाजसेवियों की महत्वपूर्ण भूमिका है। इसके लिए श्रीश्री महावीर मंडल के सभी पदधारी, सदस्य सहित अन्य श्रद्धालुगण बधाई के पात्र हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं को चुनरी, स्मृतिचिन्ह व तलवार भेंट कर सम्मानित किया। सम्मान समारोह में बतौर विशिष्ट अतिथि चुटिया थाना प्रभारी श्री वेंकटेश ने कहा कि रामनवमी मेला स्थल, निवारणपुर में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए पुलिस-प्रशासन की ओर से हर संभव सहयोग किया जाता रहा है। उन्होंने संस्था को यथोचित सहयोग करने का आश्वासन दिया। श्रीश्री महावीर मंडल के अध्यक्ष सुशील दुबे, सचिव राजीव रंजन राजू एवं कोषाध्यक्ष जय सिंह ने संयुक्त रूप से समारोह के मुख्य अतिथि सीपी सिंह एवं विशिष्ट अतिथि चुटिया थाना प्रभारी श्री वेंकटेश सहित सभी सामाजिक कार्यकताओं के प्रति आभार व्यक्त किया। रामनवमी का त्योहार सफलतापूर्वक संपन्न कराने में सामाजिक कार्यकर्ता रवि शर्मा, सत्यजीत शाहदेव, नितेश शर्मा, दुगार्शंकर,तुषार कांति शीट, पप्पू चौधरी, सुरेंद्र कुमार, मनोज सिंह, जय कुमार, हीरक दत्ता, अरविंद खुराना, रिंकी घोष, बिपिन झा, अभिषेक कुमार, विवेक घोष, राहुल बरुआ,भरत वोरा सहित अन्य कार्यकताओं की महत्वपूर्ण भूमिका रही।



## शहादत दिवस के अवसर पर मैराथन दौड़ का आयोजन

**सिल्ली।** सिल्ली प्रखंड अंतर्गत गेड़ेवीर के समीप शहीद दिलीप बेदिया के शहादत दिवस के अवसर पर आज रविवार को मैराथन दौड़ का आयोजन कुसुम टीकरा स्कूल मैदान से गेड़ेवीर चौक तक 5 किलोमीटर का दौड किया गया। 18 वर्ष के नीचे के छात्र छात्राओं के लिए भी 200 मीटर, 400 मीटर, और 800 मीटर का दौड भी आयोजित किया गया जिसमें आसपास क्षेत्र के काफी छात्र-छात्राएं काफी उत्साह और जोश के साथ सम्मिलित हुए। कमेटी के द्वारा बताया गया कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य यह है कि इस क्षेत्र के छात्र-छात्राएं अपने भविष्य को उज्जवल कर अपने क्षेत्र का नाम रोशन कर सकें तथा सरकारी सेवा में भी अपने भविष्य को संवार सकें। इस मौके पर कीनो राम बेदिया, कुलदीप बेदिया, चुन्नीलाल बेदिया समेत सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित रहे।

# भविष्य का वर्कप्लेस छोटे शहर और कस्बे में होंगे : नलिन गोयल




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

भारत सरकार के युवा एवं खेल मंत्रालय ने भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के यंग इंडियंस (वायआई) के साथ मिलकर अरका जैन यूनिवर्सिटी गम्हरिया में एक पैनल डिस्कशन का आयोजन किया गया। डिस्कशन में विभिन्न क्षेत्र के युवा विशेषज्ञों ने भविष्य के लिए व्यापार को फिर से तैयार करना (रिइमेजिंग बिजनेस फॉर फ्यूचर) विषय पर अपनी बात रखी। द स्कूल ऑफ प्लानिंग एंड आर्किटेक्चर नई दिल्ली के पूर्व छात्र और टेरी विश्वविद्यालय से नवीकरणीय ऊर्जा में मास्टर डिग्री करने वाले नलिन गोयल ने भविष्य के वर्कप्लेस की झलक दिखाई और बताया कि समय के साथ हमारा कार्यस्थल कैसे बदल रहा है। उन्होंने कहा कि भविष्य का वर्कप्लेस छोटे शहर और कस्बे होंगे। बड़े-बड़े शहरों पर वर्कप्लेस का जो दबाव था, वह कम होगा। इंटरनेट की तेज स्पीड और बेहतर ट्रासपोर्टेशन होने से लोग छोटे शहरों, यहां तक कि लोग अपने गांव में बैठकर भी काम कर सकेंगे, जो होने लगा है। उन्होंने बताया कि सत्रहवीं शताब्दी में नेवी के पेपरवर्क करने के लिए पहली बार ऑफिस की परिकल्पना की गई। कालांतर में औद्योगीकरण और शहरीकरण ने टेलरिज्म को बढ़ावा दिया। मगर लिफ्ट के अस्तित्व में आने के बाद ऑफिस को वर्टिकल ऊंचाई मिली और ऑफिस कई मंजिला होने लगा। फिर क्यूबिकल ऑफिस का प्रचलन बढ़ा, मगर इंटरनेट और कम्प्यूटर के आने के बाद एजाइल वर्किंग की मांग बढ़ी, जिसे हॉट डेस्किंग भी कहा जाता है. इसका मतलब है कि आपको जहां खाली जगह मिलें, वहीं पर बैठकर काम कर लें। कोई निश्चित जगह नहीं होता। अमेरिका के सिलिकन वैली ने ऑफिस की गंभीरता को कम किया और फन विथ ऑफिस का प्रचलन बढ़ा, जहां काम के साथ रिक्रिएशन के भी काफी साधन मौजूद होते थे।

# हर्षोल्लास से निकाली शोभायात्रा

**नवीन मेल संवाददाता। खूंटी**

तोरपा में रविवार को प्रखंड स्तरीय सरहुल महोत्सव पारंपरिक हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। प्रखंड मुख्यालय स्थित सरना स्थल पर पाहनों ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना के बाद सरहुल की भव्य शोभा यात्रा निकाली। शोभायात्रा प्रखंड मैदान से शुरू होकर मेन रोड होते हुए हिल चौक स्थित भगवान बिरसा मुंडा के प्रतिमा स्थल तक गई। सरहुल महोत्सव की विशेषता रही कि इसमें न सिर्फ सरना धर्मावलंबी शामिल हुए, बल्कि अपना पारंपरिक धर्म छोड़कर ईसाई बन चुके लोगों ने भी बड़ी संख्या में सरहुल पूजा में पारंपरिक आदिवासी पोशाक में शामिल हुए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए समारोह के मुख्य अतिथि विधायक कोचे मुंडा ने कहा कि सरहुल सिर्फ आदिवासियों का त्योहार नहीं है, बल्कि यह पूरी मानवता का पर्व है। उन्होंने कहा कि सरहुल मानव और प्रकृति के अटूट संबंध को और प्रगाढ़ करने और प्रकृति संरक्षण का संदेश देता है। साथ ही कहा कि हमें किसी भी हाल में अपने धर्म, संस्कृति और परंपरा को बचाकर रखना है। कार्यक्रम में संतोषी टोपनो, विनोद धान, दीपक तिग्गा, सुशीला कंडुलना, श्रेया कंडुलना, रोशन कंडुलना, रेडा पाहन, रामध्यान सिंह, संतोष जायसाल, विनोद भगत, चोंगे पाहन, मोगला पाहन सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।




## पड़हा व्यवस्था की मजबूती के लिए आवाज करें बुलंद

**बेड़ो।** सरहुल और बिशु शिकार हमारी पारंपरिक तथा सांस्कृतिक विरासत है। पड़हा व्यवस्था की मजबूती और रक्षा के लिए हमें एकजुट होकर आवाज बुलंद करनी होगी। यह बातें 10 पड़हा कटरमाली के अध्यक्ष सुबोध कुमार लकड़ा ने कहीं। वे 10 पड़हा के तत्वावधान में रविवार को बेड़ो प्रखंड के कटरमाली गांव के मैदान के पास आयोजित एकदिनी सरहुल मिलन समारोह और बिशु शिकार उत्सव समारोह में बोल रहे थे। उन्होंने पड़हा भवन और जतरा स्थल का निर्माण करने की बात कही। इससे पहले 10 पड़हा के सरना समाज के लोगों ने मांदर, नगाड़ा और झंडा के साथ जुलूस निकाला जो जरिया गांव का परिभ्रमण करते हुए कटरमाली गांव के मैदान के पास पहुंचकर समारोह में बदल गया। इस दौरान 10 पड़हा के ग्रामीणों ने अलग-अलग खोड़हा में बंटकर परंपरागत नाच-गान प्रस्तुत किया।

## टाटीसिलवे में एक्यूप्रेशर की नि:शुल्क चिकित्सा शिविर

# एक्यूप्रेशर से सभी बीमारियों का इलाज संभव : डॉक्टर मधुसूदन

**नवीन मेल संवाददाता। नामकुम**

झारखंड एक्यूप्रेशर दिवस के अवसर पर एक्यूप्रेशर परिषद झारखंड शाखा टाटीसिलवे कि ओर से रविवार को टाटीसिलवे ईएफ मैदान निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया है। इस मौके पर मुख्य अतिथि में जैप के डीएसपी मनोज कुमार व विशिष्ट अतिथि टाटीसिलवे थाना प्रभारी महेन्द्र करमाली द्वारा केक काटर उद्धाटन किया। मौके पर शाखा के संचालक सह सचिव डॉ मधुसुदन पांडेय ने कहा उक्त सेंटर में एक्यूप्रेसर के माध्यम से शुगर, बीपी, थायराइड, किडनी, लीवर सहित अन्य विभिन्न प्रकार के बीमारियों का इलाज एक्यूप्रेशर के माध्यम से इलाज किया जाता है। इस पद्धति के द्वारा कई जटील रोगियों का इलाज कराने के बाद ठीक हो चुके हैं। डॉ पाण्डेय ने कहा कि एक्यूप्रेशर के माध्यम से शुगर, बीपी व अन्य बीमारी का इलाज संभव हो सकता है। उन्होंने बताया कि शुगर व बीपी बीमारी में अल्कलाइन वाटर का प्रयोग करने से काफी लाभ पहुंचता है। अल्कलाइन वॉटर बनाने के तरीके इस प्रकार से 200 एमएल पानी, दो कली लहसुन, दो छोटे टुकड़े अदरक व चार बूंद नींबू रस को डालकर रात्रि के समय डालकर छोड़ दें। उसे सुबह उठकर पीने से मरीज को सीधा लाभ होगा। एक्यूप्रेसर चिकित्सा में डॉ बलराम महतो, डॉ नरेश महतो, डॉ रूपमनी डॉ सरस्वती, डॉ प्रिति, डॉ संदीप कुमार पांडेय, डॉ दीपक कुमार, डॉक्टर महेश प्रजापतिसहित कई अनुभवी चिकित्सक की मौजूदगी में इलाज किया जाएगा। शिविर में निःशुल्क जांच कर शुगर व बीपी रोकथाम के लिए एक्यूप्रेशर के पद्धित के माध्यम से इलाज कर लोगों को जागरूक किया जाएगा। इसके साथ ही एक्यूप्रेशर के माध्यम से कई जटील से जटील बीमार इलाज के साथ उपयोगों की जानकारी दी जाएगी।




## शिक्षक पढ़ाएं कैसे, हिंदी नहीं समझते विद्यार्थी

# मुंडारी भाषा में होता है अनुवाद

**नवीन मेल संवाददाता। खूंटी**

खूंटी। झारखंड के मुंडा आदिवासी बहुल क्षेत्र के सरकारी स्कूलों में संवाद की भाषा एक बड़ी चुनौती साबित हो रही है। भाषा की समस्या की वजह से यहां के आदिवासी बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। इसकी वजह सरकारी स्कूलों में स्थानीय भाषा मुंडारी (मुंडा व अन्य अनुसूचित जनजातियों की भाषा) जानने वाले शिक्षकों का अभाव है। यहां के स्कूलों में तैनात ज्यादातर शिक्षक बच्चों को हिंदी में पढ़ाते हैं, जिसे आदिवासी बच्चे सही से समझ नहीं पाते हैं, क्योंकि उनकी मातृभारू मुंडारी है। इसका उदाहरण है घोर नक्सल प्रभावित खूंटी जिले के तोरपा प्रखंड का राजकीकृत मध्य विद्यालय, तरगिया। यहां कुल 40 बच्चे पढ़ते हैं, जो केवल मुंडारी बोलते और समझते हैं। चूंकि शिक्षक हिंदी भाष में पढ़ाते हैं, इसके कारण शिक्षकों की बातों को विद्यार्थी समझ ही नहीं पाते। ऐसे में वहां नियुक्त रसोइया नंदी बोदरा द्विभाषिया (अनुवादक) का काम कर रही है। वह शिक्षक द्वारा पढ़ाए गए महत्वपूर्ण विषयों का मुंडारी भाषा में अनुवाद कर बच्चों को समझाती है। इस स्कूल में पहली से आठवीं कक्षा तक के बच्चों की पढ़ाई होती है। सभी बच्चे अनुसूचित जनजाति के हैं, जो केवल मुंडारी भाषा ही बोलते हैं। बहुत मुश्किल से हल्की-फुल्की हिंदी समझ पाते हैं लेकिन बोल नहीं पाते। बच्चों की इस समस्या को देखते हुए स्कूल के प्रभारी प्रधानाध्यापक मारवाड़ी साहू शिक्षा विभाग से मुंडारी भाषा के जानकार शिक्षक की पदस्थापना की मांग कर चुके हैं। प्रभारी प्रधानाध्यापक मारवाड़ी साहू ने बताया कि 2006 तक स्कूल में सामुएल पूर्ति व अर्चना कंडुलना शिक्षक थे, जो मुंडारी में अनुवाद कर बच्चों को पढ़ाते थे। वर्तमान परिस्थिति में महत्वपूर्ण पाठों को समझाने के लिए रसोइया की मदद लेनी पड़ती है।



## आंधी-तूफान से उड़ा बुजुर्ग दंपति का घर का छप्पर, परेशानी बढ़ी

**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड के डोरंडा पंचायत के करगे गांव निवासी बुजुर्ग मकरू पहान के घर का एस्बेस्टस शनिवार की शाम आयी तेज आंधी व बारिश में उड़ गया। जिससे घर में रखा खाने का सामान भी भींगकर बर्वाद हो गया। अब पीड़ित बुजुर्ग दंपति के पास न तो रहने के लिए छत है और न खाने के लिए खाना। इधर घटना की जानकारी मिलते ही पंचायत के मुखिया महावीर उरांव पहुंचे और क्षतिग्रस्त मकान व सामानों का जायजा लिया। हजारों रुपए के नुकसान को लेकर क्षतिपूर्ति के एवज में उचित मुआवजा दिए जाने को लेकर स्थानीय प्रखंड प्रशासन से मांग की है। इधर घटना की जानकारी देते हुए मकरू पहान ने बताया कि रविवार की शाम में अचानक जोरदार हवा के दौरान घर के एस्बेस्टस घर के नीचे गिरकर क्षतिग्रस्त हो गया और जिससे उन्हें हजारों रुपए का नुकसान हुआ है।

# मस्जिद जाफरिया रांची में इफ्तार पार्टी का हुआ आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मस्जिद जाफरिया रांची में पूरे एक महीना इफ्तार पार्टी का आयोजन किया जाता है। हर दिन किसी ना किसी को तरफ से इफ्तार का आयोजन किया जाता है। कसवा इंडिया फाउंडेशन द्वारा रमजान 2023 का पहला इफ्तार पार्टी का आयोजन किया। जिसमे सैंकड़ों लोग उपस्थित होकर एक साथ रोजा इफ्तार किया। रविवार को रमजान-उल-मुबारक के 10 वां रोजा के मौके पर समाजसेवी सैयद समर अली जाफरी के द्वारा इफ्तार का आयोजन किया गया। जिसमे रांची शहर के मशहूर आलिम मौलाना सैयद तहजीबुल हसन रिजवी ने सभी रोजेदारों के साथ अल्लाह तबारक व ताला के बारगाह में हाथ उठाकर मुल्क की अमनचैन, राज्य की खुशहाली के लिए दुआएं मांगी। इफ्तार पार्टी में मुस्लिम समाज के बड़े-बुजूर्ग, नौजवान ने बड़ी संख्या में शिरकत की। मगरिब की अजान सुनकर सभी रोजेदारों ने एक साथ रोजा इफ्तार किया। मौलाना तहजीबुल हसन ने बताया कि रमजान-उल-मुबारक का यह पाक व पवित्र महीना रहमतों व बरकतों से भरपूर है। जो शख्स रोजेदार को इफ्तार कराता है। अल्लाह तबारक व ताला उस शख्स को रोजेदार के बराबर सवाब अता फरमाता है। इस प्रकार का इफ्तार पार्टी का आयोजन से आपसी भाईचारा भी बढ़ता है। सैयद समर अली ने बताया कि मस्जिद जाफरिया के नमाजियों के द्वारा रमजान के पूरे महीना इफ्तार का आयोजन किया जाता है। जहां हर दिन सैंकड़ों रोजेदार इफ्तार में शामिल होते है। मौके पर मौलाना दानिश, मेंहदी इमाम, सैयद हसनैन जैदी, अता इमाम, अरमान, काविश, शाहिद, मेंहदी, अली, अमूद अब्बास, कासिम अली, फातमी समेत सैंकड़ों लोग थे।



## रामनवमी असत्य पर सत्य की विजय का संदेश : सांसद

**ठाकुरगांव।** श्री महावीर मंडल उरुगुट्टू द्वारा रामनवमी के मौके पर रविवार को उरुगुट्टू बाजारटांड़ में अस्त्र शस्त्र प्रतियोगिता सह मेला का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का उद्घाटन राज्यसभा सांसद प्रो आदित्य प्रसाद साहू ने तलवार भांजकर किया। सांसद ने कहा कि रामनवमी हमें असत्य पर सत्य की विजय का संदेश देती है। कार्यक्रम में खलारी, रामगढ़, हजारीबाग, खूंटी, लातेहार, लोहरदगा समेत रांची जिले के दर्जनों अखाड़ेधारी शामिल हुए। अखाड़ेधारियों द्वारा देर रात तक प्रदर्शन किया। सभी अखाड़ेधारियों को आयोजन समिति द्वारा सम्मानित किया गया। मेला में बतौर अतिथि विधायक समरीलाल, पूर्व सांसद रामटहल चौधरी, जिला परिषद सदस्य मनोज वाजपेयी, आजसू के कार्यकारी जिलाध्यक्ष हकीम अंसारी, कांग्रेस के सुरेश बैठा, थाना प्रभारी कृष्णा कुमार समेत अन्य अतिथि शामिल हुए। प्रतियोगिता को सफल बनाने में समिति के लाल अमन शाहदेव, राजू नायक और हरिप्रसाद महतो आदि की सराहनीय भूमिका रही।

**आयोजन** | विश्व में शांति का संदेश को लेकर अहिंसा रन आयोजित

# महिलाएं व पुरूषों ने उत्साहपूर्वक लगाई दौड़

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

अहिंसा के प्रवर्तक जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर की 2621वीं जयंती के पूर्व राजधानी रांची के ऐतिहासिक मोरहाबादी मैदान से रविवार की सुबह 5.30 बजे अहिंसा रन का आयोजन किया गया। यह आयोजन जीतो ( जैन इंटरनेशनल ट्रेड आगेर्नाइजेशन ) की महिला शाखा और जीतो यूथ के सहयोग से आयोजित किया गया। मोरहाबादी मैदान में अलग अलग रूट में 10 किलो मीटर, 5 किलो मीटर एवम 3 किलो मीटर का आयोजन हुआ। इस अहिंसा रन को मुख्य अतिथि जेएससीए के उपाध्यक्ष अजयनाथ शाहदेव, मांडर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की और इंटरनेशनल पावर लिफ्टर गोल्ड मेडलिस्ट इंद्रेजीत सिंह ने अलग अलग रन के लिए झंडी दिखाया। विजेताओं को झारखंड चैंबर के अध्यक्ष किशोर मंत्री और प्रेमसंस ग्रुप के निदेशक पुनीत पोद्दार ने पुरस्कार दिया। आयोजन को सफल बनाने में जीतो की महिला शाखा की अध्यक्ष प्रियंका पाटनी, उपाध्यक्ष सरोज पंड्या, डायरेक्टर इन चार्ज पायल सेठी, जीतो मेन के अध्यक्ष गौतम जैन, उपाध्यक्ष अनंत जैन, यूथ के अध्यक्ष देवेश जैन, उपाध्यक्ष वैभव जैन तथा अनिमेष, श्रेय, संयम, सुमील, अमन, नितेश समेत अन्य सदस्यों ने योगदान दिया। वहीं, अहिंसा रन के मुख्य संयोजक कुणाल जैन एवं खुशबू जैन, स्पोर्ट्स संयोजक सोनम जैन है। जीतो प्रवक्ता पायल गोधा ने बताया कि अहिंसा रन का उद्देश्य विश्व भर में शांति और अहिंसा तथा भगवान महावीर के संदेश जियो और जीने दो को फैलाना है। अहिंसा रन आज विश्व भर में जीतो के 65 चैप्टर्स द्वारा एक ही समय पर आयोजित हुआ। गिनेस बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड में इस आयोजन का नाम दर्ज किया गया है। पायल ने बताया कि अहिंसा रन को सहयोगी संगठनों आरजीसी, रांची क्लब, डॉक्टर्स वाइव्स एसोसिएशन, राउंड टेबल, यंग इंडिया, एफजेसीसीआई, लाइफ सेवर, टीम हेल्प, लेडीज सर्कल का भी बहुत सहयोग रहा।




## नॉलेज मैनेजमेंट जरूरीः विशाल वत्स

**रांची।** एक्सआईएसएस रांची से पढ़ाई कर इस्पात निर्माण उद्योग में काम करने वाले मानव संसाधन प्रबंधक विशाल वत्स ने बौद्धिक संपदा पर अपना विचार व्यक्त किया। उन्होंने बौद्धिक संपदा के विभिन्न प्रकारों के साथ नॉलेज मैनेजमेंट की बात कही। यंग इंडियंस के नेशनल वाइस चेयरमैन विशाल अग्रवाला ने पर्पसफूल इनोवेशन पर अपनी बात रखी और कहा कि अगर आप इनोवेटिव और क्रिएटिव है तो आज की दुनिया में पूंजी की कमी नहीं है। हर्बिनो के संस्थापक और सीईओ अंकित प्रताप सिंह ने रिइन्फोर्सिंग सस्टेनेबिलिटी पर अपनी बात रखी और बताया कि कैसे वे कृषि के क्षेत्र में सस्टेनेबिलिटी को बढ़ावा दे रहे हैं। स्वागत भाषण यंग इंडियंस जमशेदपुर चैप्टर के चेयर प्रतीक अग्रवाल ने दिया जबकि संचालन राजीव शुक्ला ने किया। धन्यवाद ज्ञापन यंग इंडियंस जमशेदपुर के को चेयर उदित अग्रवाल ने किया।

# सीयूजे में छात्रों ने मनाया 88वां उत्कल दिवस




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

सीयूजे में मनाया गया 88वां उत्कल दिवस झारखंड केंद्रीय विश्वविद्यालय में 88वां उत्कल दिवस मनाया गया। इस कार्यक्रम में छात्रों ने रथ यात्रा, अलग-अलग प्रकार के नृत्य, महान राजा महोत्सव, कुमार पूर्णिमा, मनबासा गुरुबारा ओशा और नुआखाई लोकप्रिय सांस्कृतिक कार्यक्रम का प्रस्तुत किया। इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के लगभग 300 छात्र शामिल हुए। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो। क्षिति भूषण दास ने थे। उन्होंने कहा कि उत्कल देश का पहला ऐसा राज्य था, जिसे अप्रैल 1936 को अपनी सुंदर भाषा ओड़िया के आधार पर स्वतंत्र घोषित किया गया था। कहा कि ओडिशा राज्य अपनी समृद्ध विरासत, कला, संस्कृति, संगीत, शास्त्रीय नृत्य आदि के लिए जाना जाता है। कार्यक्रम में डॉ. जय नारायण नायक, ओएसडी, प्रो. रतन कुमार डे, प्रो. तपन कुमार बसंतिया, प्रो. कुंज बिहारी पांडा, डॉ. संहिता सुचरिता, डॉ. प्रदीप कुमार परीदा और डा. राजश्री पाधी मुख्य रुप से शामिल रहीं।

# श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे का प्रसाद वितरित हुआ

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रविवार को 80 वें निःशुल्क श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे का संचालन संस्था के सदस्य एवम गुरु महाराज के परम भक्तिभावी शिष्य संजय अग्रवाल और उनके परिवार के सौजन्य से किया गया। वामन द्वादशी एव गुरू महाराज के जनसेवा को समर्पित जीवन के स्वर्णिम 51 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में रांची शहर के पुंदाग स्थित संस्था के निमार्णाधीन श्री कृष्ण प्रणामी (राधा-कृष्ण)मंदिर के प्रांगण में संस्था के अध्यक्ष डुंगरमल अग्रवाल एवं निर्मल जालान की देखरेख में संस्था के वरिष्ठ सदस्य पुरणमल सर्राफ, चिरंजीलाल खणडेलवाल, चन्दा देवी अग्रवाल एवं संतोष देवी अग्रवाल के द्वारा वहां के जरूरतमंद एवं अभावग्रस्त ग्रामीणों मंदिर के आस पास के रहने वाले श्रद्धालुओ, जरुरतमंद परिवार के सदस्यों मंदिर के सामने के गुजरने वाले राहगीरों एवं बच्चों के बीच भंडारे का विधिवत उद्घाटन कर वितरण शुरू किया गया। आज संस्था के सदस्यों ने श्री राज श्यामा जी (राधा-कृष्ण) भगवान एवं गुरू महाराज की फोटो पर चंदन वंदन कर अन्नपूर्णा भंडारे का प्रसाद अर्पित कर वहा उपस्थित महिलाओं और पुरूष श्रद्धालुओं को चंदन का तिलक करने भजन संकीर्तन कर आज के 80 वें श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे का वितरण शुरू किया गया। आज के भंडारे मे संस्था ने भोजन के प्रसाद मे विभिन्न प्रकार के लजीज व्यंजनो का वितरण किया। आज के अन्नपूर्णा भोजन सेवा का आयोजन श्री कृष्ण प्रणामी संस्था के संजय कुमार अग्रवाल के जन्मदिवस पर उनके परिवार के सदस्यों के सौजन्य से की गई।




आज के अन्नपूर्णा भोजन प्रसाद भंडारे की सेवा के महान कार्य में विशेष रूप संस्था के अध्यक्ष डुंगरमल अग्रवाल उपाध्यक्ष निर्मल जालान, राजेन्द्र प्रसाद अग्रवाल सचिव मनोज कुमार चौधरी, पुर्णमल सर्राफ,ओम प्रकाश सरावगी, नन्द किशोर चौधरी, ज्ञान प्रकाश शर्मा, चन्द्रदिप साहु, धीरज कुमार गुप्ता,परमेश्वर साहु महिला समिति की वरिष्ठ सदस्या चन्दा देवी अग्रवाल,संतोष देवी अग्रवाल एव इनके अलावा संस्था के और भी बहुत से सदस्य उपस्थित थे। यह सभी जनकारी संस्था के उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल (राजु अग्रवाल) ने दी।

## तीन दिनों से लापता युवक का प्लास्टिक से लिपटा शव बरामद

**रांची।** तीन दिनों से लापता युवक का प्लास्टिक से लिपटा शव बरामद हुआ है। युवक का शव जिले के कांके थाना क्षेत्र के नीरजा सहाय स्कूल के पास स्थित एक खेत से रविवार को बरामद हुआ है। युवक की पहचान कांके के सेमर टोली निवासी अरविंद उरांव (33वर्ष) पिता प्रेम उरांव के रूप में हुई है। शव मिलने की सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। साथ ही पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। प्रेम उरांव बीते 30 मार्च की रात्रि से लापता था। जिसके बाद वह घर नहीं लौटा। परिजनों ने उसकी काफी खोजबीन की लेकिन उसका कुछ पता नहीं चल पाया। इसी दौरान रविवार को उसका शव बरामद हुआ। बताया जा रहा है कि उसकी हत्या कहीं और करके आरोपियों ने शव को प्लास्टिक और कंबल में लपेट कर फेंक दिया। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

# ऑटिज्म से ग्रसित बच्चों के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची। शनिवार को सुबह 10:30 बजे से झारखण्ड पैरेंट्स एसोसिएशन द्वारा संचालित विशेष विद्यालय व व्यवसाय प्रशिक्षण केंद्र में विश्व ऑटिज्म अवेयरनेस डे के शुभ अवसर पर कोशिश अरगोड़ा हाउसिंग कॉलोनी में ऑटिज्म से ग्रसित बच्चों के लिए एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की शुरूआत रांची की कोशिश की संस्थापिका दीपा चौधरी, सीडीपीओ, परिवर्तन सोसायटी, झारखंड नोडल एजेंसी ऑफ सार्थक एजुकेशनल ट्रस्ट एवं एन एन ए आई से सचिव श्रेया तिवारी एवं कोषाध्यक्ष डॉक्टर पूजा सिन्हा एवं कोशिश टीम के द्वारा ब्लू बैलून से बना रीबन जो ऑटिज्म का प्रतीक है को काटकर किया गया उसके पश्चात सभी बच्चों के साथ साथ अतिथि लोग भी बच्चों के साथ पैदल मार्च करते हुवे अरगोड़ा मैदान के चारो ओर मार्च करके अरगोड़ा मैदान में जा कर ऑटिज्म अवेयरनेस डे सेलिब्रेट किया गया इस मोके पर सभी बच्चें के साथ साथ अभिभावक भी ब्लू ब्लू ड्रेस में आये थे ओर सभी बच्चें मैदान में खूब आनंद लिए ओर समाज के लोगो को अवेयरनेस का काम किये की हमलोग भी अन्य बच्चों की तरह है हम भी समाज को योगदान दे सकते है, हम भी खेल, पढ़,लिख, रोजगार कर सकते है। साथ मुझे भी अधिकार अन्य लोगो की तरह है । इस बीच राँची सीडीपीओ संजूकता मैडम ने बच्चों को सम्बोधित करते हुवे बच्चों को जीवन शैली पर बताई साथ में सार्थक संस्था के श्रेया तिवारी ओर पूजा सिन्हा मैडम के द्वारा बच्चों को हर समय मदद करने को तैयार रहेगी ओर बच्चों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए हर समय सहयोग / प्रयास करेंगे । इस कार्यक्रम के अंत में सार्थक के श्रेया तिवारी एवं पूजा सिंहा के सहयोग से भी बच्चों एवं अभिभावकों को नास्ता का पैकेट वितरण किया गया । जागरूकता कार्यक्रम में स्कूल के सभी बच्चे दीपतेश, कृष्णानु, मानी सिद्धार्थ, अनुभव,अंशु, आरव, सनवी, मंजूशा, अर्णव, सुबोजीत, प्रिया, स्वेता, अतुलया, तन्मय, राज, साकेत, स्तुति, नितिन, आग्रत, कृति, पुष्पराज आदि बच्चों के साथ अभिभावक इंदरानी सहाय, दीपा चौधरी, स्मिता बोस, अनीता कुमारी आदि के साथ कोशिश के सभी शिक्षक - शिक्षिका मौजूद थे।




### स्वास्थ्य मंत्री ने भगवान महावीर आई हॉस्पिटल का किया उद्घाटन

# गरीबों का मुफ्त में होगा आंखों का इलाज

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

बरियातू रोड स्थित महावीर भवन में रविवार को राज्य के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने दीप प्रज्जवलित कर भगवान महावीर आई हॉस्पिटल का उद्घाटन किया। कार्यक्रम में मेडिका ग्रुप के एमडी उदयन लहरी, रांची के सांसद संजय सेठ, राज्यसभा सांसद महुआ माजी, रांची के विधायक सीपी सिंह, कांके के विधायक समरी लाल सहित अन्य गणमान्य मौजूद रहे। उद्घाटन भाषण देते हुए भगवान महावीर हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर के अध्यक्ष पूरनमल जैन सेठी ने कहा कि झारखंड में इलाज के अभाव में लोग अंधेपन का शिकार हो जाते हैं। इस समस्या से निजात दिलाने के लिए जैन समाज ने आंख के निःशुल्क इलाज एवं ऑपरेशन की योजना को मूर्त रूप दिया है। यहां गरीब मरीजों का मुफ्त इलाज, ऑपरेशन, दवाई, भोजन एवं ठहरने की व्यवस्था की गई है। उन्होंने कहा कि संस्था 18 साल से निःशुल्क आई कैंप एवं मोतियाबिंद का ऑपरेशन करा रही है। संस्था मेडिका में गरीब मरीजों के इलाज में सहयोग के लिए अपने सदस्यों एवं दानदाताओं को प्रत्येक वर्ष 65 लाख रुपए का कूपन निर्गत करती है। मेडिका में गरीब मरीजों को डायलिसिस के बिल में पचास प्रतिशत आर्थिक सहयोग करती है। उन्होंने कहा कि सेवा सदन में भर्ती गरीब प्रसूति महिला के इलाज में हुए खर्च पर प्रति वर्ष छह लाख रुपए का अनुदान देती है। मुख्य अतिथि स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि भगवान महावीर ने सत्य और अहिंसा के मार्ग को प्रशस्त किया है। भगवान महावीर के नाम पर बनाए गए इस आई हॉस्पिटल में लोग निःशुल्क इलाज का लाभ उठा सकेंगे। सांसद संजय सेठ ने कहा कि नर सेवा ही नारायण सेवा है और जैन समुदाय ने नर सेवा में कोई कमी नहीं की है। उन्होंने उम्मीद जताई कि आई हॉस्पिटल में बिना किसी परेशानी के लोग अपना इलाज करा सकेंगे। उन्होंने संस्था से कांके कैंसर हॉस्पिटल के समीप भी मरीज के परिजनों के ठहरने के लिए गेस्ट हाउस बनाने का आग्रह किया। राज्यसभा सांसद महुआ माजी ने कहा कि आज प्राइवेट हॉस्पिटल में लोगों का इलाज कराना असंभव हो गया है। ऐसे में भगवान महावीर आई हॉस्पिटल लोगों का निःशुल्क इलाज कर रहा है जो सराहनीय है। रांची के विधायक सीपी सिंह ने कहा कि जब मेडिका का निर्माण हो रहा था, तो ऐसा सपना था कि अपने शहर में भगवान महावीर के नाम पर एक ऐसा हॉस्पिटल होगा जहां लोग अपना इलाज करा सकेंगे। उन्होंने संस्था के लोगों से आग्रह किया कि अभी जो भगवान महावीर आई हॉस्पिटल है कहीं वो बाद में भगवान महावीर मेडिका आई हॉस्पिटल न हो जाए, इसका ध्यान रखें। कांके विधायक समरी लाल ने खुशी जताते हुए कहा कि मेरे विधानसभा में भगवान महावीर के नाम पर गरीबों के लिए निःशुल्क आई हॉस्पिटल एक नया अध्याय जुड़ गया है।



**राज्यवासियों को मिली मुफ्त आई हॉस्पिटल की सौगात**

**आज प्राइवेट हॉस्पिटल में लोगों का इलाज कराना असंभव हो गया है**

# मूल्य वृद्धि के खिलाफ 5 अप्रैल को बंद कराया जाएगा

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड प्रदेश युवा कांग्रेस की ओर से प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में एक प्रेस वार्ता आयोजित की गयी। झारखंड यूथ कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अभिजीत राजे ने प्रेस को संबोधित करते हुए कहा कि आगामी 5 अप्रैल को झारखंड के सभी टोल प्लाजा को मूल्य वृद्धि के खिलाफ बंद कराया जाएगा साथ ही प्रदेश यूथ कांग्रेस की ओर से त्राहिमाम संदेश के तहत झारखंड से लगभग एक लाख पोस्टकार्ड भेजकर सवाल पूछने का कार्यक्रम भी कांग्रेस की ओर से रखा गया है। पोस्टकार्ड अभियान के तहत देश के प्रधानमंत्री से 3 सवाल पूछे जाएंगे और यह पोस्ट कार्ड अभियान झारखंड के पूरे टोला मुहल्ले आदि में यूथ कांग्रेस के कार्यकर्ता जाकर जन-जन से देश के प्रधानमंत्री के लिए सवाल एकत्रित करेंगे। झारखंड यूथ कांग्रेस की तरफ से प्रदेश कार्यालय से अल्बर्ट एक्का चौक तक रविवार को मशाल शांति मार्च निकाला गया। इस मार्च का मुख्य मकसद देश में चल रहे अडानी और मोदी के रिश्तो को लेकर सवाल पूछने का था। मशाल शांति मार्च में झारखंड के कॉंग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर सहित यूथ कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अभिजीत राज और पार्टी के कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

**झारखंड से लगभग एक लाख पोस्टकार्ड भेजकर सवाल पूछने का कार्यक्रम भी कांग्रेस की ओर से रखा गया है**

### एनटीपीसी ने अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन

# 22 संयंत्रों को कोयला आपूर्ति की

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

एनटीपीसी के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक गुरदीप सिंह ने एनटीपीसी के कोयला खनन प्रभाग का नेतृत्व करते हुए इस वित्तीय वर्ष में 14.02 मिलियन टन की तुलना में 23.20 मिलियन टन के कोयला उत्पादन के साथ 65 प्रतिशत की अभूतपूर्व वर्ष-दर-वर्ष वृद्धि प्रदर्शित की है। पिछले वित्त वर्ष में चार परिचालन कोयला खदानें यानी पकरी-बरवाडीह (झारखंड), चट्टी बरियातू (झारखंड), दुलंगा (ओडिशा) और तलाईपल्ली (छत्तीसगढ़) ने स्थापना के बाद से इस उच्चतम वार्षिक कोयला उत्पादन को पूरा करने में योगदान दिया है। अभी तक कैप्टिव खदानों ने एनटीपीसी के 22 से अधिक बिजली संयंत्रों को 68.28 मिलियन टन कोयले की आपूर्ति की है। इस कोयले के उत्पादन के साथ-साथ एनटीपीसी ने पिछले वित्त वर्ष में 31.9 मिलियन क्यूबिक मीटर ओवरबर्डन हटाने की तुलना में 129 प्रतिशत की वर्ष-दर-वर्ष वृद्धि के साथ 73.0 मिलियन क्यूबिक मीटर का अब तक का सर्वाधिक वार्षिक ओवरबर्डन हटाने का लक्ष्य भी हासिल किया है। एनटीपीसी के सीएमडी ने इस उपलब्धि को हासिल करने के लिए पूरी कोयला खनन टीम को बधाई दी और अगले वित्तीय वर्ष के लिए 31 मिलियन टन के लक्ष्य को प्राप्त करने पर विश्वास व्यक्त किया। निदेशक (संचालन) रमेश बाबू वी और सभी खानों के नामित मालिक, एनटीपीसी ने उत्पादन मानदंड स्थापित करने के लिए कोयला खनन प्रभाग की सराहना की। वित्त वर्ष 22-23 में, देश ने गर्मी की लहरों और तेजी से आर्थिक सुधार के कारण बिजली की मांग में निरंतर वृद्धि देखी। इस ऊर्जा संकट के बीच एनटीपीसी कोयला खनन ने कोयला उत्पादन बढ़ाने और एनटीपीसी के बिजली संयंत्रों को लगातार गुणवत्तापूर्ण ईंधन आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए उत्कृष्ट प्रयास किए। एनटीपीसी के क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक (कोयला खनन) पार्थ मजूमदार ने विद्युत मंत्रालय का आभार व्यक्त किया।



### राज्यपाल ने प्रो इ बालागुरुस्वामी को बनाया एकेडमिक एडवाइजर

रांची। झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने यूपीएससी के पूर्व सदस्य और अन्ना विश्वविद्यालय विवि चेन्नई के कुलपति प्रो (डॉ) इ बालागुरुस्वामी को अपना एकेडमिक एडवाइजर (शैक्षणिक सलाहकार) नियुक्त किया है। प्रो बालागुरुस्वामी झारखंड में विश्वविद्यालय के कामकाज में सुधार के तरीके व संसाधन के बारे में राज्यपाल को सलाह देंगे। इसके अलावा वे एक विशेषज्ञ के तौर पर राज्य में उच्च शिक्षा के सुधार व विद्यार्थियों को पढ़ाये जा रहे पाठ्यक्रम के संबंध में राज्यपाल को सुझाव भी देंगे। वे राज्यपाल को उच्च शिक्षा के किसी विशिष्ट मुद्दे पर भी सुझाव दे सकेंगे। प्रो बालागुरुस्वामी सरकार के आइटी एडवाइजर के साथ-साथ प्लानिंग कमीशन तमिलनाडु के सदस्य रह चुके हैं। वर्तमान में वह इबीसी फाउंडेशन कोयंबटूर के चेयरमैन भी हैं। इन्हें एक स्टेट गेस्ट की तरह सभी सुविधाएं प्राप्त होंगी। इनका कार्यालय राजभवन में भी होगा।

### कराटे शिविर में बच्चों ने सिखी एडवांस कूमिते की तकनीक

# अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी काजल कुजूर को किया गया सम्मानित

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

'टरनेशनल मार्शल आर्ट एकेडमी (इमा) के तत्वधान में एक दिवसीय एडवांस कूमिते कराटे प्रशिक्षण शिविर सह कराटे ग्रेडिंग का आयोजन डॉक्टर कामिल बुल्के पथ स्थित इमा मुख्य प्रशिक्षक केंद्र संत जोसेफ क्लब में किया गया।जिसमें राज्य के विभिन्न स्कूलों एवं क्लबों के लगभग 150 खिलाड़ियों ने भाग लिया। इंटरनेशनल मार्शल आर्ट एकेडमी (इमा) के तकनीकी निदेशक रेंसी सुनील किस्पोट्टा ने सभी खिलाड़ियों को एडवांस कूमिते का प्रशिक्षण दिया जिसमें फाइट के दौरान स्कोर करने के तरीके खिलाएंगे।साथ ही फाइट को जीतने के अन्य तकनीकों से खिलाड़ियों को अवगत कराया गया। ब्लैक बेल्ट खिलाड़ियों को काता का प्रशिक्षण भी दिया गया। रेंसी सुनील किस्पोट्टा ने कहा कि आगामी आयोजित होने वाले राष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता के मद्देनजर खिलाड़ियों के लिए यह प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया है खिलाड़ियों के तकनीकों को एडवांस करना इस शिविर का मुख्य उद्देश्य है जिससे उनका प्रशिक्षण थोड़ा और अच्छा हो सके। प्रशिक्षण शिविर के दौरान खिलाड़ियों का ग्रेडिंग टेस्ट भी हुआ जिसमें व्हाइट बेल्ट से लेकर ब्लैक बेल्ट तक के खिलाड़ियों ने भाग लिया। प्रशिक्षण शिविर के दौरान पिछले दिनों मलेशिया में देश का प्रतिनिधित्व करने वाली राज्य की खिलाड़ी काजल कुजुर को इमा के तकनीकी निदेशक रेंसी सुनील किस्पोट्टा ने पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया। रेंसी सुनील किस्पोट्टा ने कहा कि मलेशिया में काजल कुजूर ने अपना उम्दा प्रदर्शन कर अपना आठवां रैंक हासिल किया। किसी भी प्रतियोगिता में भागीदारी महत्व रखती है। जीत हार तो खेल का एक भाग है।



### जिला कांग्रेस कमेटी की घोषणा, सात उपाध्यक्ष बनाए गए

**रांची।** खूंटी जिला कांग्रेस कमेटी की रविवार को जिलाध्यक्ष रवि मिश्रा की अध्यक्षता में हुई बैठक में खूंटी जिला कांग्रेस की विस्तारित कमेटी की घोषणा की गई। कांग्रेस की विस्तरित कमेटी इस प्रकार है। अध्यक्ष रवि मिश्रा, उपाध्यक्ष पांडेया मुंडा, सुशील सांगा, तैयब अंसारी, रोयल बाखला, तीव्रनाथ सिंह मुंडा, नरेश तिर्की और सलोमी कंडीर, महासचिव रविकांत मिश्रा, सयूम अंसारी, विल्सन तोपनो, विपिन लुगुन, शशिकांत होरो, विनोद भगत, गोपाल भगत, सोहन सिंह मुंडा, जयसिंह नाग, बलवीर प्रसाद, सामदोम तोपनो, मीनाक्षी सिंह तोपनो और फिरोज आलम बनाए गए हैं। कमेटी में जमील अख्तर, पुरूषोत्तम राम गौंझू, सुनीता गोप, अरविंद कुमार मिश्रा, विजय मिश्रा, तिलू कुमार गुप्ता, परवेज आलम, मोहन महतो, सुलेमान मुंडरी, अनिल सूरीन, जुनैद अहमद, पॉल भेंगरा, रानी उरांव, अनमोल होरो, सहेंद्र महतो, अकरम हुसैन, संजय सेठ और मेघनाथ सेठ को सचिव बनाया गया है।

**समारोह** धान उत्पादन तकनीक सह वितरण समारोह का समापन

# एरोबिक विधि से धान की सीधी बुवाई करें

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

बीएयू के निदेशालय अनुसंधान अधीन संचालित अखिल भारतीय समन्वित चावल सुधार अनुसंधान परियोजना के जनजातीय उपपरियोजना के तहत एकदिवसीय प्रशिक्षण-सह- उपादान वितरण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि निदेशक अनुसंधान डॉ. पीके सिंह ने की। संबोधन में डॉ. सिंह ने कहा कि खरीफ 2021 में राज्य में धान का बंपर उत्पादन हुआ, जबकि मौसम के बेरुखी की वजह से खरीफ 2022 में धान के रकबा में 9.32 लाख हेक्टेयर क्षेत्रफल की कमी तथा करीब 35 लाख टन कम धान का उत्पादन हुआ। झारखंड राज्य की धान सबसे प्रमुख फसल है। ऐसी स्थिति में राज्य में मौसम परिवर्त्तन को देखते हुए किसानों को सीमित स्तर पर एरोबिक विधि से धान की सीधी बुवाई तकनीक को अपनाने की जरुरत है। इससे विषम मौसम में भी किसानों को नुकसान नहीं होगा। उन्होंने कहा कि किसानों के खेतों में बीएयू द्वारा विकसित सुगंधित किस्म बिरसा विकास धान -1 का बढ़िया प्रदर्शन देखने को मिला है। इस किस्म की खेती और इसके चावल दाने को बेचकर किसान दुगुनी से अधिक कमाई कर सकते है। मौके पर डॉ. सिंह ने सभी किसानों को चावल सुधार परियोजना के अधीन बैटरी चालित स्प्रे मशीन उपादान स्वरूप प्रदान किया। प्रशिक्षण के दौरान परियोजना प्रभारी (चावल सुधार) डॉ. कृष्णा प्रसाद ने झारखंड में धान उत्पादन से सबंधित नई तकनीकी, डॉ. एखलाख अहमद ने धान उत्पादन की बढ़ोतरी में फसल प्रजाति की भूमिका, डॉ. वर्षा रानी ने सुखाड़ में धान फसल का प्रबंधन, डॉ. पीबी साहा ने धान उत्पादन में माइक्रोन्यूट्रीएंट का महत्त्व, डॉ. रबिन्द्र प्रसाद ने धान फसल में कीट व्याधि का प्रबंधन एवं डॉ. एमके बर्नवाल ने धान फसल में प्रमुख रोगों का प्रबंधन के बारे में बताया। परियोजना प्रभारी (चावल सुधार) डॉ. कृष्णा प्रसाद ने बताया कि इस कार्यक्रम में गुमला जिले सिसई के प्रखंड, खूंटी जिले के अड़की प्रखंड एवं रांची जिले के माडर, इटकी, कांके एवं सोनाहातू प्रखंड के कुल बारह गांवों से कुल 50 किसानों ने भाग लिया। इन किसानों से खरीफ-2022 में बिरसा विकास धान-1 किस्म पर कराये गये अग्रिम पंक्ति प्रत्यक्षण के प्रदर्शन एवं अनुभवों को साझा किया गया। ंधित धान किस्म को किसानों द्वारा काफी पसंद किया जा रहा है।




**मौसम के बेरुखी की वजह से खरीफ 2022 में धान के रकबा में 9.32 लाख हेक्टेयर क्षेत्रफल की कमी आई है**

### जिले विभिन्न चर्च में मनाया गया खजूर रविवार

**रांची।** खूंटी जिले के कर्रा, तोरपा, डोड़मा, सर्वदा, बिरबांकी, खूंटी, मुरहू, रुमुतकेल, कचाबारी, बिचना, फूदी, मारंगहादा, रनियां, गोविंदपुर, पीडुल, तपकरा, ताम्बा, कोचांग, बुर्जु मरचा समेत विभिन्न इलाकों में रविवार को खजूर रविवार मनाया गया।

गुड फ्राइडे के पूर्व ईसाई धर्मावलंबी खजूर रविवार का त्योहार मानते हैं। खजूर रविवार का त्योहार येरूसलेम में येसु के प्रवेश की याद दिलाता है। येसु गधे में सवार होकर येरूसलेम शहर की परिक्रमा करते है। लोग उन्हें राजा मानते हैं और वहां की परंपरा के मुताबिक जैतून और खजूर की डालियों से गरीब लोग उनका स्वागत करते हैं जबकि धनी लोग येसु का स्वागत सड़क पर कपड़े बिछाकर करते हैं। सभी येसु अर्थात ईसा मसीह की जयजयकार करते हैं और कहते हैं- दाऊद के पुत्र की जय, होसन्ना। पूरे येरूसलेम में ईसा मसीह को राजा की तरह मान-सम्मान दिया जाता है।

# डीजीपी छह अप्रैल को करेंगे लंबित कांडों की समीक्षा



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) अजय कुमार सिंह छह अप्रैल को जिलों के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक और पुलिस अधीक्षक के साथ लंबित कांडों की समीक्षा करेंगे। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से डीजीपी छह अप्रैल को दिन के 12 बजे से समीक्षा बैठक करेंगे। झारखंड हाई कोर्ट के आदेश पर लंबे समय से लंबित कांडों को झारखंड पुलिस निपटाने में लगी है। इसके लिए एडीजी अभियान संजय आनंदराव लाटकर की अध्यक्षता में उच्च स्तरीय समिति गठित की गई है। एडीजी ने सीआईडी के साइबर अपराध एसपी को निर्देश दिया है कि रांची में आईटी एक्ट से संबंधित सर्वाधिक मामले लंबित हैं। अधिकतर मामलों में सीडीआर तक नहीं निकला है। इसलिए सीआईडी के एसपी साइबर अपराध इस मामले की समीक्षा अपने स्तर से करेंगे।

## NEWS इन ब्रीफ

### सिल्ली प्रखंड के अध्यक्ष और सचिव हुए मनोनीत

**सिल्ली।** सिल्ली प्रखंड अंतर्गत खतियानी झारखंड पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष अमित कुमार महतो पूर्व विधायक सिल्ली के द्वारा सिल्ली प्रखंड कमेटी का गठन किया गया जिसमें अध्यक्ष अंबुज रजक सिल्ली और प्रखंड सचिव संतोष महली को मनोनीत किया गया। निर्देश दिया गया कि अध्यक्ष और सचिव आपस में तालमेल कर कमेटी का पूर्ण विस्तार करेंगे। इनके मनोनीत होने पर सिल्ली प्रखंड के सभी खतियानी झारखंड पार्टी के कार्यकताओं ने बधाई और शुभकामनाएं दी। इसकी जानकारी शेख अशरफ अली ने दी।

### सामुदायिक भवन का मरम्मत्ति कार्य का हुआ शिलान्यास

**बुढ़मू ।** रविवार को बुढ़मू प्रखंड के ओझासाड़म पंचायत के गम्हरिया गांव में सामुदायिक भवन का मरम्मत्ति कार्य एवं चारदीवारी निर्माण कार्य का शिलान्यास प्रखंड के जनप्रतिनिधियों ने विधिवत नियम पूर्वक शिलान्यास किया। इस दौरान सामुदायिक भवन का मरम्मत अधिकारी व चार दीवारी निर्माण शिलान्यास मुख्य अतिथी बुढ़मू प्रखंड के पश्चिमी क्षेत्र के जिला परिषद सदस्य रामजीत गंझू एवं बुढ़मू के उपप्रमुख हरदेव साहू आदि अतिथियों ने विधिवत नियम पूर्वक किया। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने अपने संबोधन में कहा कि सामुदायिक भवन व चार दीवारी बनने से यहां के ग्रामीणों को लाभ होगा। शिलान्यास के मौके पर कई ग्रामीण उपस्थित थे।

### भाजपा लोकतंत्र को करना चाहती है समाप्त : विधायक

**कोलेबिरा।** कोलेबिरा विधायक नमन विक्सल कोंगाड़ी बोंगराम तथा लचरागढ नारोडेगा मे जनसभा को सम्बोधित किया।उन्होंने कहा मौजूदा भाजपा की केंद्र सरकार लोकतंत्र को समाप्त करना चाहती है। विपक्ष की आवाज दबाने का कार्य कर रही है लोगों और विपक्षी दलों के लोगों का संवैधानिक अधिकार को समाप्त करना चाहती है। जबकि एक राष्ट्र या देश के हित के लिए मजबूत लोकतंत्र की आवश्यकता है। जनता के बुलावे पर विधायक दोनों जगहों पर पहुंचे।

### वन अधिकार कानून के तहत ग्रामीणों के साथ हुई बैठक

**सिमडेगा।** सदर प्रखंड के गरजा पंचायत अंतर्गत जामादोहर राजस्व ग्राम में वनाधिकार कानून 2006 के तहत झारखंड जंगल बचाओ आंदोलन जनसंगठन के बैनर तले वनपालन समिति की बैठक सैहुन केरकेट्टा की अध्यक्षता में किया गया।इस बैठक में झारखंड जंगल बचाओ आंदोलन जनसंगठन एवं ग्राम सभा मंच के मीडिया प्रभारी खुशीराम कुमार को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया।

### नवीन तकनीकों का प्रयोग शिक्षण कौशल में निखार लाता है

**लोहरदगा।** शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर लोहरदगा के सभागार में आचार्य कार्यशाला के तीसरे और अंतिम दिन के वंदना सत्र में शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर लोहरदगा, सुंदरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर एवं मनोहर लाल अग्रवाल प्लस टू विद्यालय के सभी आचार्य आचार्या उपस्थित हुए। आगत अतिथियों द्वारा सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलन एवं पुष्पार्चन से कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। बतौर मुख्य अतिथि विद्या विकास समिति झारखंड के प्रदेश सचिव अजय कुमार तिवारी ने नवीन शैक्षणिक तकनीक का प्रयोग एवं राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर अपना संबोधन देते हुए कहा कि-₹नवीन तकनीकों का प्रयोग शिक्षण कौशल में निखार लाता है।

### प्रवीण सिन्हा का ईडी ने लिया बयान, कहा-नहीं जानता संजय तिवारी को

# फजीवाड़ा कर जमानत लेने का मामला



**फर्जी तरीके से जमानत लेने के मामले में ईडी देगी हलफनामा**

**संजय ने सुप्रीम कोर्ट में बताया था कि वह शिवम अपार्टमेंट के फ्लैट का सौदा 70 लाख रुपये में किया है**

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मिड डे मील खाते से फर्जी निकासी कर मनी लाउंड्रिंग के आरोपी संजय कुमार तिवारी ने सुप्रीम कोर्ट से अंतरिम जमानत के लिए फर्जी जानकारी दी थी। सुप्रीम कोर्ट में पैसे जमा करने की शर्त पर जमानत पर निकलने के लिए जिस फ्लैट का हवाला संजय कुमार तिवारी ने दिया था, उसके मालिक से ईडी ने पूछताछ की है। ईडी को फ्लैट के असली मालिक प्रवीण सिन्हा ने ईडी को दिए बयान में बताया है कि वह किसी संजय कुमार तिवारी को नहीं जानते। ना ही उन्होंने अपने फ्लैट का सौदा ही किया है। संजय कुमार तिवारी ने सुप्रीम कोर्ट में बताया था कि वह कडरू के शिवम अपार्टमेंट के फ्लैट का सौदा 70 लाख रुपये में किया है, साथ ही असम के चायबगान को 16 करोड़ में बेचकर वह मिड डे मील का 16.48 करोड़ रुपये चुका देंगे। लेकिन दोनों ही संपत्ति दूसरे की निकली। ईडी ने जांच में पाया है कि जिस फ्लैट को बेचकर पैसे जमा करने की जानकारी सुप्रीम कोर्ट में संजय तिवारी ने दी थी, वह फ्लैट 2000 में दुर्गा झा से प्रवीण सिन्हा ने खरीदा था। इसके बाद इस फ्लैट की बिक्री उन्होंने किसी से नहीं की, जबकि संजय तिवारी ने सुप्रीम कोर्ट में फर्जी जानकारी देने के लिए नोटरी में इस फ्लैट को दूसरे को बेचने का एग्रीमेंट दे दिया था। ईडी अब पूरे मामले का पदार्फाश होने के बाद सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा दायर करेगी।

#### रिम्स को भी ईडी ने किया था पत्राचार

रिम्स से फर्जी कोविड सर्टिफिकेट बनाकर रांची के पीएमएलए कोर्ट में राहत पाने की साजिश संजय तिवारी ने रची थी। इस मामले में ईडी ने रिम्स के प्रबंधन से भी पत्राचार किया था। जिसके बाद रिम्स प्रबंधन ने संजय तिवारी पर बरियातू थाना में नया केस दर्ज कराया है।

### मां रोंगो बालिका कोचिंग सेंटर का उद्घाटन



**ओरमांझी।** मां रोंगो बालिका कोचिंग सेंटर का उद्घाटन रविवार को रांची के पूर्व सांसद राम टहल चौधरी के द्वारा किया गया। कोचिंग सेंटर के उद्घाटन के अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि पूर्व सांसद रामटहल चौधरी ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि इस सेंटर के खुलने से क्षेत्र के गरीब परिवार से बिलॉन्ग करने वाले छात्राओं को पढ़ाई करने में सुविधा होगा और महिला शिक्षा को बढ़ावा मिलेगा। इह सेंटर से बालिकाएं पढ़कर उच्च शिक्षा हासिल करके समाज, देश व राज्य की विकास में एक मील का पत्थर साबित होगा। इस अवसर पर मुख्य रूप से मुख्य अतिथि पूर्व सांसद राम टहल चौधरी, मानकी राजेंद्र साही, शैलेंद्र मिश्रा, बनवारी लाल साहू, चांद बाबू मुंडा, अनिल महतो सहित गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# हरे कृष्णा मंडली ने किया कीर्तन सह भण्डारा



**नवीन मेल संवाददाता। नामकुम**

इस्कॉन कमड़े सेंटर रांची कि ओर से रविवार को नामकुम रेलवे स्टेशन स्थित एमईएस प्लांट के क्वार्टर स्थित राधा कृष्ण मंदिर में हरि नाम का हरी कीर्तन के भण्डारा का भव्य आयोजन किया गया। इस दौरान आस-आस के सैकड़ों की संख्या में हरे कृष्णा, हरी हरी हरे, कृष्णा के महामंत्र गुंज गया। श्रद्धालुओं का कहना था कि हरि के नाम से कीर्तन करने पर मन बिल्कुल शुद्ध हो जाता है। भजन-कीर्तन कार्यक्रम में मुख्य रूप से रामनिवास के नेतृत्व में भूति गोविंद दास, शैलेश, रवि रंजन,भोला, प्रेम प्रकाश, हिमाशु शेखर,कुणा देव नाथ,पूनम माताजी, रूप श्रीमाता जी मण्डली के द्वारा भजन कीर्तन किया गया। इस दौरान सैकड़ों भक्तों के बीच प्रसाद का वितरण हुआ प्रसाद वितरण किया गया।

# धूमधाम से मना गया श्री हनुमान मंडल का वार्षिकोत्सव



**नवीन मेल संवाददाताद्ध रांची**

श्री हनुमान मंडल रांची का 45 वां वार्षिकोत्सव मारवाड़ी भवन मे अत्यंत श्रद्धा एवं भक्ति पूर्ण हर्षोल्लास धूमधाम के साथ मनाया गया। श्री बालाजी का दरबार का भव्य एवं अलौकिक नयनाभिराम श्रृंगार कोलकाता से आए कुशल कारीगरों द्वारा किया गया। महोत्सव का शुभारंभ सुबह 7 बजे गणेश पूजन के साथ किया गया जिसके मुख्य यजमान नितिन अग्रवाल उनकी पत्नी गुंजन अग्रवाल पूरे विधि विधान से पूजन कर पावन अखंड ज्योत प्रज्वलित की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मारवाड़ी सहायक समिति के अध्यक्ष सह जगन्नाथपुर मंदिर न्यास समिति के उपाध्यक्ष अशोक नारसरिया द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। तत्पश्चात सुंदरकांड वाचक सुरेश बजाज के नेतृत्व में सुंदरकांड पाठ एवं भजन कीर्तन किया गया। सुंदरकांड पाठ में 301 महिलाएं परंपरागत राजस्थानी वेशभूषा मे उपस्थित हुई। एवं संगीतमय संकीर्तन पर खूब झूमी। सुंदरकांड प्रसाद का वितरण समाजसेवी दीपक पाठक सपत्नीक स्मृति पाठक के साथ किया। तदुपरांत दोपहर 1 बजे लॉटरी के द्वारा गाना भाग्यशाली भक्तों के बीच बाबा का खजाना वितरण किया गया। एवं बाबा का सवामणी एवं छप्पन भोग का भोग लगाया गया जिसमें तीन हजार से भी अधिक भक्तों ने श्री बालाजी का भोग ग्रहण किया। तत्पश्चात श्री बालाजी जी के दरबार में श्री श्याम मंडल रांची एवं श्री श्याम परिवार रांची के भक्तों ने सुमधुर भजनों की प्रस्तुति दी, शाम 4 बजे से श्रीबालाजी के दरबार में देश के ख्याति प्राप्त भजन गायक एवं गायिकाओं सुरेश पारीक (नासिक), पायल सरावगी (वाराणसी), रेखा सुरभि (कैथल), धरणीधर दधीच (बीकानेर) ने अपने समधुर भजनों से गंगा प्रवाहित कर श्री बालाजी के श्री चरणों में भजनों की लड़ी लगा दी। महोत्सव में पांच हजार से भी अधिक भक्तगण उपस्थित थे। रात्रि 10 बजे सामूहिक महा आरती एवं प्रसाद वितरण के साथ वार्षिकोत्सव संपन्न हुआ। महोत्सव में मुख्य रूप से रांची के सांसद संजय सेठ, विधायक सी.पी. सिंह, पूर्व उपमहापौर अजय नाथ शहदेव, झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन के प्रांतीय अध्यक्ष बसंत कुमार मित्तल, भागचंद पोद्दार, सुरेश चंद्र अग्रवाल, किशोर मंत्री, विक्रम खेतावत, मनोज चौधरी, किशन साबू, उपस्थित थे।

# जिला स्तरीय आरक्षण रोस्टर को रद्द कर संशोधित करने की मांग



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राज्य सरकार के द्वारा जिला स्तरीय रोस्टर में 7 जिले में ओबीसी का आरक्षण शून्य करने और अन्य जिलों में भी ओबीसी और अनुसूचित जाति का आरक्षण में भारी कटौती के विरुद्ध एक बृहद बैठक प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता के अध्यक्षता में वाईवीएन पब्लिक स्कूल धुर्वा में हुई। प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता ने कहा कि ओबीसी समुदाय व अनुसूचित जाति के साथ जिला स्तरीय आरक्षण रोस्टर में कटौती से भारी आक्रोश है। सर्वसम्मति से जिला स्तरीय आरक्षण रोस्टर को रद्द कर संशोधित करने की मांग, जाति आधारित जनगणना करने व राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग की अनुशंसा 50% आरक्षण लागू करने की मांग सरकार से करने का निर्णय हुआ। जिसे अमलीजामा पहनाने के लिए 5 चरणों में आंदोलन कर झारखंड बंद करने का निर्णय लिया गया है। आंदोलन की तिथि जल्द ही घोषित की जाएगी। पहला चरण में राज्य के प्रत्येक प्रखंड, जिले में मुख्यमंत्री के नाम प्रखंड विकास पदाधिकारी जिला अधिकारी के माध्यम से मांग पत्र सौपना, *दूसरे चरण में विधायकों/ सांसदों के घेराव कर हिसाब दो जवाब दो के तहत उन पर दबाव बनाई जाएगी। तृतीय चरण में सभी ब्लॉक और जिले में समाजिक अधिकार न्याय मार्च निकाली जाएगी। चौथे चरण में सोशल मीडिया ट्विटर, फेसबुक, व्हाट्सएप, इंस्टाग्राम, यूट्यूब के माध्यम से जिला स्तरीय रोस्टर रद्द कर संशोधित करो। ट्रेंड कराया जाएगा। और राष्ट्रीय पार्टियों के प्रदेश अध्यक्षों को मांग पत्र सौंपा जाएगी। पांचवें चरण में मशाल जुलूस निकालकर संपूर्ण झारखंड बंदी कराई जाएगी। स्वर्णकार संघ के वरिष्ठ समाजसेवी डॉ दिलीप सोनी कहां की ओबीसी समुदाय के साथ जबसे राज्य अलग हुआ है तब से शोषण हो रहा है अब शोषण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। प्रदेश सचिव सुरेश ठाकुर अजय मेहता रांची ग्रामीण जिला अध्यक्ष शिव प्रसाद साहू ने कहा कि हम सभी आरक्षण रोस्टर में क्रांति के लिए विद्रोह करना होगा सरकार शांति की भाषा नहीं जानती है।

### अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा का विस्तार

# 50000 सदस्य बनाने का है लक्ष्य



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा झारखंड प्रदेश कमेटी का आज विस्तार एवं सदस्यता अभियान का शुभारंभ किया गया। झारखंड प्रदेश अध्यक्ष अभय कुमार महतो के नेतृत्व में पूरे प्रदेश में एक माह में 50,000 सदस्य बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया। परदेस संगठन सचिव रांची निवासी पुष्कर महतो को बनाया गया जबकि उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल प्रभारी हजारीबाग निवासी सुनील कुमार मेहता, गुड्डा निवासी मनोज कुशवाहा को संथाल परगना का प्रभारी, रांची नगरी निवासी चूड़ामणि महतो को दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल का प्रभारी प्रवीण कुमार को पलामू प्रमंडल का प्रभारी सर्वसम्मति से चुना गया। हजारीबाग जिला से इंद्र नारायण कुशवाहा प्रभु दयाल कुशवाहा, गढ़वा जिला से विकास सिंह कुशवाहा गुमला निवासी राजेश खन्ना को प्रदेश सचिव रांची नगड़ी से केदार महतो कुशवाहा शिवचरण मेहता, हजारीबाग से सुनील मेहता उपाध्यक्ष गोंडा से मनोज कुशवाहा रांची से प्रवीण कुमार को उपाध्यक्ष चुना गया। प्रशिक्षण प्रमुख रामजी कुशवाहा , सुधीर कुमार को कार्यसमिति सदस्य के रूप में चुना गया। बैठक में हजारीबाग जिला के पूर्व अध्यक्ष बबलू कुशवाहा पलामू से अजीत मेहता, अशोक कुमार सूरज कुशवाहा उपेंद्र कुशवाहा, अजीत मेहता रमेश कुमार महतो सहित अन्य बड़ी संख्या में उपस्थित थे कार्यक्रम का सफल संचालन प्रदेश महासचिव ललित नंदन ने किया।

### रश्मि मुंडा की हत्या का दूसरा आरोपी भी हुआ गिरफ्तार

**रांची।** रांची के चुटिया इलाके से 52 दिन पहले लापता रश्मि मुंडा की हत्या कर उसके शव को जलाने के मामले में पुलिस ने दूसरे अपराधी को भी गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपी उमेश महतो है और वह ओरमांझी का रहने वाला है। पुलिस के अनुसार आरोपी उमेश ने रश्मि मुंडा का शव को ठिकाना लगाने में मुख्य अभियुक्त पंकज महतो का साथ दिया था। इससे पहले पुलिस ने मुख्य आरोपी पंकज को गिरफ्तार कर 29 मार्च को जेल भेज चुकी है। बता दें कि रश्मि 13 फरवरी को गायब हुई थी। उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट चुटिया थाने में दर्ज हुई थी। पुलिस ने जब मामले की तफ्दीश की तो पता चला कि आरोपी पंकज ने 13 फरवरी को रश्मि की हत्या कर उसका शव ओरमांझी के उकरिद पहाड़ी में जला दिया था। जिसे पुलिस ने 14 फरवरी को बरामद किया था। लेकिन शव की पहचान नहीं हो पायी थी।

### सरहुल महोत्सव कुड़मी सरहुल आखड़ा मुरी में संपन्न



**नवीन मेल संवाददाता। मुरी**

रविवार के दिन सिंगपुर दुर्गा बाड़ी में पारंपरिक कुड़माली निगाचारी विधि विधान के साथ सरहुल पूजा किया गया। नेया ने पारंपरिक विधि विधान के साथ पूजा अर्चना किया साथ ही क्षेत्र के खुशहाली और समृद्धि की मनोकामना किया। कुड़मी सरहुल आखड़ा मुरी में 2018 से सरहुल महोत्सव धूमधाम से मनाया जाता आ रहा है। कुरमाली सरहुल गीत पर लोग खूब नाचते हैं। खूब सांस्कृतिक रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। दिनेश कुमार महतो और गायिका अंबा रानी महतो के गीतों पर लोग खूब थिरके। कल्याणी महतो बबीता महतो कल्पना महतो आरती महतो बीणा महतो मल्लिका रानी महतो श्रीपद महतो राजेंद्र प्रसाद महतो शिशुपाल महतो सच्चिदानंद महतो मनोहर महतो नरसिंह महतो आत्माराम महतो राजेंद्र प्रसाद महतो मनीष महतो भक्ति महतो कृष्णा महतो दीपक महतो आदि की सराहनीय भूमिका रही। सरहुल महोत्सव के मुख्य अतिथि जिला परिषद उपाध्यक्ष श्रीमती बीना चौधरी महतो ने सरहुल पर्व को हमारे पूर्वजों के आस्था के प्रतीक का पर्व कहा हमारे पूर्वज बारह मासे तेरह परब के चलन का ही परब मूल रूप से मनाते हैं उसमें आखाइन पथि पुजा सरहुल झुलन रहिन रजअसला बारि करम जीतया जिहुड़ बांधना और टूसु प्रमुख रूप से मनाया जाता है । सम्मानित मुख्य अतिथि सिंहपुर नर्सिंग होम के संचालक डॉ रमेश प्रसाद ने सरहुल पर्व के अवसर पर सभी को हार्दिक शुभकामनाएं दी और मिलजुल कर पर्व मनाने का आग्रह किया ।

### गांव करगागुड़ी में खिलाड़ियों का किया गया ट्रालय चयन

**रांची।** हॉकी सिमडेगा के द्वारा आयोजित होने वाले सिमडेगा जिला स्तरीय सब जूनियर महिला एवं पुरुष हॉकी चैंपियनशिप 2023 में जिला के सभी पंचायतों के खिलाड़ियों की भागीदारी सुनिश्चित हो जिसके लिए हॉकी सिमडेगा के पदाधिकारी विभिन्न प्रखंडों में घूम घूम कर तीन-चार पंचायतों को मिलाकर एक जगह खिलाड़ियों का चयन ट्रायल आयोजित कर टीम का गठन कर रहा है। जिसके तहत संगीता कुमारी,ब्यूटी डुंगडुंग सहित राज्य को सबसे अधिक राष्ट्रीय अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी देने वाले गांव करगागुड़ी में केरसई प्रखंड के पश्चिमी प्रभाग के लिए बासेन,किंकेल और बाघडेगा 3 पंचायतों को मिलाकर एक टीम गठन हेतु खिलाड़ियों का चयन ट्रायल आयोजित किया गया जिसमें काफी संख्या में महिला एवं पुरुष खिलाड़ियों ने भाग लिया। चयन ट्रायल के उपरांत 20=20 सदस्यों वाली केरसई प्रखंड पश्चिमी प्रभाग का महिला और पुरुष एक एक टीम का गठन किया गया। जो आगामी जिला मुख्यालय में आयोजित होने वाले सब जूनियर जिला स्तरीय हॉकी चैंपियनशिप में भाग लेंगे।

**कार्यक्रम** पारस अस्पताल परिवार ने 2500 पुस्तकें प्रदान की

# यह ज्ञान बांटने का एक महायज्ञ है



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रविवार को पारस अस्पताल परिवार ने 2500 पुस्तकें नमो बुक बैंक को प्रदान की। इसके साथ ही सांसद संजय सेठ द्वारा किए गए नमो बुक बैंक ने पुस्तकें प्राप्त करने का ढाई लाख का लक्ष्य पूर्ण कर लिया। इस अवसर पर सांसद श्री संजय सेठ ने खुद पारस अस्पताल जाकर, वहां से पुस्तकें प्राप्त की। इस अवसर पर सांसद में अस्पताल परिवार द्वारा आयोजित इस सहयोग कार्यक्रम की सराहना की। सांसद ने इस अवसर पर कहा कि नवंबर 2020 में बुक बैंक हमने आरंभ किया था, तभी मुझे विश्वास था कि समाज इस बुक बैंक को सफलता के शिखर तक ले कर जाएगा। यह कार्य पूर्ण हुआ। सांसद ने कहा कि यह ज्ञान बांटने का एक महायज्ञ है, जिसमें समाज ने आहुति देने का काम किया। समाज के हर वर्ग में आहुति देने का काम किया। जो भी लोग मेरी इस मुहिम में खड़े रहे, उनकी तारीफ के लिए मेरे पास शब्द नहीं है। सांसद ने कहा कि बुक बैंक के संचालन में समाज ने जो सहयोग दिया, उसके लिए आभार प्रकट करता हूं। सांसद ने कहा कि इस बुक बैंक की प्रशंसा खुद माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने भी की। बुक बैंक को लेकर उनके लिखे गए शब्दों ने हम सबमें और भी ऊर्जा और उत्साह का संचार किया है। प्रधानमंत्री जी की प्रेरणा हम सबको समाज हित में काम करने की शक्ति प्रदान करती है। बुक बैंक के लिए पुस्तकें प्रदान करने के क्रम में अस्पताल परिवार ने आज सेल्फी प्वाइंट बना, लोगों को प्रोत्साहित किया। मेडिकल डायरेक्टर डॉ० संजय ने घोषणा की कि पारस अस्पताल नमो बुक बैंक के पुस्तक संग्रह का एक केंद्र बनेगा। इस क्षेत्र के लोग यहां पर भी अपनी पुस्तकें जमा कर सकते हैं। डॉ० संजय ने सांसद को सुझाव दिया कि नमो बुक बैंक, नमो टॉय बैंक के बाद हमें नमो कपड़ा बैंक का भी शुभारंभ करना चाहिए। कई घरों में कपड़े पड़े रहते हैं, जो बच्चों को छोटे हो जाते, उनके काम नहीं आते। ऐसे कपड़े हम दूसरे बच्चों को दे सकते हैं। उनके सुझाव पर काम करने की बात सांसद श्री सेठ ने कही। इस आयोजन में डॉ० रमेश दास, डॉ० नीतीश कुमार, डॉ अंशु अग्रवाल, डॉ अंकुर सौरव, डॉ अनुज कुमार, भागवत बिष्ट, कुमार यशवंत, ओम प्रकाश, शिव अक्षत, मेहा मानसी पार्षद दीपक लोहरा सुचिता रानी राय मंडल अध्यक्ष उमेश यादव चंदन पटेल सहित अन्य सदस्यों ने सराहनीय भूमिका निभाई।

### कुख्यात बीड़ी और मलिक के घर कुर्की जब्ती की कार्रवाई

**रांची।** पुलिस के गिरफ्त से फरार चल रहे कुख्यात अपराधियों के खिलाफ कुर्की जब्ती की कार्रवाई शुरू कर दी गई है पहले चरण में रांची के बरियातू थाना क्षेत्र के एदलहातु के रहने वाले दो वांटेड क्रिमिनल्स रोहित मुंडा उर्फ बीड़ी और अभिषेक मल्लिक के घरों में रविवार को कुर्की जब्ती की करवाई की गई।बरियातू पुलिस के द्वारा फरार चल रहे हैं तीन अपराधियों रोहित मंडा ,अभिषेक मलिक और रोहन श्रीवास्तव के खिलाफ कुर्की जब्ती के वारंट के लिए अदालत से गुजारिश किया गया था।आदेश निर्गत होने के बाद रविवार को पुलिस लाइन से अतिरिक्त पोस्ट मामा कर रोहित और अभिषेक मलिक के घर की कुर्की जब्ती की गई। कुर्की जब्ती के कार्रवाई के दौरान टीम ने दोनों ही फरार अपराधियों के रोग का एक-एक सामान जप्त कर लिया।

# कलश जल यात्रा कर समारोह का शुभारंभ



**नवीन मेल संवाददाता**

ओरमांझी। श्री श्री 1008 शिव परिवार सह हनुमान महा यज्ञ का वार्षिक महोत्सव के लिए कलश यात्रा बजरंगबली मंदिर प्रांगण से गांव भ्रमण करते हुए स्वर्ण रेखा डेम कोया बांध से जल यात्री विधि विधान के साथ पुजा अर्चना कर जल उठाकर ग्राम भ्रमण करते हुए पुनः मंदिर पहुंचे। कलश जल यात्रा छाऊ नृत्य के साथ गाजे बाजे के साथ निकला गया। कलश यात्रा यात्रा में 500 महिलाए कलश लेकर जल यात्रा मे शामिल हुई। कलशयात्रा मे मुख्य रूप से राज्यसभा सांसद आदित्य प्रसाद साहू, पूर्व सांसद राम टहल चौधरी, जिपस सरीता देवी, पूर्व विधायक रामकुमार पाहन, प्रमुख अनुपमा देवी, अमरनाथ चौधरी, जैलेंद्र महतो, रणधीर चौधरी, सतीश बाडाईक, राजकिशोर साहू, रोहित साहू, अलख नाथ महतो, शशि मेहता, सत्यनारायण तिवारी, दुगार्शंकर साहू , आरती कुजूर, सुनील महतो, शैलेंद्र मिश्रा, अध्यक्ष विजय कुमार साहू , सचिव रवि कुमार साहू , कोषाध्यक्ष विनोद कुमार साहू, उपाध्यक्ष आनंद महतो, प्रवीण कुमार साहू, दिलीप महतो, शंकर चोरसिया, प्रदीप श्रीवास्तव, सत्येंद्र कुमार, ईश्वर लाल गुप्ता सहित श्रद्धालु उपस्थित थे।

# श्री शतचंडी सह हनुमंत प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ को लेकर निकाली शोभायात्रा



**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा** प्रखंड के चुगलामो में पांच दिवसीय शतचंडी यज्ञ सह हनुमंत प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ को लेकर भव्य कलश निकाला गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि विधायक अमित कुमार यादव पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव ,बरकट्ठा प्रमुख रेणु देवी, उपप्रमुख सुरजी देवी ने हनुमान झंडा दिखा कर कलशयात्रियों को रवाना किया।कलशयात्रा का शुभारंभ मंदिर परिसर से 351 महिलाएं और कुंवारी कन्याओं ने माथे पर कलश उठाकर पूरे गांव को भर्मण करते हुए उत्तरवाहिनी सिमरिया नदी से मंत्रोच्चार के साथ कलश में जल भरकर मंदिर परिसर में कलश स्थापित किया। विदित हो की यज्ञ 2 अप्रैल से 6 अप्रैल तक चलेगा।यज्ञ आचार्य जयराम शरण महाराज, उपआचार्य नितेश पांडेय, रामायण कर्ता अवधेशानंद पांडेय के द्वारा किया जायेगा।मौके पर बीस सूत्री अध्यक्ष प्रदीप प्रसाद, मुखिया फुलवंती देवी,पंसस अनिता देवी, प्रमुख प्रतिनिधि उमेश कुमार, मनोहर प्रसाद चौधरी,उत्तिम महतो ,रविकांत चौधरी, रमेश चौधरी, मुकेश दास यज्ञ समिति के अध्यक्ष सत्यनारायण चौधरी , सचिव सोनुलाल चौधरी, कोषाध्यक्ष मुकेश दास , मनोज चौधरी , प्रकाश चौधरी , नकुल चौधरी , रामेश्वर चौधरी , विजय पासवान , लोकनाथ पासवान , मूरत ठाकुर , सुखारी रविदास , नीरज चौधरी, जितेंद्र चौधरी ,राकेश चौधरी , श्रीकांत चौधरी समेत सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित थे।

## डीडीसी ने किया पतरातू प्रखंड का दौरा



**रामगढ़।** उप विकास आयुक्त नागेंद्र कुमार सिन्हा ने पतरातू प्रखंड का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने पलानी झरना को पर्यटन के क्षेत्र में विकसित करने के तहत हो रहे कार्यों एवं पतरातु लेक रिसॉर्ट के समीप लगाए जा रहे स्मार्ट साइनेज बोर्ड के तहत हो रहे कार्यों का निरीक्षण किया। पलानी झरना में हुए विकास कार्यों की सराहना करते हुए उप विकास आयुक्त ने पर्यटकों को स्थल पर विभिन्न सुविधाएं उपलब्ध कराने एवं पर्यटन स्थल का संचालन सुचारू रूप से करने के संबंध में महत्वपूर्ण निर्देश दिए। वहीं,उन्होंने पलानी झरना तक पहुंच पथ निर्माण कार्यों का निरीक्षण कर गुणवत्ता को ध्यान में रखते हुए ससमय कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया। रामगढ़ जिले के विभिन्न पर्यटन स्थलों की पहचान हेतु जिले के विभिन्न क्षेत्रों में लगाए जा रहे स्मार्ट साईनेज बोर्ड के तहत पतरातु लेक रिसॉर्ट के समीप लगाए जा रहे स्मार्ट साइनेज बोर्ड का निरीक्षण करते हुए उप विकास आयुक्त ने बोर्ड के अधिष्ठापन के संबंध में महत्वपूर्ण निर्देश दिया।

## हजारीबाग-रामगढ़ में धूमधाम से मनाया खजूर पर्व

# मसीही समुदायों ने निकाली शोभा यात्रा



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** आरसी मिशन कैथोलिक आश्रम चर्च में खजूर रविवार धूमधाम से मनाया गया। ईसाई समुदाय ने कैथोलिक आश्रम से शहर के विभिन्न चौक-चौराहों पर शोभा यात्रा निकाली। यात्रा के समय सभी के हाथों में खजूर की डालियां थीं। बिशप आनंद जोजो के नेतृत्व में प्रभु का रुपांतरण महागिरजाघर में खजूर डाली की पवित्र जल से आशीष के साथ शुभारंभ किया गया। बिशप आनंद जोजो पल्ली पुरोहित फादर अंटोनी, फादर रेमंड सोरेंग, फादर विजय, फादर प्रदीप, फादर अब्राहम ने मिस्सा पूजा संत राबर्ट मध्य विद्यालय के प्रांगण में शुरू किया। प्रभु ईशू के येरुसलेम में प्रवेश करने पर मसीही समाज द्वारा स्वागत किया गया।

### रामगढ़ में भक्ति-श्रद्धा के साथ मना खजूर पर्व

**रामगढ़।** रामगढ़ शहर के संत मैरी चर्च में रविवार को खजूर पर्व की धर्म विधि भक्ति और आस्था के साथ संपन्न हुआ। आज के दिन प्रभु येसू खीस्त के विजयमान येरूसालेम प्रवेश की स्मृति मनाई जाती है। प्रभु येसू का उद्देश्य यही था कि वे मानव मुक्ति के लिए दुःख उठाएं, मर जाएं और जी उठें। फादर करमा कच्छप धर्मविधि की शुरूआत करते हुए कहा कि आज के दिन खजूर डाली के जुलूस द्वारा प्रभु येसू के येरूसालेम प्रवेश की समारोही यादगार मनाते हैं। सर्वोच्च में होसन्ना यह गीत गाते हुए गिरजाघर में प्रवेश करते है। वहीं से धर्म विधि शुरू हो जाती हैं। मसीह ने हम सभी लोगों के लिए दुःख भोगा। हम उनका अनुकरण करें। इसी में हमारी मुक्ति निहित है। समारोह को सफल बनाने में रामगढ़ पल्लि के सभी खीस्त ने सहयोग किया। साथ ही साथ प्रचारक किशोर हेमरोम, प्रेम लकड़ा, सुधीर डुंगडुंग, सिमोन एक्का, हनूक एक्का, विजय हंसदा, सुनिल कुमार, निर्मल तिग्गा, मनोज पोल, आशा कच्छप, रीता मिंज, अन्जेला टोपनो आदि योगदान रहा।

## रामनवमी को लेकर पेलावल विकास मंच ने सभी को दिया साधुवाद

**हजारीबाग:** पेलावल विकास मंच की बैठक अंबेडकर टोली स्थित प्रधान कार्यालय में हुई. हजारीबाग के ऐतिहासिक रामनवमी पर्व के शांतिपूर्वक संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन, पुलिस, महासमिति अध्यक्ष, सभी अखाड़ों के अगुआ रामभक्त, सभी सेवा शिविर के आयोजकों और हजारीबाग के सभी समुदायों के धर्मावलंबियों को पेलावल विकास मंच ने साधुवाद दिया। शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल के समस्त डॉक्टरों और कर्मियों ने जो बिना थके दिन-रात घायल या चोटिल रामभक्तों का इलाज किया। वे सब भी साधुवाद के पात्र हैं। बैठक की अध्यक्षता एम.हक भारती ने की. मौके पर अरशद खान, सुधीर ठाकुर आदि मौजूद थे।

# रामनवमी जुलूस संपन्न विधायक ने दी बधाई

**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** हजारीबाग की ख्यातिप्राप्त ऐतिहासिक रामनवमी जुलूस-2023 के सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के लिए सदर विधायक मनीष जायसवाल ने हजारीबाग के सभी अखाड़ाधारी, क्लबों के सदस्यों, आम-आवाम, रामभक्त, सद्भावना से जुड़े लोग, समाजसेवी, जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन, रामनवमी महासमिति के लोग, विभिन्न सामाजिक संगठन और प्रेस-मीडिया के लोगों को बहुत-बहुत बधाई दी। साथ ही विधायक मनीष जायसवाल ने कहा कि राज्य सरकार ने हजारीबाग की ऐतिहासिक रामनवमी की परंपरा में अड़चन डालने के लिए तमाम प्रकार की कोशिशें की, लेकिन हजारीबाग के सनातन प्रेमियों ने पूर्व की भांति इस वर्ष अतिरिक्त जुनून और उत्साह के साथ रामनवमी मनाया। उनके कुत्सित मंशा पर पानी फेर दिया और पूर्ण वैभव के साथ पारंपारिक तरीके से रामनवमी जुलूस- 2023 को संपन्न कराया। एक नया इतिहास रचने का काम किया। बता दें कि हजारीबाग की रामनवमी सौहार्द्रपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ. झांकियों के दौरान विशाल जनसैलाब भी उमड़ा। विधायक मनीष जायसवाल ने हर मंच पर सनातनप्रेमियों की आवाज बनकर उभरे।

## कलश यात्रा के साथ हनुमंत महायज्ञ शुरू



**रामगढ़।** बासल पलानी गांव के करमटोला में श्रीश्री 1008 हनुमत प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ का रविवार को पंचबहीनी मंदिर प्रांगण से कलश यात्रा के साथ शुभारंभ हुआ। कलश यात्रा में मुख्य रूप से आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह बड़कागांव विधानसभा प्रभारी रोशन लाल चौधरी मौजूद थे। कलश यात्रा पंचबहीनी मंदिर प्रांगण से निकलकर विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण करते हुए लबगा डैम पहुंचा। वहां पुरोहित द्वारा पूरे विधि-विधान एवं वैदिक मंचोच्चारण के बीच कलशे में जल भरवाया गया। इसके उपरांत कलश यात्रा यज्ञस्थल पहुंची। जहां कलशों की स्थापना और अनुष्ठान संपन्न हुए। इस दौरान रोशनलाल चौधरी ने कहा की यज्ञ से क्षेत्र में साकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। साथ ही क्षेत्र सुख-समृद्धि व हरियाली-खुशहाली आगमन भी होता है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से श्रद्धालुओं को भक्ति के सागर में डूबकी लगाने का भी अवसर मिलता है। कहा कि भगवान से क्षेत्र की अमन-चैन व जनता के लिए सुख-समृद्धि की कामना की। कलश यात्रा में आजसू के केंद्रीय सचिव विजय साहु, पूर्व जिप उपाध्यक्ष मनोज राम, भैरव सिंह, किशोर महतो आदि शामिल हुए।

# कोडरमा : 10 अप्रैल से समाहरणालय परिसर में धरने पर बैठेंगे ग्रामीण



**नवीन मेल संवाददाता। कोडरमा** डोमचांच नगर क्षेत्र बालिका उच्च विद्यालय में रविवार को ग्रामीणों ने बैठक की। बैठक की अध्यक्षता झारखंड आंदोलनकारी मोर्चा के अध्यक्ष जय कृष्ण ने किया। जबकि संचालन बसंत मेहता ने किया. बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 10 अप्रैल से कोडरमा समाहरणालय परिसर में धरना कार्यक्रम को सफल बनाना है। इसके अलावा विभिन्न मुद्दों पर भी चर्चा की गयी। इसके बाद अध्यक्ष की अनुमति से बैठक का समापन अजय साहू ने किया। बैठक में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया गया कि सोनाली हत्याकांड में फास्ट ट्रैक कोर्ट से न्याय दिलाने के लिए उपयोग पुलिस अधीक्षक कोडरमा को पत्राचार करना है। बैठक में वीरेंद्र कुमार साहू ग्राम सपही ने कहा कि मेरे पिता की हत्या करने वाले को आज तक गिरफ्तार नहीं किया गया और ना ही मुआवजा और नौकरी दी गयी। जांच करने के नाम पर प्रशासन सिर्फ ठग रहा है। डोमचांच अंचल के कर्मचारी पंकज सिंह और अन्य कर्मचारियों तथा अंचलाधिकारी मां देव प्रिया के कारण ग्रामीणों को आज काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है. अंचल में चक्कर लगाने के बाद भी काम समय पर नहीं होता है। मौके पर राहुल कुमार साहू, मुकेश कुमार साहू, बसंत मेहता, संतु कुमार, महेंद्र गुप्ता, अजय साहू, अशोक मेहता, बसंत, सुमन लाल, शंकर दास, गौरव कुमार, विनोद कुमार, दिलीप कुमार, संजय शर्मा, मोहम्मद अल्ताफ, मोहम्मद रिंकू, चिंटू लाल, अरविंद पांडेय, राजा साहब, गोविंद कुमार, राजेश कुमार, रामदेव मेहता, तेरे नाम राजेश कुमार, संजय कुमार बरनवाल, एकनाथ यादव, संजय कुमार, मनीष कुमार आदि मौजूद रहे।

## परवरिश एडूकेयर स्कूल में अवॉर्ड सेरेमनी का आयोजन



**रामगढ़।** परवरिश एडूकेयर स्कूल कुंदरिया बांध कुजू में अवॉर्ड सेरेमनी का आयोजन हुआ। मौके पर मुख्य रूप से मौजूद स्कूल के प्रबंधक शैलेंद्र कुमार, प्रबंधक निदेशक विकास कुमार सिंह, संयोजक प्रकाश रंजन, जनक साहू, ट्रस्टी मिकी सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। मौके पर प्रबंध निदेशक ने बच्चों को शुभकामना देते हुए स्कूल के आने वाले वर्षों में होने वाली कार्यक्रम की जानकारी दी। इस क्रम में स्कूल के प्रथम 1 से 3 तक आए हुए बच्चे को सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। जिसमें क्लास नर्सरी से शुभम, अर्पित, रियान, एलकेजी से तनीषा, वैभव, माही, यूकेजी औरव, पीयूष, वन क्लास से रौनक, इम्तियाज, प्रनीत, टू क्लास से टीया ,ऋषभ, होमवटी, क्लास 3 से सिमरन, अंश, शौर्य, क्लास 4 से शशि, आरुषि, क्लास 5 से निकिता, स्वयं, ईसान, क्लास 6 से सानिया, दिलशाद, ओम केसरी को सम्मानित किया गया। मंच संचालन मोनिका कुमारी व धन्यवाद ज्ञापन प्रकाश रंजन ने दिया। इस अवसर पर एकेडमिक इंचार्ज रश्मि कुजुर, मोनिका, कंचन, वर्षा, नंदनी झा ,चंचला, प्रीति कुमारी, संगीता कुमारी, शांति, नाजो मौजूद थे।

# बरही में कूड़ेदान और स्ट्रीट लाइट गायब, जिम्मेवार कौन?



**नवीन मेल संवाददाता। बरही** मात्र चंद महीनों में ही बरही के व्यस्ततम और चौबीस घंटे चालू रहने वाले धनबाद रोड से कूड़ेदान और स्ट्रीट लाइट का गायब होना अपने आप में एक बड़ा सवाल है? जिस पर स्थानीय प्रशासन या जनप्रतिनिधि अथवा किसी प्रबुद्धजन ने कोई आवाज नहीं उठाया । जनता के लाखो रुपए मात्र चंद महीनों में कूड़े की तरह सड़को पर बिखर गए। इस संबंध में न तो स्थानीय जनप्रतिनिधि या समाजसेवी अथवा स्थानीय प्रशासन ने न ही कोई संज्ञान लिया न ही कोई मामला दर्ज करवाया और न ही किसी भीं प्रकार की गंभीरता देखने को मिली । इस संबंध में बरही पूर्वी के मुखिया छोटन ठाकुर ने बताया कि ढाई लाख की लागत से धनबाद रोड में लगभग दो दर्जन से भी अधिक कूड़ेदान लगाए गए थे। जो मात्र तीन महीनो में कुछ तो सड़क दुर्घटना में टूटा गया तो कुछ गायब हो गए । उनमें से लगभग एक दर्जन कूड़ेदान को रखवाया गया है। आखिर कैसे होगा सरकारी संपति की रक्षा? एनटीपीसी के सौजन्य से ओल्ड जीटी रोड पर लगाया गया कई स्ट्रीट लाइट भी नदारत है । आखिर बरही की जनता जानना चाहती है कौन करेगा इसकी रक्षा? कौन है इसके जिम्मेवार? कब तक यूं ही सरकारी पैसों का होता रहेगा दुरुपयोग?

## नाबालिग युवती के साथ दो लोगों ने किया दुष्कर्म

**रामगढ़।** रजरप्पा के जनिया महाराज जंगल में नाबालिग युवती के साथ दो लोगों ने सामूहिक दुष्कर्म किया। रविवार को दिनदहाड़े हुई इस वारदात की सूचना जैसे ही रजरप्पा पुलिस को मिली उन्होंने कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस ने एक आरोपी भुचुंगडिह निवासी रहीम अंसारी को गिरफ्तार कर लिया है। जबकि दूसरा आरोपी गोला निवासी वीरा मांझी अभी भी फरार है। इस मामले की जानकारी देते हुए रजरप्पा थाना प्रभारी एचएन सिंह ने बताया कि खोखा बयांग की रहने वाली नाबालिग युवती अपने एक रिश्तेदार के साथ बाइक से रविवार को रजरप्पा जा रही थी। रास्ते में जनियामारा जंगल के पास उसे शौच लगा। जब वह जंगल में अंदर घुसी तो वहां रहीम अंसारी और वीरा मांझी ने उसे पकड़ लिया। उन दोनों ने सबसे पहले उसके साथ मौजूद रिश्तेदार की पिटाई की और उसे भगा दिया। इसके बाद उन लोगों ने बारी-बारी से उसके साथ दुष्कर्म किया। पुलिस ने बताया कि वीरा मांझी की तलाश में पुलिस की टीम निकल चुकी है।

# जिला परिषद मैदान में लगा पुस्तक मेला

**नवीन मेल संवाददाता। धनबाद** बदलते समय के साथ डिजिटल होती दुनिया ने लोगों की जीवनशैली ही बदल दी है। बच्चे भी अब पेपर बुक कि जगह ई-बुक्स से पढ़ाई कर रहे हैं। इसे देखते हुए बंगाली वेलफेयर सोसायटी ने धनबाद के जिला परिषद मैदान में पुस्तक मेले का आयोजन किया है। पुस्तक मेला 7 अप्रैल तक चलेगा। मेले की थीम भंडारे तबो विविधो रतन यानी हमारे स्टॉक में विभिन्न प्रकार के रत्न उपलब्ध हैं पर आधारित है। 2 अप्रैल रविवार को मेले में बड़ी संख्या में स्कूली बच्चे व डिजिटल बुक्स प्रेमी पहुंचे और अपनी पसंद की किताबें खरीदी. सोसायटी के सचिव गोपाल भट्टाचार्य ने बताया कि पुस्तक मेले का आयोजन वर्ष 2012 से किया जा रहा है। यह मेले का 9 वां वर्ष है। बच्चों व पुस्तक प्रेमियों को आकर्षित करने के लिए मेले में कई प्रकार के आयोजन किए जा रहे हैं। पुस्तक मेले में कुल 55 स्टॉल हैं, जहां 60 से अधिक प्रशासकों की किताबें उपलब्ध है। पुस्तकों की खरीदारी पर 10% की छूट दी जा रही है। बच्चों के लिए खाने-पीने, हस्तकला, ज्वेलरी, आर्ट गैलरी के साथ कई अन्य वस्तुओं के स्टॉल लगाए गए हैं।

## कुएं से विवाहिता का शव बरामद

**गिरिडीह।** बेंगाबाद थाना क्षेत्र के बड़कीटांड़ में एक विवाहिता का शव 2 अप्रैल को कुएं से बरामद किया गया। मामले में मृतका के मायके पक्ष ने ससुराल पक्ष पर हत्या का आरोप लगाया है। सूचना पाकर बेंगाबाद थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतका का नाम बड़कीटांड़ निवासी दिलीप यादव की पत्नी ललिता देवी (27) है। ललिता देवी की मायके बेंगाबाद थाना क्षेत्र के ताराटांड़ गांव में है। लगभग 10 वर्ष उसकी शादी पूर्व बड़कीटांड़ निवासी दशरथ महतो के पुत्र दिलीप यादव के साथ हुई थी। मृतका को एक साल का पुत्र है। 2 अप्रैल की सुबह लगभग 8 बजे उसका शव कुएं में देखा गया।

## निजी विद्यालय संघ की मासिक बैठक



**बरही ।** प्रखंड अध्यक्ष मिथिलेश यादव की अध्यक्षता में निजी विद्यालय संघ की बैठक पुस्तकालय भवन में संपन्न हुआ । जिसमे कई महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर चर्चाएं हुई। उक्त जानकारी संघ के मीडिया प्रभारी रामचंद्र यादव ने दी । बैठक का संचालन सचिव नितेश कुमार ने करते हुए आय व्यय का लेखा जोखा प्रस्तुत किया । बैठक में उपस्थित संचालकों ने गंभीरता पूर्वक विद्यालय संचालकों के शिकायत और सुझाव पर विचार विमर्श किया । साथ ही संघ और निजी विद्यालयों के हित में सर्वसम्मति से नमांकन हेतु टी सी की अनिवार्यता, संघ के निबंधन, बैंक खाता, संघ की नियमावली और संगठन का विस्तार जैसे महत्वपूर्ण मुद्दो के पर प्रस्ताव पारित किए गए ।बैठक मीडिया प्रभारी सहित उपाध्यक्ष सुनील दत्ता, संरक्षक सुधीर चंद्रा व राजेश कुमार और विभिन्न निजी विद्यालय के संचालक उपस्थित थे।

**तानाशाह** | राहुल गांधी की सदस्यता खत्म करने के विरोध में प्रभारी ने की बैठक

# कांग्रेस करेगी जय भारत सत्याग्रह आंदोलन

**नवीन मेल संवाददाता। बरही** राहुल गांधी के फैसले की सच्चाई को जल्दी ही कांग्रेसी पूरे देशवासियों को बताएंगे। कांग्रेसियों का मानना है कि यह फैसला केंद्र सरकार के दबाव और प्रभाव में लिया गया फैसला है। यह केंद्र की तानाशाह को दर्शाता है। इसे देश की जनता जान चुकी है। केंद्र की मोदी सरकार के दिन अब पूरे हो चुके है। उक्त बातें विधानसभा प्रभारी अशोक सिंह ने कही। रविवार को नगर भवन में आयोजित बैठक इसे लेकर कांग्रेस पूरे देश में जय भारत सत्याग्रह आंदोलन चलाकर तानाशाह मोदी सरकार की सच्चाइयों को देश के सामने रखेगी। बैठक में मुख्य रूप से स्थानीय विधायक उमाशंकर अकेला बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे। उमाशंकर अकेला ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार पूंजीपतियों और व्यवसायियों की सरकार है। जहां उद्योगपतियों के लिए सब कुछ क्षम्य है। अडानी की कंपनी के गुमनाम करोड़ों रुपए की जानकारी अब तक नही हुई है। उसके मालिक कहां है और कैसे विदेश गायब हुए. इस पर सरकार की कोई संजीदगी नही है। परंतु इस पर आवाज उठाने वाले



एक मात्र सदस्य कांग्रेस उपाध्यक्ष राहुल गांधी को चार वर्ष पुराने भाषण को आधार बनाकर उनकी बातों को कुचलने का काम किया गया है। उन्हें बोलने नही दिया गया। माइक म्यूट कर दिए गए। साजिश के तहत दो वर्ष की सजा और सदस्यता समाप्त कर दिया गया। जो तानाशाही को दर्शाता है।

## कोडरमा राजद जिला कार्यकारिणी की बैठक

**कोडरमा।** राष्ट्रीय जनता दल, जिला कार्यकारिणी की बैठक पुरनाडीह स्थित पार्टी जिलाध्यक्ष रामधन यादव के आवास में रविवार को हुई। बैठक में सदस्यता अभियान और कार्यक्रम को लेकर चर्चा की गई। बैठक में विभिन्न प्रस्ताव पर चर्चा कर निर्णय लिया गया। इनमें जिले के सभी प्रखंड और पंचायत में पार्टी का जनाधार बढ़ाने के लिए सदस्यता अभियान चलाने, 14 अप्रैल को राजद बड़े स्तर पर डॉ बीआर अंबेडकर जयंती हर प्रखंड में मनाएगी। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष रामधन यादव ने किया। बैठक में प्रदेश महासचिव डॉक्टर जावेद अख्तर, प्रदेश सचिव सुनील यादव मुख्य रूप से शामिल हुए।

## चैता गायन मुकाबले का आयोजन



**बरही ।** चौपारण प्रखंड के बेला पंचायत अंतर्गत रूपीन गांव स्थित हनुमान मंदिर प्रांगण में चैता गायन मुकाबला का आयोजन किया गया । जिसका शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि तिलेश्वर साहू सेना के केंद्रीय अध्यक्ष अरूण साहू ने फीता काटकर किया। आयोजन समिति ने मुख्य अतिथि को माल्यपर्ण कर स्वागत किया । मुकाबला झारखंड के धनबाद से और बिहार से आई टीम के बीच हुई थी। कार्यक्रम के संबोधित करते हुए साहू ने आयोजन समिति का आभार व्यक्त किया । साथ ही चैता कार्यक्रम में उपस्थित लोगो से कार्यक्रम का शांतिपूर्ण तरीको से आनंद लेने की अपील किया । दोनों टीमों ने अपने बहतरीन प्रदर्शन ने श्रोताओं को रात भर सराबोर कर दिया व झुमने पर मजबुर कर दिया । मौके पर टीएसएस के बरही प्रखंड उपाध्यक्ष सह मुखिया प्रतिनिधि छोटन ठाकुर, बरही प्रखंड उपाध्यक्ष प्रकाश दास, बरही प्रखंड उपाध्यक्ष भोली पासवान, रंजीत कुमार, आकाश, बादल, सुरेश, विनय आदि मौजूद थे।

NEWS इन ब्रीफ

## सड़क दुर्घटना में पिता-पुत्र की मौत

**लोहरदगा।** जिले के कुडू थाना क्षेत्र के जीमा के समीप मंटू ढाबा के पास सड़क दुर्घटना में पिता-पुत्र की मौत हो गई। उनकी पहचान हेसल कारी टोली निवासी गीरीराज भगत और उनके पुत्र के रूप में हुई है। इस घटना के बाद आक्रोशित लोगों ने रांची राउरकेला उच्च पथ पर जाम लगा दिया। बीच सडक पर शव रख कर लोग जाम लगाए हुए हैं। पुलिस घटनास्थल पर पहुंच गई है।

## 24 घंटे का अखंड हरिकीर्तन का समापन



**ठेठईटांगर।** प्रखंड मुख्यालय स्थित शिव मंदिर में 24 घंटे का अखंड हरिकीर्तन रविवार को संपन्न हो गया। पुरोहित की भूमिका सूर्यकांत झा और यजमान की भूमिका परमानंद दास ने निभाई। अखंड हरी कीर्तन में बसार टोली, जोराम, बर टोली, अलसंगा, पंडरीपानी, केरिया, कसबहार, एवं महिला कीर्तन मंडली शामिल हुए एवं हरे राम हरे कृष्ण ध्वनि से वातावरण को भक्तिमय बना दिया। अखंड हरिकीर्तन समापन के बाद हवन एवं भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में रविंद्र साव, मिथिलेश कुमार, मनोज कुमार सिंह, अनिल कुमार, अमन कुमार, पप्पू कुमार, प्रिंस कुमार एवं रामनवमी समिति के सदस्य ने मुख्य भूमिका निभाई।

## मंदिर निर्माण में भगवान की प्रतिमा की व्यस्था करेगा ॐ श्री राम संस्था

**सिमडेगा।** जिले की किसी भी गांव या कस्बे में हो रहे मंदिर निर्माण में सहयोग करने के लिए ॐ श्री राम संस्था का गठन किया गया है। संस्था के प्रसन्न कुमार सिन्हा (पिंटू) ने बताया कि जिले में कहीं भी मंदिर निर्माण होगा तो उस मंदिर के लिए बजरंगबली और शिव परिवार की प्रतिमा संस्था के द्वारा सहयोग के रूप में उपलब्ध कराई जाएगी। बताया कि बजरंग बली की प्रतिमा लगभग 3 फीट की होगी। शिव परिवार में भगवान शिव, माता पार्वती, गणेश जी, ब्रह्मा जी और नंदी जी की प्रतिमा दी जाएगी। उन्होंने कहा कि धार्मिक जागरण करते हुए धर्म की राह पर चलकर लोगों को प्रेम और मानवता का संदेश देने की इच्छा रखने वाला कोई भी व्यक्ति संस्था में शामिल हो सकता है। मौके पर कौशल राज सिंहदेव, दिनेश प्रसाद कुलुकेरिया, अमित अग्रवाल अंबिका, हनुमान बोंदिया, शिव बंसल, पवन जैन, राजू शर्मा, रिंकू, अभय विश्वकर्मा, नटवर गोयल, ललन जयसवाल, धनंजय केशरी, निलेश प्रसाद, नवीन अग्रवाल, पिंटू अग्रवाल, पुरुषोत्तम, रमेश गोयल उपस्थित थे।

## बिजली विभाग के खिलाफ हुरदा के ग्रामीण हुए गोलबंद



**बानो।** प्रखंड के हुरदा बाजार टॉड में तीन पंचायत के बिजली उपभोक्ताओं की बैठक जमतई मुखिया नामजन जोजो की अध्यक्षता में हुई। बैठक में कहा गया कि बिजली बिल अधिक आने से ग्रामीण परेशान हैं। बिल में अनियमितता होने से उपभोक्ता परेशान हैं। कई घरों में मात्र दो बल्ब जलते हैं परंतु अधिक बिल आने से लोग परेशान हैं। इसके अलावे बिजली की कोई उपयोग नही होने के बावजूद अधिक बिल भेजा जा रहा है। बैठक में निर्णय लिया गया कि बिजली बिल में सुधार व बिजली बहाल नियमित करने पर चर्चा की गई। निर्णय किया गया कि इसमें सुधार नहीं होने पर आंदोलन किया जायेगा। कार्यक्रम का संचालन रायकेरा ग्राम सभा अध्यक्ष घनश्याम सिंह व हुरदा ग्राम सभा अध्यक्ष फनिद्र साहू ने किया। बैठक में पतरस जोजो, देव प्रसाद नाग, सरयू प्रसाद सिंह, जैतून भेंगरा, चम्पा भेंगरा, नंदू सिंह, नाथनियल लुगुन आदि लोग उपस्थित थे।

# गुमला में तिहरे हत्याकांड के आरोपित को भेजा जेल

**नवीन मेल संवाददाता। गुमला**

जिले के बसिया थाना क्षेत्र के लुंगटु पंडरा टोली में हुए तिहरे हत्याकांड का बसिया पुलिस ने उद्भेदन करते हुए हत्यारोपित एनोस कंडुलना को गिरफ्तार कर रविवार को गुमला जेल भेज दिया। इस संबंध में बसिया के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी विकास आनंद लागुरी ने बसिया थाने में आयोजित पत्रकार वार्ता में बताया कि आरोपित देवर एनोस कंडुलना ने एलआईसी से मिले पैसे के बंटवारे को लेकर भाभी एवं दो भतीजों की हथौड़े से मारकर हत्या कर दी थी। उन्होंने बताया कि मृतका पूनम कंडुलना के पति नुवेल कंडुलना की 2017 में मृत्यु हुई थी, जिसको एलआईसी में एक पॉलिसी से कुल 11 लाख रुपये मिले थे। पूनम अपने दो बेटों के साथ रहती थी, जिनका देख-रेख उसका देवर विश्राम कंडुलना करता था।

घटना के दिन 29 मार्च को भी पैसे के बंटवारे को लेकर दोनों में नोकझोंक हुई थी। एनोस ने हथौड़े से पूनम पर वार कर दिया। उसके बेटे पवन कंडुलना ने घर में रखे चाकू से चाचा एनोस कंडुलना पर वार कर दिया। तब एनोस ने भाभी पूनम कंडुलना,



भतीजे पवन कंडुलना एवं अर्पित कंडुलना तीनों को मौत के घाट उतार दिया और तीनों शवों को गोबर गड्ढे में डालकर ढंक दिया। दो दिनों तक जब पूनम एवं उसके बच्चों का कहीं पता नहीं चला तब उसके मायके वाले शनिवार को लुंगटु पंडराटोली गांव पहुंचे, जहां गोबर गड्ढ़े से आ रही दुर्गंध से उन्हें शक हुआ।

इसी बीच आरोपित एनोस भागने लगा। ग्रामीणों की मदद से उसे पकड़ कर कड़ाई से पूछताछ की गई तो वह टूट गया एवं हत्या करने की बात कबूल कर लिया। घटना की सूचना बसिया पुलिस को दी गई।

सूचना पर पहुंचे बसिया थानेदार छोटु उरांव, एसआई प्रदीप रजक, एसआई मंटू गुप्ता, एसआई अजय रजक, एसआई विनोद टोप्पो सहित सशस्त्र बल ने आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। उसकी निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त कुदाली, हथौड़ा एवं खून लगे कपड़े तथा तीनों मृतकों के शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए गुमला भेज दिया।

# 35 प्रतिबंधित मवेशी के साथ दो तस्कर गिरफ्तार, भेजा जेल



**नवीन मेल संवाददाता। केरसई**

केरसई पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए 35 प्रतिबंधित मवेशी के साथ दो तस्कर को गिरफ्तार करते हुए रविवार को सिमडेगा जेल भेज दिया। गिरफ्तार ठीक है पहचान कुरडेग थाना क्षेत्र के चापाटांड निवासी गणेश राणा एवं राजू लाल बड़ाईक शामिल है। जानकारी देते हुए थाना प्रभारी अंशु कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी कि उड़ीसा की ओर से दो तस्कर भारी संख्या में अवैध प्रतिबंधित पशुओं की तस्करी करते हुए ले जा रहे हैं। जिसकी सूचना के आलोक में टीम बनाकर छापेमारी की गई। जिसके बाद 35 प्रतिबंधित मवेशी उनके पास से बरामद किया गया। इधर दोनों ही तस्करों को गिरफ्तार करते हुए सिमडेगा जेल भेज दिया साथ ही इस मामले में केरसई थाना कांड संख्या 13/23 धारा 414 एवं पशु क्रूरता अधिनियम के तहत मामला दर्ज की गई है। थाना प्रभारी ने कहा कि क्षेत्र में इस प्रकार के अवैध पशुओं का तस्करी कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# विवाहिता ने खत्म की अपनी जिंदगी, हत्या का आरोप

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

पारिवारिक प्रताड़ना और विवाद से तंग आकर रविवार सुबह कुडू थाना क्षेत्र के जिंगी गांव निवासी जावेद अंसारी की पत्नी नाजिया परवीन ( 26) ने कीटनाशक दवा खाकर आत्महत्या कर ली ।घटना के बाद सदर अस्पताल पहुंचे मृतका के परिजनों ने सुनियोजित तरीके से नाजिया को जहर देकर हत्या करने का आरोप लगाकर हंगामा किया। घटना को लेकर गांव में सनसनी फैल गई ।चचाओंं का बाजार गर्म है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने प्रारंभिक जांच पड़ताल शुरू किया है। इस संदर्भ में परिजनों ने बताया कि, लगभग दो वर्ष पूर्व कुडू जिंगी गांव निवासी जावेद अंसारी का निकाह सेन्हा थाना क्षेत्र के डाडु अंबाटोली निवासी नाजिया परवीन से हुई थी। इस दंपति को एक वर्षीय एक पुत्री है। बताया गया कि, मृतिका नाजिया के ससुराल में अक्सर कहासुनी का विवाद होता था। रविवार सुबह मृतिका का अपनी ननद कौशर जहां से रोटी को लेकर विवाद हुआ था। मामला बढ़ने के बाद मृतिका का ससुर अताउल अंसारी मृतिका समेत परिवार के अन्य सदस्यों को खरी खोटी सुनाया था। इसके बाद सुबह लगभग आठ बजे सब्जी की खेती में दी जाने वाली कीटनाशक दवा नाजिया ने पी लिया। तत्काल हालत बिगड़ने पर उसका पति जावेद अंसारी गांव के झोलाछाप चिकित्सक मंसूर अंसारी के पास ले जाकर इलाज शुरू कराया। समय बीतने के साथ जहर शरीर में फैल जाने से नाजिया की मौत हो गई। मृतिका के परिजनों ने दोपहर जब उसे सदर अस्पताल लाया तो, चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस संदर्भ में मृतिका का पति जावेद अंसारी ने कहा कि खेती बारी करने के कारण वह रोजा नहीं रखता है। रविवार सुबह अपनी बहन कौशर जहां द्वारा बनाया गया रोटी को खा लिया था। बहन द्वारा विरोध किया गया। इसके बाद पत्नी नाजिया से उसकी झड़प हुई। पिता अताउर अंसारी ने भी उसे खरी-खोटी सुना दिया। जिसके बाद वह घर में रखा कीटनाशक पी ली। फिलहाल, मामले को लेकर दोनों पक्षों में आरोप-प्रत्यारोप का दौर जारी है। पुलिस मामले के सभी संभावित पहलुओं पर पड़ताल कर रही है।



### परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप

**विवाहित** महिला नाजिया परवीन की कीटनाशक दवा खाकर आत्महत्या करने के मामले पर मायका पक्ष के परिजनों ने इसे सुनियोजित हत्या करने का आरोप लगा रहे हैं। मृतिका का पिता व मौसा युसूफ अंसारी ने कहा कि कीटनाशक खाने के बाद तत्काल उसे सदर अस्पताल लाकर कारगर इलाज नहीं कराया गया। गांव में ही झोलाछाप डॉक्टर के पास साजिश के तहत समय बिता कर नाजिया को मौत की नींद सुला दिया गया। कहा गया कि किन कारणों से सदर अस्पताल नहीं लाकर घंटो उसे गांव में रखा गया। घटनाक्रम देखने से साजिश स्पष्ट होता है।

### पुलिस जांच के बाद मामला होगा स्पष्ट : जांच अधिकारी

**मामले** की जांच कर रहे सदर थाना के पुलिस अधिकारी नमिता महतो ने कहा कि, पुलिस जांच के बाद ही मामला हत्या या आत्महत्या का स्पष्ट होगा। मृतिका के मायका पक्ष के परिजनों ने दहेज प्रताड़ना के तहत हत्या करने के आरोप लगा रहे हैं । जांच रिपोर्ट कुडू थाना भेजी जाएगी। कुडू थाना में मामला दर्ज कर पुलिस कार्रवाई करेगी।

# अस्त्र शस्त्र परिचालन-बाजा प्रतियोगिता सम्मान और समापन समारोह आयोजित

**अस्त्र शस्त्र प्रतियोगिता जूनियर में हटिया गार्डन, सीनियर में रघुनंदन लेन, बाजा प्रतियोगिता में बजरंग दल अमला टोली अव्वल रहा**

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

स्थानीय गुदरी बाजार स्थित शोक विनाशक संकट मोचन हनुमान मंदिर परिसर में शनिवार की देर रात केन्द्रीय महावीर मण्डल, लोहरदगा द्वारा अस्त्र शस्त्र परिचालन एवं बाजा प्रतियोगिता सह सम्मान एवं समापन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का विधिवत उदघाटन मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ प्रान्त संघ चालक सच्चिदानंद लाल समेत अन्य अतिथियों ने दीप जलाकर किया। इससे पूर्व हनुमान जी की पूजा अर्चना व हनुमान चालीसा का सामुहिक पाठ किया गया।इ सके बाद बजरंग बली का महाआरती की गई। इसके बाद प्रतियोगिता की शुरूआत हुई। सबसे पहले प्रान्त संघचालक आरएसएस के सच्चिदानंद लाल व जिला संघचालक मनोज दास ने सांकेतिक लाठी भांजकर इसकी शुरूआत की। इसके बाद अतिथियों का स्वागत



साफा पहनाकर किया गया। इसके बाद निर्णायक मंडली के सभी सदस्यों ने अपनी कला का प्रदर्शन किया। किसी ने लाठी तो किसी ने तलवार लेकर अपना करतब दिखाया। इसके बाद अस्त्र शस्त्र चालन प्रतियोगिता में शामिल अखाड़ों ने एक से बढ़कर एक करतब दिखाए।

वही बाजा प्रतियोगिता में भी लोगो ने अपनी कला का प्रदर्शन किया। नवमी झांकी में प्रथम चन्द्रशेखर आजाद, द्वितीय नारी शक्ति थाना टोली, तृतीय शोक विनाशक संकट मोचन हनुमान मंदिर, अस्त्र शस्त्र जूनियर में प्रथम हटिया गार्डन, द्वितीय सुनहला संघ, तृतीय अम्बेडकर नगर, अस्त्र शस्त्र सीनियर में प्रथम रघुनंदन लेन, द्वितीय बरवा टोली शिव मंदिर, तृतीय हटिया गार्डन, बाजा प्रतियोगिता में प्रथम बजरंग दल अमला टोली, द्वितीय थाना टोली तृतीय शास्त्री चौक, विशेष पुरस्कार अखाड़ा सज्जा तेतर तर, नया अखाड़ा बावली बगीचा, शोभायात्रा अनुशासित टीम सेरेंगहातु, मातृशक्ति के रूप में आदिशक्ति महिला टीम, निगनी को दिया गया। मौके पर मुख्य संरक्षक परमेश्वर साहू, मोहन दुबे, रितेश कुमार, संरक्षक ब्रज बिहारी प्रसाद, कमल प्रसाद केशरी, राजेश महतो, गुप्तेश्वर प्रसाद, राजेश साहू, विजय खत्री, समेत सैकड़ों महिलाएं व पुरुष शामिल हुए। वही विशेष रूप से अतिथियों का भी सम्मान किया गया।

पति-पत्नी के बीच हुआ था विवाद

# पत्नी के घर छोड़े जाने पर पति ने सनहा दर्ज कराया

**नवीन मेल संवाददाता। सेन्हा**

लोहरदगा जिला अंतर्गत सेन्हा थाना क्षेत्र के अरु पंचायत ग्राम निवासी अपिन्द्र राम के घर में आपसी विवाद के उपरांत पत्नी मनीता देवी 23 मार्च दिन गुरुवार समय लगभग 11:30 बजे बिना बताये गुस्सा में घर से निकल कर चली गई। अपिन्द्र राम ने थाना में आवेदन के माध्यम से थाना प्रभारी को उतपन्न हुई घरेलू विवाद एवं घर से निकल कर पत्नी का जाने के मामला से अवगत कराते हुए सनहा दर्ज करने का गुहार लगाया। बताया कि मुझे लगा कि गुस्सा के कारण रिश्तेदार के पास जा रही है। यह सोच कर उसे जाने से नही रोके परंतु समय बीतते ही घर नही आने पर अपने तथा अपनी पत्नी के रिश्तेदार में छान बिन करना आरम्भ कर दिया। लेकिन



किसी परिवार के बीच नही पहुंचने की बात पर अपिन्द्र राम को पत्नी के लापता होने का संदेह हुआ तो सेन्हा थाना में आवेदन के माध्यम से लापता होने की सूचना थाना प्रभारी को देते हुए सनहा दर्ज कराया। वहीं थाना प्रभारी धनंजय कुमार पासवान ने रविवार को जानकारी देते हुए कहा कि प्राप्त आवेदन के आलोक में पति पत्नी के बीच हल्की नोक झोंक हुई थी। पत्नी द्वारा घर छोड़ने का मामला को संज्ञान में लेते हुए सनहा दर्ज कर पुलिस अग्रतर कारवाई में जुट गई है।

16 वें वार्षिकोत्सव समारोह में अजय तिवारी ने कहा

# विद्यालय का उद्देश्य गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना है

**नवीन मेल संवाददाता। कैरो**

प्रखंड मुख्यालय स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर कैरो में रविवार को विद्यालय का 16 वां वार्षिकोत्सव मनाया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि विद्या विकास समिति झारखंड के प्रदेश सचिव अजय तिवारी, संकुल संयोजक शशिधर लाल अग्रवाल, गुमला विभाग निरीक्षक अखिलेश कुमार, लोहरदगा संकुल प्रमुख विपिन कुमार दास, विद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष बजरंग उरांव, पूर्व पंचायत समिति सदस्य शरद कुमार विद्यार्थी, प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार व अन्य के द्वारा दीप प्रज्वलित व पुष्पार्जन कर किया गया। इससे पूर्व विद्यालय परिसर में नवनिर्मित कंप्यूटर व प्रधानाचार्य कक्ष का भी उद्घाटन अतिथियों के द्वारा नारियल फोड़कर पूरे विधि विधान के साथ किया गया।






प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार ने कहा कि विद्यालय अपना सोलहवां वार्षिकोत्सव मना रही है। इन 16 वर्षों में विद्यालय परिवार ने बहुत से उतार-चढ़ाव देखे तमाम लोगों के सहयोग से आज क्षेत्र में सरस्वती शिशु विद्या मंदिर की एक अलग पहचान है। हमारे विद्यालय का एकमात्र उद्देश्य गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि विद्या विकास समिति झारखंड के प्रदेश सचिव अजय तिवारी ने कहा कि सरस्वती शिशु विद्या मंदिर किसी पहचान की मोहताज नहीं है। शिक्षा के क्षेत्र में अपूरणीय कार्य कर रही हैं। सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में शिक्षा की नई तकनीक को अपनाते हुए गुणवत्तापूर्ण व संस्कार युक्त शिक्षा मुहैया कराई जाती है। विद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष बजरंग उराँव ने कहा कि क्षेत्र के तमाम लोगों के सहयोग से यह स्कूल विकास के पथ पर अग्रसर है। प्रत्येक साल बेहतर से बेहतर रिजल्ट देती जा रहे हैं। पूर्व पंचायत समिति सदस्य शरत कुमार विद्यार्थी ने कहा कि सरस्वती शिशु विद्या मंदिर क्षेत्र में शिक्षा को बढ़ावा देने की अहम योगदान कर रही हैं इसके माध्यम से गुणवत्ता व संस्कार पूर्ण शिक्षा प्रदान की जा रही है। इस विद्यालय का वार्षिक परीक्षा फल हमेशा बेहतर रहता है। हम अभिभावकों का भी फर्ज बनता है कि विद्यालय का सहयोग करें। कार्यक्रम को अन्य अतिथियों के द्वारा भी संबोधित किया गया। वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं के द्वारा कला संस्कृति का प्रदर्शन किया गया। मौके पर प्राचार्य आशुतोष पाठक, विमलेश तिवारी, देवा उराँव, रीता यादव, प्रभा उराँव, गणेश कुमार, संजय कुमार, वीरेंद्र साहू, सुरेंद्र साहू, गंगा प्रसाद साहू, विवेक प्रजापति आदि उपस्थित थे।

मिस्सा पूजा | हर्षोल्लास के साथ मनाया खजूर पर्व, विशप विंसेंट बरवा बोले

# प्रभु यीशु के बताए मार्ग का करें अनुसरण

**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**

जिले में रविवार को खजूर पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। खजूर पर्व को लेकर मसीही धर्मावलंबियों में उत्साह का माहौल रहा। सुबह से ही मसीही धर्मावलम्बी अपने हाथों में खजूर की कोमल कोमल डाली लेकर गिरजाघरों में पहुंचे एवं जहां पुरोहितों की अगुवाई में विशेष मिस्सा पूजा का आयोजन किया गया। मिस्सा पूजा से पर्व खजूर शोभायात्रा भी निकाली गई। जिला मुख्यालय के संत अन्ना गिरजाघर में भी खजूर पर्व हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ मनाया गया। खजूर पर्व के मौके पर गिरजाघर परिसर





मसीही धर्मावलम्बियों से खचाखच भरा हुआ था। चर्च परिसर में पांव रखने की जगह नहीं हो रही थी। भीड़ को देखते हुए मिस्सा पूजा स्थल में भी बदलाव किया गया है। पहले जहां चर्च परिसर के बरामदे में मिस्सा बलिदान चढ़ाया जाता था। वहीं इस वर्ष चर्च परिसर के दक्षिणी छोर में मिस्सा बलिदान चढ़ाया जा गया। सम्पूर्ण धर्मविधि विशप विंसेंट बरवा की अगुवाई में किया गया। बिशप का सहयोग बिजी फा इग्नासीयूस टेटे, फा एमानुएल बरला सहित दर्जनों पुरोहित किया। यहां खजूर पर्व को लेकर अलग अलग पांच स्थानों से खजूर शोभायात्रा निकाली गई। इसके बाद सभी लोग चर्च परिसर पहुंचे। मिस्सा पूजा के दौरान उसुर्लाइन की छात्रों द्वारा मिस्सा गीतों का संचालन किया गया। इधर जिले के सभी गिरजाघरों में भी खजूर शोभायात्रा निकाली गई। अपने संबोधन में विशप विंसेंट बरवा ने कहा कि बिशप ने खजूर पर्व का संदेश देते हुए कहा कि प्रभु यीशु की तरह ही विनम्र दीन बनकर जीवन में आगे बढ़ें। बिशप ने कहा कि यीशु ख्रीस्त के येरूसेलेम में प्रवेश का यह समारोह है। आज से एक सप्ताह विश्वासी पास्का पर्व तक विशेष मनन चिंतन में रहकर गुड फ्राइडे पर विशेष नजर रखते हुए परोपकारी पाप से दूर रहने का प्रयास करते हैं। मौके पर हजारों की संख्या में मसीही समुदाय के लोग खजूर पर्व में शामिल हुए।

# रघुवर दास का भाजपा नेताओं ने किया स्वागत

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

प्रस्तावित कार्यक्रम के तहत पलामू प्रमंडल जा रहे सूबे के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास का रविवार को कुडू बस स्टैंड में भाजपा कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने गर्मजोशी से स्वागत किया। इस दौरान स्थानीय समस्याओं की ओर रघुवर दास का ध्यान आकृष्ट कराया गया। संगठनात्मक पहलुओं पर भी भाजपा नेताओं ने उनसे रायशुमारी किया। मौके पर पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने भाजपा समर्थकों को मार्गदर्शन देकर उनमें जोश व उत्साह का संचार किया। इस मौके पर भाजपा प्रदेश अनुसूचित जाति मोर्चा के राजू रजक, संजय चौधरी कृष्णा मोदी,



सूरज साहू, अमित कुमार बंटू, राजेश प्रसाद ,जगजीत भारती, पंकज भारती, आनंद साहू, तपस्वी यादव, आनंद कुमार यादव, मनीष ठाकुर, राम साहू, शुभम साहू, बलराम राम, सुरेंद्र साहू, इंद्रजीत गुप्ता, अजीत लोहिया, नसीर अंसारी, विनय जयसवाल समेत अन्य मौजूद थे।

## NEWS इन ब्रीफ

### हेमन्त सरकार दलित विरोधी है: शत्रुघ्न

**मेदिनीनगर।** झारखण्ड क्रांति मंच के संस्थापक अध्यक्ष सह अखिल भारतीय अनुसूचित जाति महासभा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शत्रुघ्न कुमार शत्रु ने प्रेस बयान जारी कर गत 2 अप्रैल 2018 को सुप्रीम कोर्ट द्वारा एससी/एसटी एट्रोसिटीज एक्ट में किए गए संशोधन प्रस्ताव के खिलाफ सम्पूर्ण भारत बन्द में अपनी शहादत देनेवाले सभी 13 शहीदों को विनम्र श्रद्धांजलि व कोटि कोटि नमन अर्पित करते हुए कहा है कि उस ऐतिहासिक आन्दोलन में झारखण्ड के सैकड़ों आन्दोलनकारियों पर दर्ज झूठे मुकदमे को पांच साल बाद भी वापस नहीं लेने वाली हेमन्त सरकार घोर दलित-शोषित विरोधी है। जारी बयान में उन्होंने कहा है कि परमपूज्य बोधिसत्व बाबा साहेब डा० अम्बेडकर ने भारत के संविधान में सदियों से प्रताड़ित व अपमानित एससी/एसटी वर्गों के संवैधानिक अधिकारों की रक्षा का प्रावधान किया था। जिसके तहत इन वर्गों के हितों के लिए अत्याचार निवारण अधिनियम 1989 अस्तित्व में आया था। लेकिन अफसोस की बात है कि झारखण्ड के ट्राइबल सीएम के रुप में हेमन्त सोरेन ने हमारी आशाओं पर पानी फेरने का कार्य किया है। बयान के अंत में उन्होंने कहा है कि हेमन्त राज में भी एससी/एसटी एक्ट मजाक में तब्दील हो रहा है,जो निंदनीय है।

### उद्योगपति की सरकार बनकर रह गई है केंद्र सरकार : श्याम

**मेदिनीनगर।** मनातू प्रखंड के चक ग्राम पंचायत भवन मे रविवार को आयोजित बैठक में झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी शिक्षा विभाग के प्रदेश चेयरमैन श्याम नारायण सिंह बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित हुए। उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि वर्तमान की केंद्र सरकार अडानी मामले में जिस तरह बेबस दिखाई दे रही है। मानो एक उद्योगपति के इशारे पर ही देश चल रही है। उन्होंने कहा कि अब केंद्र सरकार के एजेंडे मे बढ़ती बेरोजगारी और महंगाई नहीं बल्कि बीजेपी और उनके नेताओं का पहला लक्ष्य सरकारी निकायों को उद्योगपतियों को सौंपने का है। अडानी मामले में राहुल गांधी के द्वारा जेपीसी मांग के बाद कार्रवाई अडानी पर ना करके बौखलाई भाजपा लगातार राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए झूठा केस बनाकर कार्यवाही करने का काम कर रही है। जिससे साफ दिखाई दे रहा है की केंद्र सरकार एक उद्योगपति को बचाने का काम कर रही है। कार्यक्रम में सुधीर सिंह, गणेश रवि, विद्यानंद पाठक, विजय यादव अर्जुन यादव ,तौकीर अंसारी ,मुस्ताक अंसारी ,शहाबुद्दीन अंसारी, सुरेश यादव, सरजू प्रसाद ,चंद्रदेव राम आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

### देवरी मस्जिद में तरावीह की नमाज संपन्न

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद अनुमंडल क्षेत्र के देवरी मस्जिद में रमजान चांद रात से चल रही तरावीह की नमाज शनिवार की रात संपन्न हो गया। नमाज -ए- तरावीह हाफिज सब्बीर कारा ने अदा कराई। नमाज के बाद मिलादुन्नबी का आयोजन किया गया। इस मौके पर हाफिज सब्बीर कारी ने कहा कि मुसलमानों को रमजान महीने में रोजा के साथ तरावीह की नमाज जरूर अदा करना चाहिए। क्योंकि कुरान का तिलावत सुनने वाला पुण्य का हकदार होता है। वहीं मौके पर नमाजियों ने हाफिज सब्बीर कारी को नजरान के रूप में नगद राशि दी। इसके बाद नमाजियों ने मुल्क में अमन चैन व तरक्की की दुआ की गई। इस मौके पर मुस्लिम कमिटी के सदर निजाम खान, सचिव इरफान खान, देवरी मदरसा मौलवी गुफरान रजा खान, शेख जुबैर, वकील अहमद, शकील अहमद, इकरामुद्दीन अंसारी, अफरोज खान, मुस्तफा खान, सैयद अफान मीर, मो मजहर, मोनू खान, मोहसिन इदरीसी, लाल बाबू, सन्नी, शेख इमरान,बबलु अंसारी, साजिद खान, कामरान मीर, आफताब खान, वसीम अंसारी, जावेद खान, चिंटू मंसूरी, शमशेर खान समेत कई अकीदतमंद मौजूद थे।

# शोभायात्रा में डीजे नहीं बजायेगी परशुराम सेना

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** राष्ट्रीय परशुराम सेना युवा वाहिनी की बैठक रविवार को की गई। जिसकी अध्यक्षता प्रमंडलीय संरक्षक विवेकानंद त्रिपाठी ने की। जबकि संचालन यशवंत तिवारी ने किया। बैठक में आगामी 22 अप्रैल को भगवान परशुराम की जन्मोत्सव शोभायात्रा में डीजे नहीं बजाने का निर्णय लिया गया। डीजे के बदले कर्णप्रिय साउंड का प्रयोग किया जायेगा। जन्मोत्सव को भव्य बनाने के लिए तैयारी प्रारंभ कर दी गई है। इसके तहत टीम



बनाकर युवा वाहिनी प्रत्येक गांव का भ्रमण करेगी। बैठक में लिए गए निर्णयानुसार जीवंत झांकी, तरसा व पारंपरिक वाद्ययंत्रों के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली जायेगी। बैठक में युवा वाहिनी के प्रदेश कोर कमेटी सदस्य नवीन तिवारी,संजय मिश्रा, बिजू बाबा, प्रदेश संरक्षक आशीष भारद्वाज, प्रदेश कार्यालय प्रभारी ज्ञानेश तिवारी, प्रमंडलीय संरक्षक प्रदीप दूबे, राकेश पांडेय, किशोर दूबे, अजय शुक्ला, प्रवीण पाठक, प्रमंडलीय, प्रभारी पंडित चंदन तिवारी प्रमंडलीय अध्यक्ष लल्लू पांडेय, महासचिव बबल पांडेय, जिलाध्यक्ष पंडित विकास दूबे, जिला उपाध्यक्ष विक्रांत त्रिपाठी, राधेश्याम तिवारी, दिलीप तिवारी, मनीष तिवारी, राकेश तिवारी, शशी राय, मनीष तिवारी, मिथलेश दूबे, परितोष पांडेय व आशीष दूबे के साथ कई सदस्य मौजूद थे।

# रेलवे प्लेटफार्म पर चला विशेष टिकट चेकिंग अभियान

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** सीआईसी सेक्शन टोरी गढ़वा रोड स्टेशन के बीच ट्रेनों व प्लेटफार्म पर रविवार को विशेष टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया। इस टिकट चेकिंग अभियान का नेतृत्व मुख्य टिकट निरीक्षक बीएम पांडे कर रहे थे। उनके साथ उनकी टीम और आरपीएफ की टीम भी मौजूद थी। इस दौरान ट्रेन पर बगैर टिकट यात्रा कर रहे 105 यात्रियों को पकड़ा गया। उन यात्रियों से जुर्माना के तौर पर 50,015 रुपये का राजस्व एकत्र किया गया। टिकट चेकिंग अभियान में मिशन 50



हजार का राजस्व आसानी से और सफलतापूर्वक पूरा किया गया।

## नियोजन नीति के विरोध में पैदल मार्च का आयोजन आज

**मेदिनीनगर।** पलामू में नियोजन नीति विरोधी मोर्चा के द्वारा सरकार द्वारा पारित 60/40 नियोजन नीति के विरोध में आज रविवार को सुबह 11 बजे से रेड़मा ,बीसीसी माइनर कंपाउंड से रेड़मा चौक ,ओवर ब्रिज , छह मुहान, मुंसफ महतो रोड होते उपायुक्त कार्यालय तक पैदल मार्च का आयोजन किया गया । पलामू उपायुक्त को ज्ञापन सौंपने के बाद मोर्चा के द्वारा एक प्रेस वार्ता का आयोजन भी किया गया । गौरतलब है कि सरकार के द्वारा बनाये गए नियोजन नीति के विरोध में पूरे राज्य में विरोध किया जा रहा है। पलामू में भी युवाओं के द्वारा नियोजन नीति का लगातार विरोध किया जा रहा है।

# बेरोजगार मोर्चा ने नियुक्ति को लेकर की बैठक



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** बेरोजगार संघर्ष मोर्चा की बैठक जिला कार्यालय में हुई। जिसकी अध्यक्षता मोर्चा अध्यक्ष उदय राम ने की। बैठक में सफल अभ्यर्थियो के चतुर्थवर्गीय पदों पर नियुक्ति की मांग को लेकर चलाये जा रहे आंदोलन की समीक्षा की गई। साथ ही 5 अप्रैल को देश के उप प्रधानमंत्री बाबु जगजीवन राम की 115 वीं जयंती को धुमधाम के साथ मनाने का निर्णय लिया गया। जगजीवन राम का जन्म 5 अप्रैल 1908 ई० को हुआ था। जगजीवन राम दलितों के हक अधिकार को दिलाने के साथ ही साथ आरक्षण दिलाने एवं लागु कराने के लिए काफी संघर्ष किया। वे आजीवन लोक सभा के सदस्य रहें एवं 16 वर्षो तक कैबिनेट मंत्री रहे ,हरित क्रांति श्रमसुधारों व सामाजिक न्याय के क्षेत्र में काफी योगदान दिया। अंग्रेजों भारत छोड़ों आंदोलन में सक्रीय भूमिका निभायी मोर्चा सदस्यों ने पलामू में जगजीवन राम की प्रतिमा लगाने की मांग की है। मौके पर जयपाल मोची, संजीत कुमार, राणा पासवान, यशवंत कुमार, सन्नी पासवान, संजय चौरसिया, प्रभात कुमार, रंजीत कुमार, दिपक कुमार, राम पुकार विश्वकर्मा, मनोज सिंह, अजित कुमार,सहित कई लोग शामिल थे।

## महिला को हथौड़ी से मार कर किया घायल



**मेदिनीनगर।** चैनपुर थाना क्षेत्र के खरवार मुहल्ला में दो महिलाओं के बीच बच्चों को लेकर हुए झगड़े में एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। जानकारी के अनुसार खरवार मुहल्ला निवासी अमानत अंसारी की पत्नी सैरुन खातून के बच्चों के बीच हुए झगड़ा को लेकर मुहल्ले की ही फुलदेवी नामक महिला से झगड़ा हो गया। झगड़ा इतना बढ़ गया कि कुलदेवी सैरुन खातून को हथौड़ी से सिर में मार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। इसके बाद स्थानीय लोगों के द्वारा घायल को इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल में भर्ती कराया है। जहां उसका इलाज चल रहा है।

# बंशीधर महोत्सव 8 व 9 को

### केंद्रीय संसदीय कार्य एवं संस्कृति मंत्रालय के राज्यमंत्री अर्जुन राम मेघवाल करेंगे महोत्सव का उद्घाटन

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू सांसद वीडी राम के अथक प्रयासों के परिणाम स्वरूप कोरोना कालखंड के बाद पहली बार बंशीधर महोत्सव का आयोजन 8 एवं 9 अप्रैल को होगा। जिसका उद्घाटन केंद्रीय संसदीय कार्य एवं संस्कृति मंत्रालय के राज्यमंत्री अर्जुन राम मेघवाल करेंगे। इस महोत्सव में पलामू वासियों को शामिल होने के लिए आमंत्रण पत्र वितरण हेतु मुख्य बाजार में वाराणसी से आये राधे कृष्ण स्वरूप (राजा एवं रिशु) तरसा ढोल बजाते हुए कलाकारों के साथ भाजपा के वरिष्ठ नेताओं कार्यकर्ताओं के साथ सांसद ने रविवार को स्वयं किया । इस मौके पर पलामू सांसद ने कहा कि गढ़वा जिले के अनुमंडल मुख्यालय श्री बंशीधर नगर स्थित श्री बंशीधर मंदिर एक ऐतिहासिक धरोहर है। इस मंदिर में



32 मन यानी 1280 किलोग्राम शुद्ध सोने से निर्मित भगवान श्रीकृष्ण की प्रतिमा के साथ वाराणसी से मंगाया गया अष्टधातु का मां राधिका की प्रतिमा स्थापित है। झारखंड, छत्तीसगढ़ व उत्तर प्रदेश के संगम स्थल पर श्री बंशीधर मंदिर बांकी नदी के किनारे अवस्थित है। श्रीकृष्ण की यह अद्भुत प्रतिमा जमीन में करीब 5 फीट गड़े शेषनाग के फन पर निर्मित 24 पंखुड़ियों वाले विशाल कमल पुष्प पर विराजमान है। श्रीकृष्ण की आदमकद प्रतिमा करीब साढ़े चार फीट की है। नगर उंटारी राजपरिवार के संरक्षण में यह मंदिर देश व विदेश के पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र है। वहीं स्थानीय लोगों के लिए आस्था व विश्वास का केंद्र बना हुआ है। सांसद के अथक प्रयासों से हर वर्ष यहां श्री बंशीधर महोत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया जाता है। लेकिन कोविड-19 को लेकर पिछले वर्ष से श्री बंशीधर महोत्सव का आयोजन नहीं हो पा रहा है। इसके कारण श्री कृष्ण भक्तों में मायूसी भी है। मेरे काफी प्रयासों के बाद इस वर्ष पुनः, बंशीधर महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। जिससे पलामू संसदीय क्षेत्र में काफी खुशी का माहौल है। आमंत्रण पत्र वितरण कार्यक्रम में श्याम नारायण दुबे,अरुणा शंकर, मंगल सिंह ,विपिन सिंह ,प्रेम सिंह ,परशुराम ओझा, अमित तिवारी, नरेंद्र पांडे, अविनाश वर्मा, मुरारी पांडे, विजय ओझा ,शिव कुमार मिश्रा, सोमेश सिंह, ईश्वर पांडे ,संजय कुमार ,संजय गुप्ता ,विशाल दुबे ,अभिषेक चौरसिया, जय दुबे ,शुभक तिवारी ,ज्योति पांडे, अरुण सिंह ,स्वेतांग गर्ग ,छोटू सिन्हा ,सुनील पांडे ,जवाहर चंद्रवंशी, सिकंदर चौधरी, भोला पाण्डेय, मनीष तिवारी ,राघवेंद्र तिवारी ,अमित आनंद, संदीप दास, आनंद सिंह ,सुशील सिंह, रिंकू दुबे ,पंकज शर्मा, किशन मकड़िया, सरवन गुप्ता ,राजेश गुप्ता, मनोहर कुमार ,लाली रूपा सिंह, रीना किशोर, सीटू गुप्ता, सुनीता सिंह ,सुमन गुप्ता, आनंद किशोर तिवारी, अमर मिश्रा ,पंकज निराला, विवेक चौबे, वासु कुमार ,शुभम राज, सूरज कुमार, संतु चंद्रवंशी ,रंजन वर्मा, धीरज गुप्ता, संजय प्रजापति, शशि भूषण मिश्रा ,राजकुमार वर्मा,किशोर पांडेय , संजय वर्मा सहित सैकड़ों कार्यकर्तागण शामिल हुए।

# रामचंद्र विद्यार्थी की जयंती सम्पन्न

नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद ।** झारखंड कुम्हार समन्वय समिति, पलामू के हुसैनाबाद अनुमंडलीय समिति के तत्वावधान में 2 अप्रैल रविवार को बाल शहीद रामचंद्र विद्यार्थी जयंती समारोह का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता अनुमंडलीय समिति के अध्यक्ष विगन प्रजापति ने की। वहीं मंच संचालन सचिव मुरली मनोहर प्रजापति ने किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि झारखंड माटी कला बोर्ड सदस्य सह झारखंड कुम्हार समन्वय समिति के समन्वयक अविनाश देव ने बाल शहीद रामचंद्र विद्यार्थी की तस्वीर के समक्ष दीप-प्रज्वलित व श्रद्धांजलि देकर कार्यक्रम की शुरूआत की। मौके पर उन्होंने बाल शहीद रामचंद्र विद्यार्थी की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि अमर शहीद रामचंद्र विद्यार्थी का जन्म 01 अप्रैल 1929 को उत्तर प्रदेश के जिला देवरिया के नौतन हतियागढ़ गाँव में बाबूलाल प्रजापति के घर हुआ था। वहीं कार्यक्रम का धन्यवाद ज्ञापन समिति के संरक्षक सुदर्शन प्रजापति ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में झारखंड कुम्हार समन्वय समिति के हुसैनाबाद अनुमंडलीय कोषाध्यक्ष महावीर प्रजापति, सदस्य पप्पू प्रजापति, सत्येंद्र प्रजापति, नंदू प्रजापति, पंचायत समिति सदस्य सरिता देवी, पूर्व पंचायत समिति सदस्य परमेन्द्र प्रजापति, अनिता मनोहर, अच्छे लाल प्रजापति, अनूप प्रजापति, धर्मेंद्र प्रजापति, मनोज कुमार प्रजापति, कृष्ण कुमार पंडित, ललन प्रजापति, परशुराम प्रजापति, नंदकिशोर प्रजापति, उमेश प्रजापति, राजमुनि प्रजापति, भीम प्रजापति, बैजनाथ प्रजापति, रंजीत प्रजापति, कृष्णा प्रजापति, रमेश प्रजापति, अरविंद प्रजापति, शिवनाथ प्रजापति, कुंदन प्रजापति, बाबू प्रजापति, शोभा प्रजापति, रंजीत प्रजापति, अनिल प्रजापति, संतोष प्रजापति, बसंत प्रजापति, मुरली श्याम प्रजापति आदि ने सक्रिय भूमिका अदा की।

# अस्पताल अधीक्षक ने मरीज को दिलाया ब्लड

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** तरहसी थाना क्षेत्र के ग्राम गोइंदी निवासी कृत यादव की पत्नी तेतरी देवी उम्र 60 वर्ष का दो दिन पहले अचानक तबीयत खराब हो गया और उसे ब्लड की कमी हो गई। इसके बाद तेतरी देवी के पुत्रों द्वारा तेतरी देवी को इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों द्वारा इलाज के बाद खून की कमी बताई गई। बताते चलें कि तेतरी देवी के 4 पुत्र है चारों पुत्र ने एक-एक कर उसे चार यूनिट ब्लड दे दिया। फिर भी उसकी स्थिति गंभीर बनी हुई थी। उसे एक यूनिट और ओ पॉजिटिव ब्लड की



अति आवश्यकता थी। मरीज के परिजन रविवार को ब्लड के लिए दिन भर इधर-उधर भटकते रहे, फिर भी उन्हें ब्लड उपलब्ध नहीं हो पाया। इसके बाद किसी व्यक्ति के द्वारा इसकी जानकारी अस्पताल अधीक्षक को दी गई। अस्पताल अधीक्षक डीके सिंह ने देर ना करते हुए। गंभीर मरीज को एक यूनिट ब्लड उपलब्ध कराया। तेतरी देवी अत्यंत गरीब महिला है उसके पुत्र किसी तरह प्राइवेट काम कर अपना जीवन बसर करते हैं। तत्काल ब्लड उपलब्ध हो जाने के बाद तेतरी देवी के पुत्र ने अस्पताल अधीक्षक को धन्यवाद दिया है। और कहा कि यदि अस्पताल अधीक्षक ब्लड उपलब्ध नहीं कराते तो मेरी मां की जान नहीं बच पाती।

# अनुसूचित जिलों में जाने का शिक्षकों ने दिया विकल्प

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू सहित राज्य के माध्यमिक विद्यालयों में नियुक्त स्नातक प्रशिक्षित शिक्षकों में 630 शिक्षकों ने विभाग के द्वारा मांगे जाने पर गैर अनुसूचित जिलों से अनुसूचित जिलों में जाने का विकल्प दिया है। स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग ने इन 630 शिक्षकों में से 400 शिक्षकों को अनुसूचित जिलों में पदस्थापन के योग्य पाया। विभाग ने अब इन शिक्षकों को अनुसूचित जिलों में पदस्थापन के लिए शिक्षकों विरमित करने का आदेश संबंधित गैर अनुसूचित जिलों के जिला पदाधिकारियों को दिया है। गौरतलब है कि यह कार्रवाई सोनी कुमारी मामले में सर्वोच्च न्यायालय द्वारा पारित आदेश के आलोक में की जा रही है। विभाग ने गैर अनुसूचित जिले देवघर, गोड्डा,



गढ़वा, पलामू, कोडरमा, हजारीबाग, रामगढ़, धनबाद, गिरिडीह, बोकारो एवं चतरा के जिला शिक्षा पदाधिकारियों को इसकी जानकारी देते हुए कहा है कि सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के आलोक में गैर अनुसूचित जिला में नियुक्त एवं कार्यरत स्नातक प्रशिक्षित शिक्षकों से अनुसूचित जिलों में प्राप्तांक के आधार पर विकल्प की मांग की गई थी।

## जहरीला पदार्थ खाने से युवक की मौत

**हुसैनाबाद।** रापुरा गांव निवासी सीताराम रजवार ने घरेलू विवाद में जहरीला पदार्थ खा कर आत्महत्या कर लिया। घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि घरेलू विवाद में 28 वर्षीय सीता राम रजवार ने जहरीला पदार्थ खा लिया। उन्हे तत्काल अनुमंडलीय अस्पताल हुसैनाबाद लाया गया। जहां चिकित्सकों ने उन्हे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पर एनसीपी के प्रदेश प्रवक्ता सूर्या सिंह ने अनुमंडलीय अस्पताल हुसैनाबाद पहुंचकर परिजनों को ढाढ़स बंधाया। उन्होंने उनकी आर्थिक स्थिति को देखते हुए आर्थिक मदद भी की।

# आप ने उपायुक्त को किया सम्मानित : बच्चन

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** सफल व शांतिपूर्ण तरीके से रामनवमी का आयोजन संपन्न कराने को लेकर आम आदमी पार्टी पलामू के कार्यकर्ताओं ने पलामू उपायुक्त को पुटूस फूल का पौधा देखकर सम्मानित किया। उपायुक्त कार्यालय में उपायुक्त से मिलकर पलामू में आपसी सौहार्द्र और भाईचारे को कायम बनाए रखने के लिए उन्हे बधाई दी। असामाजिक तत्वों के द्वारा आपसी भाईचारा को खत्म करने का प्रयास किया जा रहा है । प्रशासनिक पदाधिकारी एवं रामनवमी जनरल अध्यक्ष पलामूवासी सहित तमाम लोगों का प्रयास से रामनवमी पर्व शांतिपूर्वक मनाया गया। गंगा जमुना तहजीब को बरकरार रख पलामूवासी एक मिसाल कायम किया हैं । आप नेता कौशल किशोर बच्चन ने पलामू



वासियों सहित तमाम प्रशासनिक पदाधिकारियों, रामनवमी जनरल अध्यक्ष, राम भक्तों सहित मुहर्रम इंतजामिया कमिटी अध्यक्ष एवं सदस्यों सहित तमाम छोटे-बड़े सामाजिक संगठन, जिन्होंने रामनवमी में लोगों की सेवा भाव से जुड़ कर लोगों की सेवा करने का काम किया । साथ ही हमारे नगर निगम के सफाई कर्मी छठ पर्व त्योहार जैसे व्यस्ततम समय में भी पर्व से पहले और पर्व के दिन भी और पर्व के बाद शहर को साफ सुथरा बनाए रखने में अपना योगदान दिया। मैं सभी का आभार व्यक्त करता हूं, कार्यकारी सचिव सुधीर कुमार ने पलामू वासियों से अपील किया की ,इसी तरह से आप सभी भाईचारे को कायम रखें । आपसी सौहार्द्र हमेशा बनी रहे ,यह हमारी पलामू की पहचान है। सम्मान करने वालों में आप नेता सुधीर कुमार, कौशल किशोर बच्चन, मसरूर अहमद, अरुण वर्मा, मुकेश कुमार, प्रो. जगन्नाथ प्रसाद ,मुन्ना कुमार, सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

**तैनाती** — सीआरपीएफ ने मनाया स्थापना दिवस

# नक्सल विरोधी अभियान में एक दशक से तैनात हैं जवान

### सीआरपीएफ की वीरता की कई गाथाएं हैं, बूढ़ापहाड़ अभियान में 134 बटालियन की भूमिका अहम रही है : डीआईजी

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू केंद्रीय रिजर्व बल की 134 बटालियन पलामू के इलाके में नक्सल विरोधी अभियान में पिछले एक दशक से भी अधिक समय से तैनात है। बटालियन की कंपनी बूढ़ापहाड़, सारंडा समेत कई इलाकों में तैनात की गई है। एक अप्रैल को सीआरपीएफ की 134 बटालियन ने अपना स्थापना दिवस मनाया। शनिवार की रात जीएलए कॉलेज स्थित सीआरपीएफ 134 बटालियन के मुख्यालय में स्थापना दिवस समारोह का आयोजन किया गया। स्थापना दिवस समारोह में सीआरपीएफ के डीआईजी विनय नेगी, पलामू एसपी चंदन




कुमार सिन्हा, कमांडेंट 112 प्रमोद साहू, कमांडेंट 134 सुदेश कुमार समेत सीआरपीएफ और पुलिस के कई टॉप अधिकारी मौजूद थे। स्थापना दिवस समारोह को संबोधित करते हुए डीआईजी विनय नेगी ने कहा कि सीआरपीएफ की वीरता की कई गाथाएं हैं। बूढ़ापहाड़ अभियान में 134 बटालियन की भूमिका अहम रही है। नक्सल विरोधी अभियान में शामिल जवान इलाके में शांति व्यवस्था कायम करने में लगे हैं। वहीं इनके अंदर कई प्रतिभाएं भी मौजूद हैं। उन्होंने कहा कि बूढ़ापहाड़ का इलाका चारों तरफ से आईईडी से घिरा हुआ था, जवानों ने वीरता दिखाते हुए इलाके में अपना कब्जा जमाया है। दशकों बाद सुरक्षाबलों की मौजूदगी में इलाके में विकास के कार्य शुरू हुए हैं। बूढ़ापहाड़ के इलाके में नक्सलियों खिलाफ अभियान ऑक्टोपस जारी है और इसमें जवान पूरी तरह से मुस्तैद हैं। सीआरपीएफ 134 बटालियन का गठन 1 अप्रैल 1994 को किया गया था। पलामू में सीआरपीएफ 134 बटालियन की टीम एक दशक से भी अधिक समय से तैनात है। सीआरपीएफ 134 बटालियन पलामू के डगरा, कुहकुह, चक, ताल, मनातू के इलाके में तैनात की गई है। बटालियन की मौजूदगी के बदौलत झारखंड-बिहार सीमा पर माओवादियों की स्थिति कमजोर हुई है।

# दिव्यांग संघ की बैठक में लिए गये कई निर्णय

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला दिव्यांग संघ की बैठक रविवार को कचहरी परिसर में की गई। जिसकी अध्यक्षता पलामू दिव्यांग संघ के पूर्व कोषाध्यक्ष एवं वर्तमान संरक्षण कमिटी के सदस्य पवन कुमार



गुप्ता ने किया। बैठक में निम्न बिन्दुओं पर चर्चा हुई,समिति के अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार कुशवाहा ने कहा कि झारखंड सरकार के द्वारा दिव्यांग जनों को बजट से दूर रखा गया है । यह बहुत ही चिंता का विषय है। कमिटी के सचिव रामपुकार सिंह ने उपायुक्त से मांग किया है कि दिव्यांग जनों को स्वरोजगार एवं मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना से जोड़ा जाये। कमिटी के कोषाध्यक्ष उमेश मेहता ने कहा कि जिला दिव्यांग आवासीय विद्यालय को प्रशासन के द्वारा साजिश के तहत लगभग दो वर्षो से बंद कर दिया गया है। जिला दिव्यांग आवासीय विद्यालय बंद होने के कारण बहुत से दिव्यांग बच्चों का भविष्य अंधकार पड़ गया हैं। पलामू जिला उपायुक्त से जिला दिव्यांग आवासीय विद्यालय को जल्द से जल्द खोलने की मांग की। आज के बैठक में उपस्थित दिव्यांग भाई बहनें संतोष कुमार गुप्ता, बीरबल यादव, अकील अजहर, जयप्रकाश गुप्ता, अवधेश राम, रामजीत सिंह, इंदु उरांव, मुकेश कुमार मेहता, महताब अंसारी, कुंदन रवि, विंध्याचल सिंह, सुरेंद्र कुमार, अशोक राम, रिंकी कुमारी, ललिता कुमारी, सीमा कुमारी, प्रेमा देवी,संजू कुमारी, अरविंद कुमार, मंदीप कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# मॉक ड्रिल व सावधानी

***कोरोना*** एक वायरस है जो अभी गया नहीं है। इस बात का ध्यान रखना जरूरी है। हाल में देश के अनेक हिस्सों में कोरोना के मामले डराने वाले आ रहे हैं। इसे लेकर पिछली गलतियों को दुहराने की बजाय कारगर उपाय की जरूरत है। झारखंड में कोरोना को लेकर मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। इसके अंतर्गत अस्पतालों की तैयारी का जायजा लिया गया। दवा के रख रखाव पर भी चर्चा की गयी। इसे लेकर बाजार गर्म हैं। झारखंड में कोरोना के एक्टिव केसों की संख्या दो दर्जन के आस-पास बतायी जा रही है। ये सभी केस पूर्वी सिंहभूम,पश्चिमी सिंहभूम और देवघर आदि जगहों पर मिले हैं। ऐसे में अतिरिक्त सावधानी आवश्यक है। जैसा हमलोग जानते हैं कि इन्हें फैलने में ज्यादा वक्त नहीं लगता है। उचित शारीरिक दूरी और वैक्सीनेशन के डोज पर ध्यान देना आवश्यक है। टीका ने करोड़ो लोगों की जानें बचायी हैं। इस स्थिति में केन्द्र सरकार को चाहिए कि झारखंड जैसे आदिवासी राज्य में वैक्सीन की आपूर्ति बढ़ाने पर ध्यान दे। कारण कोरोना का वायरस समय के साथ जरूर कमजोर पढ़ा है,लेकिन गया नहीं है। गर्मी के मौसम के साथ राज्य में पिछले कुछ दिनों से बारिश भी हो रही है। ऐसे में सामान्य सर्दी भी लंबे समय तक बनी रह सकती है। सामाजिक व्यवहार में भीड़ भाड़ जगहों में संक्रमण से बचाव की कोशिश कर ही हम वैश्विक महामारी से बच सकते हैं। बहरहाल पिछले कोरोना के समय को हम लोगों भूले नहीं हैं। ऐसे में प्रथम दृष्टया देखा जाये तो लापरवाही के कारण हजारो जानें असमय चली गयी थी। तैयारी के नाम पर हमारे पास कुछ नहीं था। कहने का अभिप्राय अस्पतालों की स्थिति अच्छी नहीं थी। दवा की कमी थी। दूसरी तरफ वैक्सीनेशन डोज के नाम पर राजनीति चरम पर थी। इस स्थिति में मौसम के मिजाज यह बताने के लिए काफी हैं कि किसी भी समय कोरोना की लहर तेज हो सकती है। कारण जिस तरह गर्मी और ठंडा का प्रकोप बढ़ रहा है,वह यह बताने के लिए काफी हैं कि सर्तकता जरूरी है। माक ड्रिल में भी जो बातें सामने आयी हैं, वह बताने के लिए काफी है कि इस ओर हमारी उदासीनता है। राज्य के अस्पताल बदहाल हैं। यहां दवा और ऑंक्सीजन की भारी कमी है। ऐसे में कोरोना लहर को नहीं रोका जा सकता है। अच्छा होगा कि पहले से ही इसकी तैयारी कर ली जाये। ऐसा नहीं होने पर इसके भयावह परिणाम भी आ सकते हैं। इस बीमारी को हल्के में नहीं लिया जा सकता है। कारण यह वायरस काफी खतरनाक होते हैं। जैसा हमलोग देख भी चुके हैं। हालांकि कई प्राइवेट अस्पताल इसकी तैयारी में लग गये हैं। ऐसे अस्पताल प्रबंधक इसे अवसर के रूप में देख रहे हैं। इन्हें सेवा से नहीं,धन से मतलब है। इस ओर भी राज्य सरकार का ध्यान होना आवश्यक है। मौसम की बेरूखी ने यह बतलाना शुरू कर दिया है कि हर व्यक्ति अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखे। इस मौसम में होने वाली बीमारी अधिसंख्य कोरोना के इर्द-गिर्द डेरा जमाने के लिए काफी हैं। ऐसे में हम कह सकते हैं कि सावधानी हटी,दुर्घटना घटी। इसलिए सरकार के भरोसे न रहते हुए प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है कि वह अपने स्वास्थ्य का ख्याल रखे। हमें बाहरी शक्तियों को अपने शरीर में प्रवेश नहीं करने देना है। मास्क का प्रयोग शुरू कर देना चाहिए। साथ ही गाड़ियों की चेकिंग के दौरान मास्क की भी चेकिंग की जाये। तभी हमारी तैयारियों को सफलता मिलेगी।

**सामाजिक व्यवहार में भीड़ भाड़ जगहों में संक्रमण से बचाव की कोशिश कर ही हम वैश्विक महामारी से बच सकते हैं। बहरहाल पिछले कोरोना के समय को हम लोगों भूले नहीं हैं।**

# अंतरिक्ष में इसरो के बढ़ते कदम





योगेश कुमार गोयल

***भारतीय*** अंतरिक्ष अनुसंधान संस्थान (इसरो) अंतरिक्ष की दुनिया में निरन्तर कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। पिछले कुछ वर्षों में इसरो के वैज्ञानिकों ने अंतरिक्ष में कई बड़े मुकाम हासिल किए हैं। अब इसरो ने पिछले दिनों कुल 5805 किलोग्राम वजनी 36 उपग्रह एक साथ लांच कर एक बार फिर नया इतिहास रच दिया। इसरो के बाहुबली कहे जाने वाले सबसे भारी भरकम प्रक्षेपण यान 'एलएमवी3' (लांच व्हीकल मार्क-3) ने ब्रिटिश कम्पनी के इन उपग्रहों को लेकर आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा में सतीश धवन अंतरिक्ष केन्द्र से उड़ान भरी और इन उपग्रहों को लो अर्थ ऑर्बिट (एलईओ) पर लांच कर दिया। इसरो द्वारा इस रॉकेट मिशन कोड का नाम एलएमवी3-एम3/वनवेब इंडिया-2 मिशन रखा गया था। रॉकेट लांच होने के 19 मिनट बाद ही उपग्रहों के अलग होने की प्रक्रिया शुरू हो गई थी और सभी 36 उपग्रह अलग-अलग चरणों में पृथक हो गये। लो अर्थ ऑर्बिट पृथ्वी की सबसे निचली कक्षा होती है और ब्रिटेन (यूके) स्थित नेटवर्क एक्सेस एसोसिएटेड लिमिटेड (वनवेब) के 36 उपग्रहों को अंतरिक्ष में स्थापित करने के बाद अब पृथ्वी की निचली कक्षा में उपग्रहों के समूह की पहली पीढ़ी पूरी हो गई है। इस सफल अभियान से दुनिया के प्रत्येक हिस्से में स्पेस आधार ब्रॉडबैंड इंटरनेट योजना में मदद मिलेगी। इस वर्ष फरवरी में एसएसएलवी- डी2/ ईओएस 07 मिशन के सफल लांच के बाद इसरो का यह दूसरा सफल लांच था। इसरो का 43.5 मीटर लंबा और 643 टन वजनी भारतीय रॉकेट एलएमवी3 अब तक चंद्रयान-2 मिशन सहित पांच सफल उड़ानें पूरी कर चुका है और 26 मार्च को इसकी छठी सफल उड़ान थी। एलएमवी3 को पहले जियोसिंक्रोनस सैटेलाइट लांच व्हीकल एमके3 (जीएसएलवी एमके3) के नाम से जाना जाता था। ब्रिटिश स्टार्टअप कम्पनी वनवेब में भारती एंटरप्राइजेज (एयरटेल) भी शेयर होल्डर है और वनवेब के 36 उपग्रहों की यह अंतिम किस्त थी। वनवेब के पास अभी तक अंतरिक्ष की कक्षा में 582 उपग्रह थे और अब इसरो का यह मिशन सफल होने के बाद भारत के भारती एंटरप्राइजेज और यूके सरकार की ओर से समर्थित ब्रिटेन की कम्पनी वनवेब के पास अंतरिक्ष में परिक्रमा करने वाले 618 उपग्रह हो गए हैं। वनवेब जेन-1 सैटेलाइट 150 किलोग्राम वर्ग के हैं। 26 मार्च को इसरो द्वारा लांच किये गये 36 उपग्रह वनवेब के लिए 18वां लांच था। वनवेब के मुताबिक इन उपग्रहों के जरिये वनवेब भारत सहित वैश्विक कवरेज देने में महत्वपूर्ण कदम उठा रहा है। वनवेब के उपग्रह प्रक्षेपणों के जरिये भारत के विभिन्न उपक्रमों के अलावा स्कूलों, गांवों, नगर निगमों, कस्बों सहित उन क्षेत्रों में भी सुरक्षित सम्पर्क की सुविधा उपलब्ध कराई जा सकेगी, जहां फिलहाल पहुंच बनाना मुश्किल है। तारामंडल में 648 अलग-अलग उपग्रह शामिल हैं, जिनमें से 588 सक्रिय उपग्रह 12 विमानों में समान रूप से अलग होकर पृथ्वी की सतह से करीब 1200 किलोमीटर की ऊंचाई पर संचालित होते हैं। अंतर-विमान टकराव को रोकने के लिए प्रत्येक विमान को ऊंचाई में 4 किलोमीटर से अलग किया जाता है। पेलोड एक बेंट-पाइप सिस्टम है, जो कू और के बैंड में काम करता है। फॉरवर्ड लिंक गेटवे से के-बैंड सिग्नल को उपग्रह के एंटीना के माध्यम से प्राप्त करता है। इसरो के मुताबिक वापसी लिंक उपग्रह के एंटीना के माध्यम से उपयोगकर्ता टर्मिनलों (यूटी) से केयू-बैंड सिग्नल प्राप्त करता है। वनवेब का इसरो की वाणिज्यिक शाखा 'न्यूस्पेस इंडिया लिमिटेड' (एनएसआईएल) के साथ कुल 72 उपग्रह लांच करने का एक हजार करोड़ रुपये से भी अधिक की लांच फीस का करार हुआ था, जिसमें से एक पिछले साल पूरा हो हो गया था, जब एलएमवी3 रॉकेट से ही इसरो ने 23 अक्तूबर 2022 को वनवेब के 36 उपग्रह लांच किये थे। अब फिर से इसी भारी भरकम रॉकेट से दूसरी बार इसी निजी कम्पनी के 36 उपग्रह सफलतापूर्वक लांच किये गए हैं और इस प्रकार एलएमवी3 की सफलता दर सौ फीसदी है। एलएमवी3 तीन चरणों वाला रॉकेट है, जिसमें पहले चरण में तरल ईंधन, ठोस ईंधन द्वारा संचालित दो स्ट्रैप-ऑन मोटर, तरल ईंधन द्वारा संचालित दूसरा और क्रायोजेनिक इंजन होता है। इसरो के इस भारी भरकम रॉकेट की क्षमता एलईओ तक 10 टन और जियो ट्रांसफर ऑर्बिट (जीटीओ) तक चार टन वजन ले जाने की है। इसरो के अध्यक्ष एस सोमनाथ के मुताबिक एलएमवी3 रॉकेट में गगनयान मिशन के लिए जरूरी लांचरों की ही भांति एस200 मोटर्स लगाए गए थे। एलवीएम3-एम3 रॉकेट में एस200 मोटर्स भी हैं, जिन्हें बढ़े हुए मार्जिन और विशेषताओं के साथ डिजाइन किया गया है और यह गगनयान कॉन्फिगरेशन के अनुकूल हैं। इसरो प्रमुख के अनुसार इस रॉकेट में और भी कई सुधार किये गये हैं। वनवेब के लिए इसरो के इस सफल मिशन के बाद वर्ष 1999 से लेकर अब तक अंतरिक्ष में भारत की ओर से लांच किये गये विदेशी उपग्रहों की कुल संख्या 422 हो गई है। इसरो के भविष्य के मिशनों के बारे में इसरो प्रमुख का कहना है कि इसरो के वैज्ञानिक अप्रैल में एक ध्रुवीय उपग्रह प्रक्षेपण यान के व्यावसायिक प्रक्षेपण की तैयारी कर रहे हैं और जल्द ही अगले लांच अभियान के लिए तैयार हो रहे हैं। इसरो की अगले साल जून में चंद्रयान-3 मिशन को चंद्रमा पर लांच करने की योजना को भी मूर्त रूप दिया जा रहा है, जिसके तहत गगनयान मिशन में तीन सदस्यों के एक दल को तीनदिवसीय मिशन के लिए 400 किलोमीटर की कक्षा में भेजा जायेगा। इस मिशन को 2024 की चौथी तिमाही में लांच करने का लक्ष्य रखा गया है। एस सोमनाथ का कहना है कि वह गगनयान मिशन की दिशा में हो रही प्रगति को देखकर काफी प्रसन्न हैं। भारत ने अपने ही बलबूते पर लंबे समय से अंतरिक्ष में अपनी पैठ बनाने में कई स्तरों पर बेहतरीन प्रयोगों और उसमें सफलता के जरिये स्वयं को एक मजबूत केन्द्र के रूप में विश्व के समक्ष साबित किया है। भारत ने विश्व के अन्य देशों के मुकाबले विशेष रूप से विज्ञान के क्षेत्र में निरन्तर उच्चस्तरीय कार्यों के जरिये वाणिज्यिक उपग्रह प्रक्षेपण के बाजार में बेहतर और सुरक्षित विकल्प पूरी दुनिया को दिया है। यही कारण है कि वैश्विक स्तर पर अंतरिक्ष में प्रयोग करने के मामले में कई देशों और अंतरिक्ष कम्पनियों का भरोसा अब इसरो की वाणिज्यिक शाखा पर बढ़ रहा है। बहरहाल, अंतरिक्ष की दुनिया में इसरो जिस प्रकार लगातार सफलता का परचम लहरा रहा है, उससे अंतरिक्ष विज्ञान की दुनिया में विश्वभर में भारत का दबदबा और मान निरन्तर बढ़ रहा है। इसरो के ऐसे सफल मिशनों की बदौलत भविष्य में इसरो को आर्थिक लाभ तो होगा ही, अंतरिक्ष विज्ञान की दुनिया में पूरी दुनिया भारतीय वैज्ञानिकों का दम भी देखेगी और इससे दुनिया के छोटे देश भी अपने अभियानों के लिए भारत की ओर आकर्षित होंगे।

**एलएमवी3 को पहले जियोसिंक्रोनस सैटेलाइट लांच व्हीकल एमके3 (जीएसएलवी एमके3) के नाम से जाना जाता था। ब्रिटिश स्टार्टअप कम्पनी वनवेब में भारती एंटरप्राइजेज (एयरटेल) भी शेयर होल्डर है।**

इन दिनों


## बोधि वृक्ष

### *आईए सुनें महाभारत की कथा*

***वह*** गर्भ उसके अस्त्र से प्रायः दग्ध हो गया था; किंतु भगवान श्रीकृष्ण ने उसको पुनः जीवन-दान दिया। उत्तरा का वही गर्भस्थ शिशु आगे चलकर राजा परीक्षित के नाम से विख्यात हुआ। कृतवर्मा, कृपाचार्य तथा अश्वत्थामा- ये तीन कौरवपक्षीय वीर उस संग्राम से जीवित बचे। दूसरी ओर पाँच पाण्डव, सात्यकि तथा भगवान श्रीकृष्ण-ये सात ही जीवित रह सके; दूसरे कोई नहीं बचे। उस समय सब ओर अनाथा स्त्रियों का आर्तनाद व्याप्त हो रहा था। भीमसेन आदि भाइयों के साथ जाकर युधिष्ठिर ने उन्हें सान्त्वना दी तथा रणभूमि में मारे गये सभी वीरों का दाह-संस्कार करके उनके लिये जलांजलि दे धन आदि का दान किया। तत्पश्चात कुरुक्षेत्र में शरशय्या पर आसीन शांतनुनंदन भीष्म के पास जाकर युधिष्ठिर ने उनसे समस्त शान्तिदायक धर्म, राजधर्म (आपद्धर्म), मोक्ष धर्म तथा दानधर्म की बातें सुनीं। फिर वे राजसिंहासन परड आसीन हुए।इसके बाद उन शत्रुमर्दन राजा ने अश्वमेध यज्ञ करके उसमें ब्राह्मणों को बहुत धन दान किया। तदनन्तर द्वारका से लौटे हुए अर्जुन के मुख से मूसलकाण्ड के कारण प्राप्त हुए शाप से पारस्परिक युद्ध। द्वारा यादवों के संहार का समाचार सुनकर युधिष्ठिर ने परीक्षित को राजासन पर बिठाया और स्वयं भाइयों के साथ महाप्रस्थान कर स्वर्गलोक को सिधार हुए। जब युधिष्ठिर राजसिंहासन पर विराजमान हो गए, तब धृतराष्ट्र गृहस्थ-आश्रम से वानप्रस्थ-आश्रम में प्रविष्ट हो वन में चले गए। अथवा ऋषियों के एक आश्रम से दूसरे आश्रमों में होते हुए वे वन को गए। उनके साथ देवी गांधारी और पृथा (कुंती) भी थीं। विदुर जी दावानल से दग्ध हो स्वर्ग सिधारे। इस प्रकार भगवान विष्णु ने पृथ्वी का भार उतारा और धर्म की स्थापना तथा अधर्म का नाश करने के लिए पांडवों को निमित्त बनाकर दानव-दैत्य आदि का संहार किया।

*(क्रमशः)*

# राष्ट्र और नेशन के बीच के फर्क को तो समझिये



हृदयनारायण दीक्षित

***हिन्दू*** राष्ट्र सम्प्रति चर्चा में है। भारत विश्व का पहला राष्ट्र है। यूरोप के देशों में 'नेशन' और नेशनेलिटी का जन्म 9वी-10वीं सदी में हुआ। भारत में राष्ट्रभाव का उदय ऋग्वेद के रचनाकाल से भी प्राचीन हो सकता है। ऋग्वेद में 'राष्ट्र' शब्द का कई बार उल्लेख हुआ है। राष्ट्र के लिए अंग्रेजी में कोई समानार्थी शब्द नहीं है। राष्ट्र की अवधारणा भिन्न है और नेशन की बिल्कुल भिन्न। राष्ट्र और नेशन एक नहीं हैं। इतिहास के मध्यकाल तक पश्चिम में नेशलिज्म या राष्ट्रवाद जैसा कोई विचार नहीं था। ऋग्वेद (8.24.27) में मंत्र है कि 'इन्द्र ने सप्तसिन्धुषु में जल प्रवाहित किया।' सप्त सिंधु 7 नदियों के प्रवाह वाला विशेष भूखण्ड है। इसकी पहचान 7 नदियों से होती है। वैदिक साहित्य के विवेचक मैक्डनल और कीथ ने लिखा है कि 'यहां एक सुनिश्चित देश का नाम लिया गया है।' पुसाल्कर ने नदी नामों के आधार पर इस देश की रूपरेखा पर विचार किया है। इसमें अफगानिस्तान, पंजाब, सिंध, राजस्थान, पश्चिमोत्तर सीमांत, कश्मीर और सरयू तक का पूर्वी भारत सम्मिलित हैं। ऋग्वेद के ऋषियों के मन मस्तिष्क में तमाम नदियों वाले इस भूखण्ड के प्रति अतिरिक्त प्रीति थी। वे इसे बार-बार याद करते हैं। नदियों में जल प्रवाह हैं जल के बिना जीवन नहीं। वे एक अन्य मंत्र (1.32.12) में सात नदियों के जल प्रवाह का श्रेय इन्द्र को देते हैं। इन्द्र इन नदियों में जल प्रवाहित करते हैं तो सविता देव कैसे पीछे रह सकते हैं। ऋषि कहते हैं 'सविता ने 7 नदियों को प्रकाश से भर दिया है।' (1.35.8) सात नदियों की आराधना करने वाले इस भूखण्ड के निवासी सभी राष्ट्र है। मार्क्सवादी चिंतक डॉ. रामविलास शर्मा ने सही लिखा है 'जिस देश में ऋग्वेद की सात नदियां बहती हैं, वह लगभग वही देश है जिस में जल-प्रलय के बाद, भरत जन के विस्थापित होने के बाद, हड़प्पा सभ्यता का विकास हुआ। यह देश प्राचीन काल का, ऋग्वेद और हड़प्पा के पश्चात काल का भी, बहुत दिनों तक संसार का सबसे बड़ा राष्ट्र था। सरस्वती इसके जनपदों के पारस्परिक संपर्क का साधन थी। हड़प्पा नगरों की राष्ट्रीय एकता उनकी सामान्य वास्तुकला, मुद्राओं आदि की समानता से जानी जाती है। इस राष्ट्रीय एकता की नींव ऋग्वेद के कवियों ने डाली थी। इन कवियों के लिए राष्ट्र केवल भूमि नहीं है, उस पर बसने वाले जन राष्ट्र हैं।' (भारतीय नवजागरण और यूरोप पृष्ठ 87-88) भारत दुनिया का पहला राष्ट्र है। यह अनुभूति ऋग्वेद में है। दुनिया की अर्थशास्त्र की पहली पुस्तक कौटिल्य ने लिखी थी। इसकी तुलना मैक्यावलि की 'प्रिंस' से की जाती है। दुनिया का पहला व्याकरण पाणिनि ने यहीं लिखा। गणित का अविष्कार भारत में हुआ। यह बात एन्साइक्लोपीडिया ब्रिटैनिका में है। संगीत के 7 सुरों की पहचान भारत में हुई। नाट्यशास्त्र पर पहली पुस्तक यहीं भरत मुनि ने लिखी। योग सूत्रों की खोज भी भरत में हुई। चिकित्सा विज्ञान का जन्म और विकास भारत में हुआ। ऋग्वेद में इसके साक्ष्य हैं। ऐसे सभी विषय हम सब को राष्ट्रीय गौरवबोध से भरते हैं। कुछ विवेचक आर्थिक गतिविधियों व्यापार प्रसार आदि को राष्ट्रभाव के उदय का कारण मानते हैं। आर्थिक सम्बंधों के प्रभाव निस्संदेह सामूहिक जीवन पर भी पड़ते हैं लेकिन एक समान जीवन शैली, रीति प्रीति और संस्कृति के प्रभाव ज्यादा गहन होते हैं। ऋग्वेद के समाज में परस्पर प्रीति से गणों का विकास हुआ। जन और गण मिलकर 'जनगणमन' की एकता प्रकट हुई। यहां राष्ट्र का गठन और विकास जन गण के सामूहिक मन ने किया है। ऋग्वेद में 'विश' सामान्यजन हैं। वे अच्छे शासक की इच्छा करते हैं। शासक से कहते हैं, 'सर्वाः विशः त्वा वांछनु - संपूर्ण समाज आपको चाहता है। (10.173.1) शासक का दायित्व है कि राष्ट्र को हर तरह से अविचल बनाये। इन्द्र, वरूण, अग्नि, वृहस्पति से स्तुति है कि वे राष्ट्र को स्थिर रूप में धारण करें।

**ऋग्वेद में 'राष्ट्र' शब्द का कई बार उल्लेख हुआ है। राष्ट्र के लिए अंग्रेजी में कोई समानार्थी शब्द नहीं है। राष्ट्र की अवधारणा भिन्न है और नेशन की बिल्कुल भिन्न। राष्ट्र और नेशन एक नहीं हैं।**

भाषायी समझ

## फोटो की दुनिया





## ट्वीट-ट्वीट


Banna Gupta
@BannaGupta76

जमशेदपुर के कुछ अधिकारियों ने हिंदूभावना को आघात करने का जो कार्य किया हैं उसे बिल्कुल बर्दास्त नहीं करेंगे,3 अप्रैल को मुख्यमंत्री जी के जमशेदपुर आगमन पर इनपर कार्यवाई करने की मांग करूंगा,राम भक्तों ने जिस संयम और श्रद्धा के साथ पूरे मामले में सहयोग किया है उसके लिए हृदय से आभार

## फेसबुक वॉल से




# नफरती सोच व हेट स्पीच पर न्यायालय की सख्ती



ललित गर्ग

***राष्ट्रीय*** एकता एवं सामाजिक ताने-बाने को ध्वस्त कर रहे जहरीले भाषणों की समस्या दिन-प्रतिदिन गंभीर होती जा रही है। संकीर्णता एवं साम्प्रदायिकता का उन्माद एवं 'हेट स्पीच' के कारण न केवल विकास बाधित हो रहा है बल्कि देश की एकता एवं अखण्डता भी खण्ड-खण्ड होने के कगार पर पहुंच गयी है। अब तो ऐसा भी महसूस होने लगा है कि देश की दंड व्यवस्था के तहत जहां 'हेट स्पीच' को नये सिरे से परिभाषित करने की आवश्यकता है वहीं इस समस्या से निपटने के लिए 'हेट स्पीच' को अलग अपराध की श्रेणी में रखने के लिए कानून में संशोधन का भी वक्त आ गया है? राजनेताओं एवं तथाकथित धर्मगुरुओं के नफरती, उन्मादी, द्वेषमूलक और भड़काऊ भाषणों को लेकर सर्वोच्च न्यायालय ने एक बार फिर कड़ी टिप्पणी की है। एक मामले पर दो दिनों तक चली सुनवाई में अदालत ने केंद्र सरकार से पूछा कि ऐसे नफरती भाषणों के खिलाफ अब तक क्या कार्रवाई हुई है? हालांकि सर्वोच्च न्यायालय पहले भी अलग-अलग मामलों की सुनवाई करते हुए राजनेताओं और धार्मिक संगठनों से जुड़े लोगों को सार्वजनिक मंचों से बोलते वक्त संयम बरतने की नसीहत दे चुका है, मगर इस प्रवृत्ति में कोई सुधार नजर नहीं आता। कई बार तो ऐसा महसूस होता है कि समाज एवं राष्ट्र में उन्माद, अराजकता एवं अशांति पैदा करने के लिए नफरती भाषण देने की विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता एवं संप्रदायों के कतिपय स्वनामधन्य नेताओं में परस्पर होड़ लगी हुई। इस संबंध में धर्म संसदों में आपत्तिजनक भाषण, राजनीतिक सभाओं में घृणा एवं नफरती बोल एवं विभिन्न चैनलों पर बहस के दौरान आपत्तिजनक टिप्पणियां के दौरान हेट स्पीच के मामलों ने गंभीर एवं जटिल स्थितियों को जन्म दिया है। इस तरह भारत की गौरवमय संस्कृति को धुंधलाना, 'वसुधैव कुटुम्बकम' एवं सर्वधर्म सद्भाव के मंत्रों को ध्वस्त करना, भारत की एकता और अखण्डता को बांटना अक्षम्य अपराध है। इसलिये इनदिनों देश के ताजा मामलों में सर्वोच्च न्यायालय ने 'हेट स्पीच' एवं नफरती बयानों-भाषणों पर तल्ख टिप्पणी की है। दो न्यायाधीशों की पीठ ने कहा कि नेता जिस दिन राजनीति में धर्म का इस्तेमाल छोड़ देंगे, नफरती भाषण भी बंद हो जाएंगे। भारत के लोग दूसरे समुदायों के लोगों का अपमान न करने, साम्प्रदायिक सौहार्द एवं सद्भावना कायम करने का संकल्प क्यों नहीं लेते? अदालत ने जवाहरलाल नेहरू और अटल बिहारी बाजपेयी का उल्लेख करते हुए कहा कि उनके भाषणों को लोग दूर-दूर से सुनने आत थे। वैसी नजीर अब कोई नेता क्यों पेश नहीं करना चाहता। अदालत ने इस बात पर भी आपत्ति जताई कि लोग समुदाय विशेष को लेकर ही नफरती भाषणों के खिलाफ चुनिंदा तरीके से मुकदमें क्यों दर्ज कराते हैं। उनमें सभी समुदायों और पंथों के खिलाफ दिये गये नफरती भाषणों पर सख्ती क्यों नहीं दिखाई जाती। सर्वोच्च न्यायालय लंबे समय से ऐसे भाषणों, बयानों और तकरीरों के खिलाफ सख्त रहा है। बात केवल मुस्लिम कट्टरता एवं नफरती बयानों की ही नहीं है, करीब दो महीना पहले महाराष्ट्र में आयोजित सकल हिंदू समाज की रैली को लेकर भी न्यायालय ने निर्देश दिया था कि राज्य सरकार सुनिश्चित करे कि वहां कोई नफरती भाषण न होने पाये। उस रैली की वीडियो रिकार्डिंग का भी आदेश दिया था। जब जगह-जगह धर्म संसद करके समुदाय विशेष के खिलाफ नफरती और भड़काऊ भाषण दिये गये थे, तब भी अदालत ने सरकार को सख्त लहजे में इस पर काबू पाने को कहा था। मगर राजनीतिक दलों के प्रवक्ताओं और नेताओं को शायद ऐसी अदालती आदेशों-निदेशों की कोई परवाह नहीं है। खुद सर्वोच्च न्यायालय ने इस बात का उल्लेख किया है कि टीवी चैनलों पर आए दिन राजनीतिक दलों के प्रवक्ता सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने वाले वक्तव्य देते रहते हैं।

**अदालत ने जवाहरलाल नेहरू और अटल बिहारी बाजपेयी का उल्लेख करते हुए कहा कि उनके भाषणों को लोग दूर-दूर से सुनने आत थे। वैसी नजीर अब कोई नेता क्यों पेश नहीं करना चाहता।**

अदालतनामा

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, स्थानीय संपादक : आनंद सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 222539, फैक्स नंबर : 06562-241176/ 231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-2283384, फैक्स नंबर : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25, निचली मंजिल, तानसेन मार्ग, (बंगाली बाजार), नई दिल्ली-1, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com, (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)।

## NEWS इन ब्रीफ

### छग के सुकमा में दो नक्सली गिरफ्तार

**सुकमा।** छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में नक्सलियो के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान में आज पुलिस जवानों को बड़ी सफलता मिली। जवानों ने एक महिला सहित दो नक्सलियो को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस सूत्रों के अनुसार मरईगुड़ा थाना क्षेत्र से केन्द्रीय सुरक्षा बल के जवानों का एक दल सर्चिंग पर निकला था। तभी लिंगनपल्ली इलाके में जवानों को देख नक्सली भागने लगे। जवानों ने घेराबंदी कर एक महिला सहित दो नक्सलियों को गिरफ्तार कर लिया। यह कार्रवाई जिला पुलिस और 208 वाहिनी कोबरा की संयुक्त टीमों द्वारा की गयी। गिरफ्तार नक्सलियों में माड़वी हिंगे और माड़वी मासा शामिल हैं। यह दोनों मिलिशिया सदस्य हैं।

### यूपी में तेंदुए के हमले में चार घायल



**बलरामपुर।** उत्तर प्रदेश के बलरामपुर जिले के बनकटवा रेंज के सोहेलवा वन क्षेत्र में एक तेंदुए ने हमला कर चार लोगों को घायल कर दिया। अधिकारियों ने बताया कि घायल हुए चार लोगों में एक नाबालिग भी शामिल है। घटना शनिवार शाम बिनहोनी कला गांव में उस समय हुई जब 15 साल की किशोरी नाम की लड़की पर खेत में तेंदुए ने हमला कर दिया। तेंदुए को भगाने के प्रयास में तीन अन्य लोग भी घायल हो गए। वन अधिकारी एस. मारन एम. ने बताया कि तेंदुए की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए टीमों का गठन किया गया है। उन्होंने कहा कि वन विभाग ने स्थानीय ग्रामीणों को सलाह दी है कि जब तक तेंदुए का पता नहीं चल जाता, वे जंगल में अकेले न निकलें।

### मप्र के जबलपुर व उमरिया समेत कई क्षेत्रों में भूकंप

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के जबलपुर, उमरिया और होशंगाबाद जिले के पचमढ़ी में रविवार को भूकंप के झटके महसूस किए गए। रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 3.6 मापी गई। नेशनल सेंटर फॉर सिस्मोलॉजी के अनुसार भूकंप की रिक्टर स्केल पर तीव्रता 3.6 मापी गई। भूकंप का केंद्र पचमढ़ी से 218 किमी. उत्तर-पूर्व में जमीन के अंदर 23 किमी की गहराई पर था। उमरिया कलेक्टर डॉ. कृष्ण देव त्रिपाठी के मुताबिक अभी तक भूकंप की कोई रिपोर्ट नहीं मिली है। स्थानीय नागरिकों ने भी भूकंप के महसूस नहीं किए हैं। चंदिया तहसील क्षेत्र में भूकंप के प्रभाव की जानकारी सामने आ रही है, लेकिन अभी तक पुष्टि कहीं से नहीं हुई है। भोपाल के मौसम विज्ञान केंद्र ने बताया कि उमरिया और पचमढ़ी में भी भूकंप के झटके महसूस किए गए।

# बिहार में नीतीश के वोट बैंक पर है भाजपा की निगाहें

**एजेंसी। नई दिल्ली**



बिहार में महागठबंधन को हराने के लिए भाजपा आलाकमान ने अब पूरी तरह से कमर कस ली है। भाजपा के सामने अभी सबसे बड़ी चुनौती 2024 का लोक सभा चुनाव है। इस चुनाव में बिहार में जेडीयू-आरजेडी-कांग्रेस और अन्य दलों की महागठबंधन सरकार को हरा कर भाजपा 2025 में राज्य में होने वाले विधान सभा चुनाव के लिए भी अपने पक्ष में सकारात्मक माहौल बनाना चाहती है। लोक सभा चुनाव में जीत हासिल करने के लिए भाजपा ने अब लंबे समय तक अपने सहयोगी रहे नीतीश कुमार के वोट बैंक पर ही नजर गड़ा दी है। बिहार में नीतीश कुमार के नेतृत्व में चल रही महागठबंधन सरकार की सबसे मजबूत पार्टी वैसे तो आरजेडी है लेकिन भाजपा को इस बात का अहसास हो गया है कि राज्य में पार्टी का जनाधार बढ़ाने के लिए या यूं कहे कि भाजपा की जीत का रास्ता नीतीश कुमार के वोट बैंक में ही सेंध लगाने से निकलेगा। ऐसे में भाजपा अब उत्तर प्रदेश की तर्ज पर बिहार में भी एक नया सामाजिक राजनीतिक समीकरण या यूं कहें कि वोट बैंक बनाने की कोशिश में जुट गई है। नीतीश कुमार गैर यादव पिछड़ी जातियों, दलित समुदाय और मध्यम वर्ग के एक बड़े तबके खासकर महिलाओं के समर्थन के बल पर बिहार में भाजपा के सहयोग से लंबे समय तक मुख्यमंत्री रहे और वर्तमान में आरजेडी के सहयोग से मुख्यमंत्री हैं। भाजपा ने एक खास रणनीति के तहत अब नीतीश कुमार के इसी वोट बैंक पर निशाना साधना शुरू कर दिया है। भाजपा ने बिहार में महागठबंधन की सरकार को हटाने के लिए एक तरफ जहां उत्तर प्रदेश की तर्ज पर एक नए सामाजिक राजनीतिक समीकरण को तैयार करने की रणनीति बनाई है, जिसके तहत भाजपा अपने परंपरागत जनाधार - अगड़ी जातियों को तो मजबूती से अपने साथ बनाए रखने का प्रयास करेगी ही तो वहीं साथ ही नीतीश के समर्थक पिछड़ी जातियों को भी पार्टी से जोड़ने की कोशिश करेगी।

बिहार की राजनीति के लिहाज से देखा जाए तो यह अपनी तरह का एक अनोखा सामाजिक राजनीतिक समीकरण होगा। बिहार में जातियों की बात करें तो, यादव समुदाय के बाद कुशवाहा समुदाय को सबसे बड़ा और सबसे ठोस वोट बैंक माना जाता है जो लगातार नीतीश कुमार के साथ रहा है। बिहार की आबादी में कुशवाहा समाज की संख्या आठ प्रतिशत के लगभग है। भाजपा ने हाल ही में कुशवाहा समुदाय से जुड़े सम्राट चौधरी को पार्टी का प्रदेश अध्यक्ष बनाकर अपने इरादे को जाहिर भी कर दिया है। भाजपा नीतीश कुमार पर यह आरोप लगा रही है कि कुशवाहा समाज ने हमेशा नीतीश कुमार का साथ दिया लेकिन बदले में नीतीश कुमार ने उन्हें सिर्फ धोखा ही दिया है।

सम्राट चौधरी के जरिए बिहार के कुशवाहा मतदाताओं को यह राजनीतिक संदेश देने का प्रयास भी किया जा रहा है कि राज्य में यादव और कुर्मी मुख्यमंत्री रह चुके हैं और अब उनके समाज के किसी व्यक्ति को मुख्यमंत्री बनना चाहिए।

कुशवाहा समाज के साथ-साथ भाजपा राज्य में अत्यंत पिछड़ा वर्ग में आने वाले कुछ ऐसी जातियों को भी पार्टी के साथ जोड़ने का प्रयास कर रही है, जिनकी संख्या चुनावी रणनीति के हिसाब से बहुत ज्यादा भले ही ना हो लेकिन अगर यह जातियां मिलकर भाजपा को वोट देती है तो उसके उम्मीदवारों की जीत की राह और ज्यादा आसान हो जाएगी।

यही वजह है कि भाजपा ने अब बिहार में जातिगत जनाधार रखने वाले छोटे-छोटे राजनीतिक दलों पर भी फोकस करना शुरू कर दिया है। इसी रणनीति के तहत भाजपा की निगाहें चिराग पासवान, उपेंद्र कुशवाहा, मुकेश सहनी, जीतन राम मांझी और आरसीपी सिंह जैसे नेताओं पर बनी हुई है।

भाजपा इस बार इन छोटे-छोटे दलों को साथ लेकर लोक सभा चुनाव में उतरने का मंसूबा बना रही है। अगर भाजपा राज्य में इस तरह का जातीय राजनीतिक सामाजिक समीकरण तैयार करने में कामयाब हो जाती है तो फिर देश के कई अन्य राज्यों की तरह बिहार में भी 2024 के लोक सभा चुनाव में पार्टी 50 प्रतिशत के आसपास मत प्राप्त कर सकती है और अगर ऐसा हुआ तो निश्चित तौर पर 2025 के विधान सभा चुनाव में भाजपा एक बड़े दावेदार के रूप में नीतीश-तेजस्वी महागठबंधन के खिलाफ चुनावी मैदान में उतरेगी।

**फंडिंग के आरोप**

# अतीक का बहनोई गिरफ्तार

**नवीन मेल नेटवर्क। लखनऊ**



उत्तर प्रदेश स्पेशल टास्क फोर्स ने प्रयागराज पुलिस के साथ संयुक्त अभियान में उमेश पाल हत्याकांड में अतीक अहमद के बहनोई अखलाक अहमद को मेरठ से गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, 2005 में बसपा विधायक राजू पाल की हत्या के मुख्य गवाह रहे उमेश पाल के शूटरों के वित्तपोषण में अखलाक अहमद की अहम भूमिका थी। पुलिस इससे पहले उमेश पाल हत्याकांड में अखलाक अहमद से कई बार पूछताछ कर चुकी है। गृह विभाग के प्रवक्ता ने कहा कि उसे अब मेरठ से गिरफ्तार किया गया है। उमेश पाल की 24 फरवरी को उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। अतीक अहमद 2005 में हुई बसपा विधायक राजू पाल की हत्या के मामले का मुख्य आरोपी है। उस पर राजू पाल की हत्या के मुख्य गवाह उमेश पाल की हत्या का भी आरोप है। एमपी-एमएलए कोर्ट ने माफिया से नेता बने अतीक अहमद और दो अन्य को 2006 के उमेश पाल अपहरण मामले में दोषी ठहराया है और उन्हें आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। यह अतीक अहमद की पहली सजा थी। सपा के पूर्व सांसद के खिलाफ 100 से अधिक मामले दर्ज हैं। अखलाक अहमद साबरमती जेल से माफिया के साथ प्रयागराज गई अतीक अहमद की बहन शाइस्ता नूरी का पति है। जब अतीक के छोटे भाई अशरफ को प्रयागराज लाने की प्रक्रिया शुरू हुई, तो वह बरेली जेल में भी मौजूद थी।

# बिहार: रामनवमी पर हुई हिंसा हालात बेकाबू, लगाया कर्फ्यू

**एजेंसी। पटना**

रामनवमी पर हुई हिंसा के बाद बिहार अब तक सुलग रहा है। रोहतास जिले के सासाराम और नालंदा के बिहारशरीफ में बवाल थम नहीं रहा। बिहारशरीफ में धारा 144 लागू होने के बावजूद शनिवार रात हुई गोलीबारी में गुलशन कुमार नामक युवक की मौत के बाद हालात बेकाबू होने पर जिला प्रशासन को कर्फ्यू लगाना पड़ा है। जिलाधिकारी शशांक शुभंकर और एसपी अशोक मिश्रा ने लोगों से घरों से न निकलने की अपील की है। पहड़पुरा, बड़ी दरगाह, खासगंज और मेहरपर इलाके से भी पथराव होने और गोली आवाज सुनी जाने की सूचना मिल रही है। । बताया गया है कि तीन अन्य लोगों को भी गोली लगी है। हिंसा में दो पुलिसकर्मी भी घायल हुए हैं।

बिहारशरीफ के प्रखंड विकास पदाधिकारी अंजन दत्ता ने कहा है कि वरीय अधिकारी के निर्देश पर बिहारशरीफ नगर क्षेत्र में कर्फ्यू लगा दिया गया है। अब तक 27 उपद्रवियों को गिरफ्तार किया गया है। लहेरी और बिहार शरीफ थाना में कुल 8 मामले दर्ज किए गए हैं। जिले में लगातार इंटरनेट सेवा बंद है। उधर, सासाराम में भी हिंसा की चिंगारी बुझी नहीं है। शनिवार रात एक झोपड़ी के पास बम फटने की घटना में पांच लोग घायल हो गए। घायलों को सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### भड़की हिंसा में अबतक 112 गिरफ्तार, पांच जिले चपेट में

**बिहार** में रामनवमी के दिन रोहतास जिले के सासाराम और नवादा जिले के बिहारशरीफ में भड़की हिंसा की आग में बिहार अभी तक दहक रहा है। यह आग राज्य के तीन अन्य जिलों में भी पहुंच चुकी है। मुंगेर, भागलपुर और मुजफ्फरपुर में भी हिंसा के समाचार हैं। बिहार हिंसा में अभी तक 112 लोगों की गिरफ्तारी हुई है। इसमें हिंसा प्रभावित सासाराम से 32 और बिहारशरीफ से 80 लोग पकड़े गए हैं। शनिवार की रात सासाराम और बिहार शरीफ में फिर से भड़की हिंसा में 9 लोगों के घायल होने की खबर है। इनमें से कुछ लोगों की हालत बेहद गंभीर बताई जा रही है। शेरगंज इलाके में एक धार्मिक स्थल के बाहर बम फेंका गया, तो वहीं नालंदा में भी गोलीबारी और बमबाजी की घटना को अंजाम दिया है। इसमें एक की मौत हो गई है। सासाराम और बिहारशरीफ में माहौल बिगड़ने पर प्रशासन ने भी सख्ती बढ़ा दी। धारा 144 लागू है। यहां इंटरनेट की सेवा भी बंद कर दी गयी है। चप्पे-चप्पे पर पैनी नजर रखी जा रही है। एसपी और डीएम खुद दलबल के साथ कैंप कर रहे हैं। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने हिंसा के बारे में राज्यपाल राजेंद्र अर्लेकर से फोन पर बात की। बिहार में केंद्रीय अर्धसैनिक बल की 10 कंपनियां प्रभावित जिलों में भेजी गई हैं।

# उप्र : सड़क दुर्घटना में तीन युवकों की मौत



### सीएम योगी ने जताया दुख

**एजेंसी। हरदोई**

उत्तर प्रदेश के हरदोई जिले में आधी रात को हुए मार्ग दुर्घटना में मोटर साइकिल सवार तीन युवकों की मौत हो गई। तीनों आपस में दोस्त बताये जा रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को घटना की जानकारी पर अपना दुख प्रकट किया है। प्रारंभिक जानकारी के मुताबिक, सांडी हरदोई मार्ग पर माझिया गांव के पास शनिवार की देर रात अनिल उर्फ पिन्कू (35), विन्नू (30) और राजवीर (25) एक ही मोटर साइकिल पर सवार होकर रात में अपने गांव जजवासी जा रहे थे। माझिया गांव के पास अज्ञात वाहन ने उनकी मोटर साइकिल में जोरदार टक्कर मार दी। इससे तीनों की मौत हो गई। घटना की जानकारी पर पहुंची पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम भेजकर जांच में जुट गई। घटना की जानकारी होने पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सड़क हादसे में हुई जनहानि पर गहरा दुःख प्रकट किया है। उन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति की कामना करते हुए शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है।

# ओडिशा : बारगढ़ में 12 किलो के पैंगोलिन को मुक्त कराया

**भुवनेश्वर।** ओडिशा के बारगढ़ जिले से एसटीएफ के अधिकारियों ने एक वन्य जीव तस्कर को गिरफ्तार किया और उसके पास से 12 किलो के पैंगोलिन को मुक्त कराया। एसटीएफ सूत्रों ने रविवार को कहा कि विश्वसनीय जानकारी के आधार पर शनिवार शाम एसटीएफ की एक टीम ने बारगढ़ वन अधिकारियों के साथ मिलकर बारगढ़ जिले के पद्मपुर पुलिस थाने के अंतर्गत बिजादिही छाका के पास छापेमारी की और गंडापल्ली के महादेव मुतकिया को गिरफ्तार किया। तलाशी के दौरान, उसके पास से 12 किलोग्राम वजन का एक जिंदा पैंगोलिन और अन्य आपत्तिजनक सामग्रियों को बरामद किया। आरोपी को हिरासत में लिया गया और कानूनी कार्रवाई के लिए उसे पद्मपुर वन अधिकारियों को सौंप दिया गया। जिंदा पैंगोलिन को सुरक्षित रूप से डीएफओ बारगढ़ को सौंप दिया गया। आगे की जांच चल रही है।

# मप्र के नसरुल्लागंज का नाम बदला, अब भेरुंदा कहलाएगा




**एजेंसी। भोपाल**

मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल के करीब स्थित नसरुल्लागंज का नाम बदल दिया गया है और अब इसे भेरुंदा के नाम से पहचाना जाएगा। भेरुंदा सीहोर जिले के बुधनी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आता है। यहां से मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान विधायक हैं। आधिकारिक तौर पर मिली जानकारी के अनुसार केंद्रीय गृह मंत्रालय से मंजूरी मिलते ही राज्य सरकार ने एक नोटिफिकेशन जारी कर दिया है और सीहोर जिले के नसरुल्लागंज का नाम अब भेरुंदा कर दिया गया है। नसरुल्लागंज के लोगों की मांग पर सीएम शिवराज सिंह चौहान ने बीते दिनों नाम बदलने की घोषणा की थी। नसरुल्लागंज कभी भोपाल रियासत का हिस्सा हुआ करता था और नवाब परिवार के सदस्य का नाम नसरुल्ला खां था। भोपाल की बेगम सुल्तान के दो बेटे थे और उन्होंने बड़े बेटे नसरुल्लाह खां को जिस इलाके की जागीर सौंपी थी, उसका नाम नसरुल्लागंज रखा गया। अब इस नसरुल्लागंज को नई पहचान मिल गई है। ज्ञात हो कि इससे पहले राज्य सरकार ने होशंगाबाद का नाम बदलकर नर्मदापुरम किया, तो वहीं भोपाल स्थित इस्लामनगर का नाम जगदीशपुर हो गया है।

# लोस प्रवास यात्रा : शाह के मंच पर कई दिग्गज भाजपा में शामिल

### महिलाओं की जुटी भारी भीड़

**एजेंसी। नवादा**



बिहार में नवादा जिले के हिसुआ में लोकसभा प्रवास यात्रा के तहत रविवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का आगमन इंटर स्कूल के मैदान में हुआ। अमित शाह की सभा में भारी संख्या में भीड़ जुट चुकी है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि भारी संख्या में महिलाओं की भी भीड़ जुटी है। मंच पर पूर्व उपमुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी, बिहार विधानसभा में प्रतिपक्ष के नेता विजय कुमार सिन्हा , प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी, शाहनवाज हुसैन, पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष डॉ संजय जयसवाल, पूर्व मंत्री मंगल पांडे, सुशील चौधरी, डॉ पूनम शर्मा आदि मौजूद है।

प्रान्त के बड़े नेताओं ने अमित शाह के आने के पूर्वी भाजपा से अलग हुए कई दिग्गजों को पार्टी में शामिल कराया। जिसमें भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष शशि भूषण सिंह उर्फ बबलू, नवादा के पूर्व सिविल सर्जन चर्चित चिकित्सक डॉ विमल कुमार सिंह, गोविंदपुर के विधानसभा प्रत्याशी रहे दबंग नेता रंजीत यादव सहित कई दिग्गजों को पार्टी की सदस्यता दिला कर उन्हें दल में शामिल करा लिया गया। उनके सैकड़ों समर्थकों को भी शामिल किया गया। अमित शाह के आने के पूर्व भी सभा स्थल पर जुटे भारी संख्या में लोग फिर अबकी बार मोदी सरकार के नारे लगा रहे हैं।

आकर्षक पंडालों में गर्मजोशी के साथ भारी संख्या में उपस्थित पार्टी कार्यकर्ता तथा नागरिक अमित शाह के आने का इंतजार कर रहे हैं। महत्वपूर्ण लोगों को पार्टी में शामिल कराए जाने से कार्यकर्ताओं में खुशी देखी जा रही है। जिंदाबाद के गगनभेदी नारे भी लगाए जा रहे हैं।

**संकल्प** — सीएम योगी आदित्यनाथ ने झोंकी ताकत

# सबसे बड़ी इकोनॉमी बनने का मास्टर प्लान तैयार

**35 लाख करोड़ के निवेश प्रस्तावों से बढ़ा योगी सरकार का आत्मविश्वास**

**सरकार 10 सेक्टर के जरिए साधेगी देश की सबसे बड़े अर्थव्यवस्था वाले राज्य का लक्ष्य**

**ऐतिहासिक बजट के बाद मुख्यमंत्री ने टॉप 10 सेक्टर पर फोकस करने का दिया निर्देश**



### इन 10 सेक्टर पर है फोकस

- कानून व्यवस्था सेक्टर
- कृषि उत्पादन सेक्टर
- सामाजिक सुरक्षा सेक्टर
- अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास सेक्टर
- नगरीय विकास सेक्टर
- ग्राम्य विकास सेक्टर
- चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेक्टर
- शिक्षा सेक्टर
- पर्यटन एवं संस्कृति सेक्टर
- राजस्व संग्रह

**नवीन मेल नेटवर्क। लखनऊ**

वित्तीय वर्ष 2023-24 शुरू हो चुका है। प्रदेश को इस साल ऐतिहासिक 6.90 लाख करोड़ के बजट की सौगात देने के बाद अब योगी सरकार का अगले चार साल के भीतर सूबे को देश की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाले राज्य के रूप में स्थापित करने का इरादा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इसके लिए 'दस का दम' लगाने पर जोर देते हुए विस्तार से कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिये हैं। प्रदेश को 2027 तक 82 लाख करोड़ से भी बड़ी (वन ट्रिलियन डॉलर) अर्थव्यवस्था बनाने के बड़े लक्ष्य को साधने के लिए योगी सरकार ने 10 सेक्टर तय किये हैं, जिनपर विशेष जोर देने के निर्देश मुख्यमंत्री की ओर से सभी अधिकारियों को पहले ही दिये जा चुके हैं। बीते फरवरी माह में आयोजित हुए यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के जरिए प्रदेश को मिले 35 लाख करोड़ रुपए के निवेश प्रस्तावों ने योगी सरकार के आत्मविश्वास को बढ़ा दिया है।

### दस का दम लगाएंगे ये सेक्टर

प्रदेश को 82 लाख करोड़ से भी बड़ी अर्थव्यवस्था के लिए योगी सरकार ने पूरी ताकत झोंकते हुए 10 सेक्टरों को चिह्नित किया है। इसमें प्रदेश के आर्थिक विकास से जुड़े सभी महत्वपूर्ण विभागों के बीच समन्वय कायम करते हुए कार्य करने के लिए विस्तृत कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश मुख्यमंत्री ने दिये हैं। जिन 10 सेक्टर पर मुख्यमंत्री ने सबसे अधिक फोकस करने के निर्देश दिये हैं उनमें कानून व्यवस्था, कृषि उत्पादन, सामाजिक सुरक्षा, अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास, नगरीय विकास, ग्राम्य विकास, 7- चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, शिक्षा, पर्यटन एवं संस्कृति और राजस्व संग्रह को लेकर अगले चार साल तक मिशन मोड में कार्ययोजना बनाते हुए कार्यक्रमों को आगे बढ़ाने के निर्देश मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को दिये हैं। इन प्रत्येक सेक्टर की जिम्मेदारी अपर मुख्य सचिव स्तर के अनुभवी अधिकारी को दी गयी है। मुख्यमंत्री की ओर से निर्देश दिये गये हैं कि प्रत्येक सेक्टर के लिए अल्पकालिक और दीर्घकालिक कार्ययोजना तैयार की जाए। साथ ही कार्ययोजना के सफल क्रियान्वयन के लिए सतत मॉनीटरिंग होनी चाहिए।

### बड़े लक्ष्य के लिए सरकार के पास है बड़ा आधार

हाल ही में योगी सरकार ने अपने 6 साल का कार्यकाल पूरा किया है। बीते 6 वर्षों में प्रदेश के इन्फ्रास्ट्रक्चर, कानून व्यवस्था, यातायात कनेक्टिविटी और रोजगार के मोर्चे पर उल्लेखनीय सफलता हासिल करने वाली योगी सरकार ने अब आगामी चार साल के लिए बड़े लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित कर दिया है। प्रदेश को 82 लाख करोड़ से भी बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने के विशाल लक्ष्य के लिए योगी सरकार के पास बड़ा आधार भी है। इसका सबसे बड़ा उदाहरण तब देखने को मिला, जब बीते तीन साल से कोविड महामारी के कारण जहां पूरे विश्व में आर्थिक मंदी की चपेट में रहा, वहीं अपने वित्तीय अनुशासन एवं सधे हुए प्रयासों के चलते यूपी की जीएसडीपी में 2021-22 में 16.8 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गयी। इसके अलावा देश में सबसे उर्वर भूमि, प्रचुर जल संसाधन, युवा आबादी, देश का सबसे बड़ा उपभोक्ता और श्रम बाजार होने के साथ ही उत्तर प्रदेश राष्ट्रीय सकल घरेलू उत्पाद में लगभग 8 प्रतिशत का योगदान देता है। यही नहीं देश की कुल 12 प्रतिशत कृषि भूमि और खाद्यान्न उत्पादन में यूपी 20 प्रतिशत की हिस्सेदारी रखता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के शब्दों में भारत अगर आज दुनिया के लिए ब्राइट स्पॉट है तो यूपी भारत के ग्रोथ को ड्राइव करने में एक अहम रोल निभाने जा रहा है।

# ईडी-सीबीआई राजनीतिक पार्टियां हैं: बाबुल सुप्रियो




**एजेंसी। कोलकाता**

इस बार ईडी-सीबीआई राज्य के मंत्री बाबुल सुप्रियो के निशाने पर हैं। भाजपा के पूर्व सांसद ने एक ट्वीट में आरोप लगाया कि ईडी-सीबीआई दोनों राजनीतिक दलों की तरह काम कर रही हैं। वे केंद्र में भाजपा के साथ गठबंधन सरकार में हैं, इसलिए दोनों ही जांच एजेंसियां सिर्फ विपक्ष के खिलाफ काम कर रही हैं। बाबुल सुप्रियो ने विस्फोटक दावा करते हुए आगे कहा कि मैंने स्वयं कोयला माफियाओं के खिलाफ तत्कालीन कोयला मंत्री को काफी जानकारी दी थी। इसके बावजूद वे बिना किसी जांच के कैसे शुद्ध हो रहे हैं। जाहिर है कि भाजपा अपने पूर्व सांसद और पूर्व केंद्रीय मंत्री के सवाल से असहज हैं।

उल्लेखनीय है कि शक्तिगढ़ गोलीकांड में मारे गए राजू झा की राजनीतिक पहचान को लेकर विवाद शुरू हो गया है। बाबुल सुप्रियो का आरोप है कि राजू झा कैलाश विजयवर्गीय और दिलीप घोष के हाथों भाजपा में शामिल हुए थे। उन्होंने एक के बाद एक कई ट्वीट किए। अपने पहले ट्वीट में उन्होंने दावा किया कि राजू झा को लेकर बंगाल भाजपा के कुछ नेताओं और उनके बीच असहमति थी। बाबुल ने आगे कहा कि दिलीप घोष और कैलाश विजयवर्गीय ने ही राजू झा को भाजपा में शामिल किया था। कैलाश-दिलीप ही नहीं राज्य के मंत्री ने विधायक लक्ष्मण घड़ुई पर भी निशाना साधा। उन्होंने दावा किया कि लक्ष्मण ने ही राजू को भाजपा में लाने के लिए मध्यस्थता की थी।

# अडाणी ग्रुप ने 1,485 करोड़ रु. में कराईकल पोर्ट का किया अधिग्रहण




**एजेंसी। नई दिल्ली**

अडाणी ग्रुप की अडाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन लिमिटेड ने शनिवार (2 अप्रैल) को कराईकल पोर्ट प्राइवेट लिमिटेड को 1,485 करोड़ रुपए में खरीद लिया है। नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल की मंजूरी मिलने के बाद ही अडाणी पोर्ट्स ने केपीपीएल का अधिग्रहण पूरा किया। इससे पहले अडाणी पोर्ट्स को केपीपीएल की कॉर्पोरेट इनसॉल्वेंसी रेजोल्यूशन प्रोसेस के तहत एक सक्सेसफुल रेजोल्यूशन एप्लिकेंट अनाउंस किया गया था। कराईकल पोर्ट भारत के ईस्टर्न कोस्ट पर एक ऑल-वेदर डीप-वाटर पोर्ट है। जिसे पुडुचेरी सरकार ने पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप के तहत बिल्ड, ऑपरेट और ट्रांसफर फॉर्मेट पर बनाया गया था। कराईकल पोर्ट को 2009 में कमीशन किया गया था और इसे केंद्र शासित प्रदेश पुडुचेरी के कराईकल जिले में विकसित किया गया था, जो चेन्नई से लगभग 300 किलोमीटर साउथ में है। यह चेन्नई और तूतीकोरिन के बीच एकमात्र प्रमुख पोर्ट है और इसकी स्ट्रेटेजिक लोकेशन इस बंदरगाह को मध्य तमिलनाडु के इंडस्ट्रियल-रिच इलाकों तक आसान पहुंच प्रदान करती है। अडाणी पोर्ट्स ने बयान में कहा कि बंदरगाह तमिलनाडु के कंटेनराइज्ड कार्गो ओरिएंटेड इंडस्ट्री सेंटर्स और अपकमिंग 9 एमएमटीपीए सीपीसीएल रिफाइनरी के करीब है। अढराए के उएड और होल-टाइम डायरेक्टर करण अडाणी ने कहा, 'कराईकल पोर्ट का अधिग्रहण भारत की सबसे बड़ी ट्रांसपोर्ट यूटिलिटी के रूप में हमारी स्थिति को मजबूत करने में एक और माइलस्टोन है। कराईकल पोर्ट को खरीदने के बाद अब अडाणी पोर्ट्स भारत में 14 पोर्ट्स को ऑपरेट करने वाली कंपनी बन जाएगी। करण अडाणी ने कहा, 'एपीएसइजेड ग्राहकों के लिए लॉजिस्टिक कॉस्ट को कम करने के लिए इंफ्रास्ट्रक्चर को अपग्रेड करेगा, इसके लिए कंपनी समय के साथ 850 करोड़ रुपए खर्च करेगी। हम अगले 5 सालों में बंदरगाह की क्षमता को दोगुना करने पर काम कर रहे हैं और इसे एक मल्टीपरपज पोर्ट बनाने के लिए कंटेनर टर्मिनल भी जोड़ रहे हैं। कराईकल पोर्ट में 14 मीटर पानी का ड्राफ्ट मिलता है और यह 600 एकड़ से ज्यादा लैंड एरिया में फेला हुआ है। इसके मौजूदा इंफ्रास्ट्रक्चर में 5 ऑपरेशनल बर्थ, 3 रेलवे साइडिंग, मैकेनाइज्ड वैगन-लोडिंग और ट्रक-लोडिंग सिस्टम सहित मैकेनाइज्ड बल्क कार्गो हैंडलिंग सिस्टम, 2 मोबाइल हार्बर क्रेन और एक बड़ा कार्गो स्टोरेज स्पेस शामिल है।

# भारत में 2 नई लाइफ इंश्योरेंस कंपनियों की एंट्री




**एजेंसी। नई दिल्ली**

इंश्योरेंस रेगुलेटरी एंड डेवलपमेंट अथॉरिटी ने भारत में 2 नई कंपनियों के इंश्योरेंस लाइसेंस को मंजूरी दे दी है। क्ष्ळ्अक ने एको लाइफ इंश्योरेंस लिमिटेड और क्रेडिट एक्सेस लाइफ इंश्योरेंस लिमिटेड को यह मंजूरी 25 मार्च 2023 को आयोजित 121वीं बैठक में दिया है। क्ष्ळ्अक ने इंश्योरेंस बिजनेस करने के लिए यह मंजूरी 12 साल बाद दी है। इससे पहले साल 2011 में लाइसेंस के लिए मंजूरी दी गई थी। इन दोनों कंपनियों को लाइसेंस देने के बाद भारत में इंश्योरेंस बिजनेस ऑपरेटिंग कंपनियों की संख्या 26 हो गई है। क्ष्ळ्अक ने बयान जारी करते हुए कहा है कि इन दोनों कंपनियों के अलावा 20 इंश्योरेंस कंपनियों के लाइसेंस रजिस्ट्रेशन के अलग-अलग स्टेज में पेंडिंग हैं। एको पहले से ही एको जनरल इंश्योरेंस नाम की एक इंश्योरेंस कंपनी चलाती है। यह जनरल अटलांटिक और कनाडा पेंशन प्लान इन्वेस्टमेंट बोर्ड (उढढक्ह) जैसी कंपनियों से बैग्ड है। अक्टूबर 2021 में कंपनी यूनिकॉर्न बनने के बाद अब पूंजी जुटाने की कोशिश कर रही है। एको अभी ऑटो, हेल्थ एंड ट्रैवल सेगमेंट्स में इंश्योरेंस देती है। साथ ही, एको कैब-एग्रीगेटर ओला और अमेजन के साथ मिलकर इनके ऐप के जरिए स्माल साइज का इंश्योरेंस प्रोबाइड करती है। एको, डिजिट और प्लम जैसी इंश्योरटेक कंपनियों ने कोविड-19 महामारी के बाद बड़ी मात्रा में ग्राहकों ने छोटे बीमा कवर वाले इंश्योरेंस खरीदे हैं। क्रेडिट एक्सेस ग्रामीण लिमिटेड भारत की सबसे बड़ा माइक्रोफाइनेंस इंस्टीट्यूशन है, जिसके पास दुनिया में सबसे बड़ा माइक्रोफाइनेंस मार्केट शेयर है। क्रेडिट एक्सेस लाइफ इंश्योरेंस लिमिटेड इसी की इंश्योरेंस कंपनी है।

## अप्रैल महीने में लॉन्च होने वाले स्मार्टफोन



**नई दिल्ली।** स्मार्टफोन मेकिंग कंपनियां अप्रैल महीने में अलग-अलग बजट सेगमेंट्स में कई स्मार्टफोन लॉन्च करेंगी। इसमें वनप्लस नॉर्ड उए 3 लाइट, पोको एफ 5, फेन्टम वी फोल्ड 5जी आसुस आरओजी फोन 7, पोको एक्स5 5जी वीवो 90 सीरीज शामिल हैं। ऐसे में अगर आप एक मिड-रेंज स्मार्टफोन खरीदने के बारे में सोच रहे हैं तो इस महीने आपको कई नए ऑप्सन मिलेंगे। जिसमें से आप अपने बजट और पसंद के अनुसार बेस्ट फोन चुन सकते हैं। आइए अप्रैल महीने में लॉन्च होने वाले स्मार्टफोन्स के बारे में जानते हैं। वनप्लस 4 अप्रैल को नॉर्ड उए 3 लाइट 5जी स्मार्टफोन लॉन्च करेगा। जो 8जीबी रैम और स्नैपड्रैगन 695 5जी प्रोसेसर के साथ आएगा। इसमें 8जीबी की इक्स्पैंडवल वर्चुअल रैम भी मिलेगी। साथ ही, इसमें 67वाट की सुपरवूक फास्ट चार्जिंग सपोर्ट के साथ 5000एमएएच की बैटरी दी जाएगी।

# पेनकिलर, डायबिटीज और दिल की दवाएं हुई महंगी

**एजेंसी। नई दिल्ली**

पेनकिलर, एंटीबायोटिक, एंटीइन्फेक्टिव और कार्डिएक दवाएं महंगी हो गई है। इनकी कीमत 1 अप्रैल से 12% बढ़ गई है। एसेंशियल यानी जरूरी दवाओं समेत 384 दवाइयों के दाम इस बार बढ़े हैं। यह लगातार दूसरा साल है, जब शेड्यूल्ड दवाओं की कीमतों में बढ़ोत्तरी नॉन-शेड्यूल्ड दवाओं की तुलना में ज्यादा हुई है। हर महीने जैसे ही सैलरी आती है उसका एक हिस्सा ज्यादातर परिवारों में दवाइयों के लिए रख दिया जाता है। ऐसे में दवाइयों की बढ़ती कीमत के बारे में पढ़कर आप अपने बजट को लेकर चिंतित होंगे। आमतौर पर जेनेरिक दवाइयां उन दवाओं को कहा जाता है जिनका कोई अपना ब्रांड नेम नहीं होता है। वह अपने सॉल्ट के नाम से ही मार्केट में जानी-पहचानी जाती है। पैकेजिंग से लेकर मार्केट में आने तक इन दवाइयों का कोई प्रचार-प्रसार नहीं होता है। ये दवाइयां मरीज के शरीर पर ब्रांडेड दवाइयों जितना ही काम करती है। इसे एक उदाहरण से समझते हैं- हम सब जानते हैं कि बुखार होने पर पैरासिटामोल खाया जाता है। इसके लिए डोलो, कैलपोल और क्रोसिन मार्केट में मिलती है। यह सारी ब्रांडेड है। इनका नाम आपकी जुबान पर प्रचार-प्रसार की वजह से ही आया है। इन तमाम ब्रांडेड दवाओं की कीमत से सस्ती पैरासिटामोल जेनरिक दवा के तौर पर मेडिसिन शॉप या जन औषधि केंद्र पर मौजूद होती है। सही जानकारी न होने के कारण न केवल गरीब बल्कि मिडिल क्लास भी केमिस्ट से महंगी दवाएं खरीदने पर मजबूर हो जाता है। जेनेरिक दवाएं



ब्रांडेड की तुलना में 10% से 20% तक सस्ती होती हैं। फार्मा कंपनियां ब्रांडेड दवाइयों की रिसर्च, पेटेंट और विज्ञापन पर काफी पैसा खर्च करती हैं। जबकि जेनेरिक दवाइयों की कीमत सरकार तय करती है और इसके प्रचार-प्रसार पर ज्यादा खर्च भी नहीं होता। यह किसी भी मेडिकल स्टोर पर मिल जाती है। चूंकि आप दुकानदार से मांगते नहीं कि इसलिए वो आपको ज्यादा कीमत वाली ब्रांडेड दवा बेच देता है। दूसरा आप जन औषधि केंद्र से भी जेनरिक दवाइयां खरीद सकते हैं। जन औषधि अभियान सरकार ने पब्लिक को अवेयर करने के लिए शुरू किया है। इसका मकसद लोगों को समझाना है कि जेनरिक मेडिसिन कम प्राइस में मिलती है लेकिन इसमें क्वालिटी से कोई समझौता नहीं किया जाता। बिल्कुल असर करती है। शक की कोई बात ही नहीं। जेनरिक दवाइयां बनाने में उन्हीं फामूर्लो और सॉल्ट यूज किया जाता है, जो ब्रांडेड कंपनियां पहले ही प्रयोग कर चुकी हैं। सेफ्टी, क्वालिटी और रिव्यू के बाद ही सरकार जेनेरिक दवाओं को मंजूरी देती है। देश में जन औषधि केंद्र खोले जा चुके हैं, ऐसे में आप गूगल सर्च करके पता कर सकते हैं कि आपके घर के पास कौन सा जन औषधि केंद्र है। जन औषधि केंद्र का ऐप भी प्ले स्टोर पर है। जन औषधि सुगम यानी । इसे मोबाइल पर डाउनलोड कर लें। इस एप्लिकेशन की मदद से आपकी लोकेशन के पास बने जन औषधि केंद्र का पता लगा सकते हैं। इसके साथ जन औषधि जेनेरिक दवाओं की खोज, कौन सी दवा अवेलेबल है या नहीं, एमआरपी, जेनेरिक और ब्रांडेड दवाओं की तुलना भी कर सकते हैं।

## 11 अप्रैल को टेक्नो लॉन्च करेगा 'फेन्टम वी फोल्ड 5जी

**नई दिल्ली।** चाइनीज स्मार्टफोन मेकिंग कंपनी टेक्नो भारत में 11 अप्रैल को 'फेन्टम वी फोल्ड 5जी लॉन्च करेगी। कंपनी ने बताया है कि वह इस फोल्डेवल स्मार्टफोन का प्रोडक्शन 'मेड इन इंडिया' के तहत भारत में कर रही है। इससे पहले पिछले महीने मोबाइल वर्ल्ड कांग्रेस में टेक्नो फेन्टम वी फोल्ड को लॉन्च किया था। टेक्नो ने ऑफिशियल वेबसाइट पर स्मार्टफोन को लिस्ट किया है, जिसमें डिजाइन और स्पेसिफिकेशंस के बारे में बताया है। टेक्नो का यह पहला फोल्डेबल स्मार्टफोन है, जिसमें 4ल्ले फेब्रिकेशन्स पर बने मीडियाटेक डाइमेंसिटी का 9000 प्लस प्रोसेसर लगाया है। यह 5जी-रेडी चिपसेट है, जो क्वालकॉम के प्रीमियम स्नैपड्रैगन 8+ जेन 1 एसओसी को टक्कर देता है। ये फोल्डेवल स्मार्टफोन एंड्रॉयड 13 ऑपरेटिंग सिस्टम के साथ हाईओएस फोल्ड वर्जन पर काम करता है। कंपनी की ओर से बताया गया है कि, यह लॉन्च के अगले दिन 12 अप्रैल से अर्ली-बर्ड सेल में 77,777 रुपए के स्पेशल प्राइज में उपलब्ध होगा। यह ऑफर केवल सीमित स्टॉक के साथ सीमित समय के लिए रहेगा। कंपनी ने अभी यह खुलासा नहीं किया है कि बाद में स्मार्टफोन को किस प्राइज में बेचा जाएगा।

# मार्च में रिकॉर्ड स्तर पर हुई पेट्रोल-डीजल की बिक्री

**नई दिल्ली।** भारत में ईंधन की मांग में मार्च के महीने में इजाफा हुआ है। महीने की शुरूआत में ईंधन की मांग में थोड़ी कमी देखने को मिल रही थी, लेकिन जैसी ही कृषि गतिविधियों में बढ़ोतरी हुई। इसकी मांग में फिर से तेजी देखने को मिली है। इस बात की जानकारी प्राथमिक इंडस्ट्री डाटा में निकलकर आई। फरवरी में कृषि गतिविधियों में तेजी रहने के कारण ईंधन की बिक्री अब तक के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई थी, लेकिन मार्च के शुरूआती दिनों में हल्की गिरावट देखने को मिली थी। आंकड़ों के मुताबिक, सालाना आधार पर देखें तो पेट्रोल की बिक्री पिछले साल मार्च के मुकाबले 5.1 प्रतिशत बढ़कर 2.65 मिलियन टन है। मासिक आधार पर बिक्री में 3.4 प्रतिशत का इजाफा हुआ है। यह तब हुआ है, जब फरवरी में पेट्रोल की बिक्री अपने उच्चतम स्तर पर थी। डीजल की बिक्री भी पिछले साल की अपेक्षा 2.1 प्रतिशत का इजाफा हुआ है और 6.81 मिलियन टन पर पहुंच गई है।

## विदेश

### मेक्सिको में हॉट एयर बैलून में लगी आग

# जान बचाने के लिए उड़ते गुब्बारे से कूदे 3 पैसेंजर, दो की मौत



**एजेंसी। मेक्सिको सिटी**

मेक्सिको में एक हॉट-एयर बैलून में आग लग गई। जिसके बाद इसमें सवार 3 लोगों ने छलांग लगा दी। हादसे में 2 लोगों की मौत हो गई, वहीं एक बच्चा आग में झुलस गया। उसे गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बैलून में आग लगने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। मेक्सिको सरकार ने कहा कि आग लगने की वजह से 39 साल की महिला और 50 साल के आदमी की मौत हुई है। बच्चे को सेकेंड डिग्री बर्न्स आए हैं। घटना टियाटिहुआकन के आर्कियोलॉजिकिल साइट के पास हुआ। हालांकि, घटना के वक्त बैलून में कितने लोग सवार थे इसकी जानकारी सामने नहीं आई है। वायरल वीडियो में नजर आ रहा है कि हॉट-एयर बैलून पैसेंजर्स के साथ उड़ान भरता है। इसके कुछ देर बाद ही इसके गन्डोला में आग लग जाती है। इसके बाद वो काफी देर तक हवा में उड़ता नजर आ रहा है। मेक्सिको में टियाटिहुआकन काफी मशहूर टूरिस्ट प्लेस है। ये मेक्सिको सिटी से करीब 70 किमी की दूरी पर है। यहां अक्सर लोग 150 डॉलर( 12 हजार 327 रुपए) में बैलून राइड के लिए जाते हैं।कुछ दिन पहले ब्राजील में एक छोटे पैसेंजर एयरक्राफ्ट को एक पैराशूट की मदद से क्रैश होने से बचाया गया था। सिंगल इंजन वाले इस एयरक्राफ्ट में 6 मुसाफिर थे। ये सभी सही सलामत लैंड हुए थे। इनमें दो बच्चे भी शामिल थे। घटना का वीडियो वायरल हुआ था। वर्ल्ड डेली द नेशनल के मुताबिक, इस एयरक्राफ्ट में एक नई तकनीक सिरिस एयरफ्रेम पैराशूट सिस्टम का इस्तेमाल किया गया था।

## तालिबान की सीक्रेट पुलिस की कैद में 3 ब्रिटिश नागरिक

**तालिबान।** ब्रिटेन के एक एनजीओ ने दावा किया है कि उनके तीन नागरिक तालिबान की सीक्रेट पुलिस की कैद में हैं। प्रेसिडियम नाम के एनजीओ के प्रवक्ता स्कॉट रिचर्ड ने 1 अप्रैल को इसकी जानकारी दी। तीनों लोगों को अफगानिस्तान में पिछले तीन महीने से तालिबान ने अपने कब्जे में रख रखा है। एनजीओ ने कहा कि वो दो लोगों के परिवारों के साथ मिलकर उन्हें छुड़वाने का काम कर रहे हैं। वहीं, ब्रिटेन के विदेश मंत्रालय ने भी इस संबंध में एक बयान जारी किया है। उन्होंने अपने बयान में कहा, हम ब्रिटिश नागरिकों की सुरक्षा के लिए लगातार काउंसलर के संपर्क में है। उन्हें छुड़ाने के लिए कड़ी मेहनत की जा रही है। प्रेसीडियम नेटवर्क के स्कॉट रिचर्ड्स ने बीबीसी को बताया कि तालिबान की कैद में एक अधेड़ उम्र का व्यक्ति केविन कॉर्नवेल है। जो युद्ध वाले इलाकों में लोगों को मेडिकल एसिस्टेंस देता है। उन्हें जनवरी में एक रेड के दौरान पकड़ा गया था।

### पीटीआई के अध्यक्ष इमरान खान ने कहा

# जनरल बाजवा ने भारत से संबंध बहाल करने के लिए मुझ पर दबाव डाला

**एजेंसी। इस्लामाबाद**

पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के अध्यक्ष इमरान खान ने कहा है कि पूर्व सेना प्रमुख कमर जावेद बाजवा ने उन पर भारत के साथ दोस्ती बहाल करने के लिए दबाव डाला था। द न्यूज ने खान के हवाले से कहा कि बाजवा भारत के साथ दोस्ती चाहते थे और उन्होंने इसके लिए उन पर दबाव बनाया। इमरान खान ने कहा, बाजवा एक दिन कुछ कहते थे और अगले दिन मुकर जाते थे। आम चुनाव के बारे में एक सवाल का जवाब देते हुए पीटीआई अध्यक्ष ने कहा कि अगर 90 दिनों में चुनाव नहीं हुए तो देश में कोई संविधान नहीं बचेगा और फिर वह डायरेक्ट एक्शन लेंगे। द एक्सप्रेस ट्रिब्यून की रिपोर्ट के अनुसार, इस



महीने की शुरूआत में पाकिस्तान ने फिर से इनकार किया कि वह भारत के साथ कोई बैकचैनल वार्ता कर रहा है, हालांकि पाकिस्तान ने एक शांतिपूर्ण पड़ोस की अपनी इच्छा को दोहराया है। द एक्सप्रेस ट्रिब्यून की खबर के मुताबिक, विदेश कार्यालय की प्रवक्ता मुमताज जहरा बलोच ने एक साप्ताहिक ब्रीफिंग में एक सवाल के जवाब में कहा, इस स्तर पर, पाकिस्तान और भारत के बीच कोई बैक चैनल (बातचीत) नहीं है। दोनों पड़ोसी देशों के बीच संबंध पिछले कई सालों से ठप पड़े हुए हैं। पाकिस्तान ने न केवल राजनयिक संबंधों को डाउनग्रेड किया बल्कि भारत के साथ द्विपक्षीय व्यापार को भी निलंबित कर दिया। हालांकि 2021 में जब दो देश बैकचैनल वार्ता में लगे हुए थे, तब संबंध सुधरने की आशा दिखाई देने लगी थी। संयुक्त अरब अमीरात में पाकिस्तान और भारत के वरिष्ठ सुरक्षा अधिकारियों के बीच गुप्त बैठकों के कारण नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर फरवरी 2021 में संघर्ष विराम का नवीनीकरण हुआ, द एक्सप्रेस ट्रिब्यून ने बताया। अगला कदम द्विपक्षीय व्यापार को बहाल करना था लेकिन यह प्रक्रिया तब रुक गई जब तत्कालीन प्रधानमंत्री खान की सरकार ने भारत से चीनी और कपास आयात करने के फैसले को ठुकरा दिया। कुछ रिपोर्टें में बाद में दावा किया गया कि पर्दे के पीछे की बातचीत में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पाकिस्तान यात्रा की संभावना पर भी चर्चा हुई थी।

## अफगानिस्तान में मोर्टार बारूदी सुरंग में विस्फोट में दो बच्चों की मौत

**काबुल।** अफगानिस्तान के पूर्वी वर्दक प्रांत में पिछले युद्धों से बची मोर्टार बारूदी सुरंग में विस्फोट होने से दो बच्चों की मौत हो गई। प्रांतीय पुलिस प्रवक्ता युसूफ इसरार ने रविवार को ये जानकारी दी। यह घटना तब हुई जब सैयदाबाद जिले में बच्चों को शनिवार शाम मोर्टार माइन मिली और वह उससे खेलने लगे। अधिकारी ने संवाददाताओं को बताया कि डिवाइस में अचानक विस्फोट हो गया, जिससे एक ही परिवार के दो बच्चों की मौत हो गई। समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, अफगानिस्तान में पिछले छह दिनों में यह अपनी तरह का तीसरा विस्फोट है, जिसमें मासूम बच्चों की जान गई है। इसी तरह के एक विस्फोट ने मंगलवार को उत्तरी जावजान प्रांत में दो बच्चों की जान ले ली और चार अन्य को घायल कर दिया, जबकि एक अन्य बच्चे की जान चली गई और तीन अन्य घायल हो गए।

## हाहाकार

### चीन ने 16 हजार करोड़ का कर्ज चुकाने का समय बढ़ाया

# पाकिस्तान में एक साल में 35 प्रतिशत बढ़ी महंगाई

**एजेंसी। इस्लामाबाद**

पाकिस्तान की सरकार ने शनिवार को वहां की महंगाई को लेकर चौंकाने वाले आंकड़े जारी किए हैं। सांख्यिकी विभाग ने बताया है कि मार्च 2022 से लेकर मार्च 2023 तक पाकिस्तान में महंगाई 35.37% बढ़ गई है। जो 1965 से सबसे ऊंचे स्तर पर है। वहीं, आर्थिक तंगी से जूझ रहे चीन ने पाकिस्तान को 16 हजार करोड़ रुपए का लोन चुकाने के लिए दिए समय को बढ़ा दिया है। इसकी जानकारी खुद पाकिस्तान के वित्त मंत्री इशाक डार ने दी है। पाकिस्तान में पिछले एक साल में महंगाई का सबसे ज्यादा असर खाने, ट्रांसपोर्ट और शराब पर पड़ा है। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक पिछले एक साल में खाने के सामान के दाम 47.2% तक बढ़े हैं। वहीं, ट्रांसपोर्ट 54.9% महंगा हुआ है, शराब के दामों में भी 50% की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। पाकिस्तान में शहरों के मुकाबले गांव में महंगाई ज्यादा तेजी से बढ़ी है। गांव में पिछले एक साल में महंगाई 38.8 % बढ़ी है वहीं शहरों में 32% बढ़ी। रिपोर्ट के मुताबिक गांव में खाने के सामानों की कीमत दोगूनी हो चुकी है। जीओ न्यूज के मुताबिक पाकिस्तान अब हाइपर इंफलेशन की तरफ बढ़ रहा है। दरअसल, हाइपर इंफलेशन वो स्थिति होती है जब चीजों की कीमत दोगुनी हो जाती है। वहीं, रमजान का महीना होने की वजह से लोग पहले के मुकाबले ज्यादा खरीदारी कर रहे हैं। जिससे डिमांड और सप्लाई में गैप बढ़ गया है। इसकी वजह से महंगाई भी बढ़ी है।आर्थिक तंगहाली से जूझ रहे पाकिस्तान को चीन ने 16 हजार करोड़ रुपए का कर्ज चुकाने के लिए और समय दे दिया है। पहले की समय सीमा के मुताबिक पाकिस्तान को ये कर्ज पिछले हफ्ते तक चुका देना था। हालांकि चीन की सरकार और वहां के बैंक ने इस पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है।



# ईरान में हिजाब न पहनने पर मां-बेटी पर हमला

**तहरान।** ईरान में हिजाब न पहनने पर एक आदमी ने 2 महिलाओं के सिर पर दही डाल दिया। इसके बाद पुलिस ने उन दोनों महिलाओं को ही गिरफ्तार कर लिया। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसमें नजर आ रहा है कि मां-बेटी एक दुकान पर सामान खरीदने जाती हैं। तभी एक आदमी हिजाब न पहनने पर उनसे बहस करता है और फिर उनके सिर पर दही डाल देता है। पुलिस ने उस आदमी को भी माहौल बिगाड़ने के आरोप में गिरफ्तार किया है। ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी ने कहा- हिजाब देश के कानून का हिसा है। अगर कुछ लोग इसमें विश्वास नहीं रखते हैं तो उनको समझाना जरूरी है। हिजाब को लेकर देश में एक कानून है और इसको पालन होना आवश्यक है। वहीं ईरान के चीफ जस्टिस घोलम-होसैन मोहसेनी एजेई ने कुछ दिन पहले कहा था कि जो महिलाएं सार्वजनिक जगहों पर बिना हिजाब के नजर आएंगी उनका बख्शा नहीं जाएगा। इससे पहले वायरल हो रहे वीडियो में नजर आ रहा है कि एक मां-बेटी दुकान में सामान लेने जाती हैं।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist &
Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए
50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

## NEWS इन ब्रीफ

### पीएम आज सीबीआई के हीरक जयंती का करेंगे उद्घाटन

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तीन अप्रैल को राष्ट्रीय राजधानी में केंद्रीय जांच ब्यूरो के हीरक जयंती समारोह का उद्घाटन करेंगे। कार्यक्रम के दौरान विशिष्ट सेवा के लिए राष्ट्रपति पुलिस पदक और सीबीआई के सर्वश्रेष्ठ जांच अधिकारियों और स्वर्ण पदक प्राप्त करने वालों के लिए एक समारोह आयोजित किया जाएगा, जिसमें प्रधानमंत्री पुरस्कार विजेताओं को पदक प्रदान करेंगे। प्रधानमंत्री शिलांग, पुणे और नागपुर में सीबीआई के नवनिर्मित कार्यालय परिसरों का भी वर्चुअली उद्घाटन करेंगे। वह सीबीआई के हीरक जयंती समारोह वर्ष को चिन्हित करते हुए एक डाक टिकट और स्मारक सिक्का जारी करेंगे। इस मौके पर प्रधानमंत्री सीबीआई का ट्विटर हैंडल भी लॉन्च करेंगे।

### श्रीनगर में एक कार में धमाका, हताहत नहीं

**श्रीनगर।** श्रीनगर में एक निजी कार में विस्फोट हुआ, लेकिन उसमें सवार बुजुर्ग दंपति सहित कोई भी घायल नहीं हुआ। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। एक पुलिस अधिकारी ने कहाः बोलेवर्ड रोड पर एक होंडा सिटी वाहन (जेके-01एम-0878) के पिछले हिस्से में विस्फोट हुआ। पुलिस ने कहा कि निशात के क्रालसंगरी के निवासी हफीजुल्लाह भट के रूप में पहचाने जाने वाले एक दंपति उस समय वाहन में सवार थे। अधिकारी ने कहाः दोनों सुरक्षित हैं। प्रथम दृष्टया धमाका किसी उपकरण की खराबी का लग रहा है।

### पीएम की डिग्रियों को लेकर बीआरएस नेता ने उड़ाया मजाक

**हैदराबाद।** भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के नेताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की डिग्री को लेकर उनका मजाक उड़ाया। बीआरएस के कार्यकारी अध्यक्ष के.टी. रामाराव के बाद अब रविवार को उनकी बहन व तेलंगाना विधान परिषद की सदस्य के. कविता ने पीएम पर कटाक्ष करते हुए कहा कि भारत में वास्तविक डिग्री वालों को कोई नौकरी नहीं मिलती, लेकिन बिना डिग्री वाले व्यक्ति के पास शीर्ष पद होता है। बीआरएस अध्यक्ष और तेलंगाना के मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव की बेटी कविता ने उच्च बेरोजगारी दर पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए यह टिप्पणी की।

# भारत में नशीले पदार्थों की तस्करी है आसान

## गोल्डन ट्राएंगल का निकट होना सबसे बड़ा कारण

**शेखर सिंह। नई दिल्ली**

भारत में मादक पदार्थों की तस्करी की समस्या गोल्डन ट्राएंगल और गोल्डन क्रीसेंट से इसकी निकटता के कारण बढ़ गई है। पिछले कुछ वर्षों में भारत में नशीले पदार्थों की खपत में 70 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। गोल्डन ट्राएंगल उस क्षेत्र को संदर्भित करता है जहां थाईलैंड, लाओस और म्यांमार की सीमाएं रूआक और मेकांग नदियों के संगम पर मिलती हैं। म्यांमार मॉर्फिन और हेरोइन का दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा अवैध आपूर्तिकर्ता है, जो दुनिया की 80 प्रतिशत हेरोइन का उत्पादन करता है, जिसकी लाओस, वियतनाम, थाईलैंड और भारत में समुद्री मार्गों के माध्यम से अमेरिका, ब्रिटेन और चीन में तस्करी की जाती है।

सूत्रों के अनुसार, गुवाहाटी और दीमापुर में भारी मात्रा में हेरोइन की बरामदगी देखी गई है। म्यांमार की हेरोइन और मेथ की भारत में दो प्रवेश बिंदुओं, मणिपुर में मोरेह और मिजोरम में चंपई से तस्करी की जाती है। दिलचस्प बात यह है कि एफेड्रिन, एसिटिक एनहाइड्राइड और स्यूडोएफेड्रिन जैसे रसायनों को चेन्नई सहित दक्षिण भारत से प्राप्त किया जाता है और फिर म्यांमार की सीमा से तस्करी किए जाने से पहले दिल्ली के माध्यम से कोलकाता और गुवाहाटी पहुंचाया जाता है। भारत और म्यांमार सरकार ने 2020 में मादक पदार्थों की तस्करी से निपटने के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करने के साथ इस क्षेत्र में मादक पदार्थों की तस्करी को रोकने के लिए भारतीय अधिकारियों ने अपने प्रयासों को तेज कर दिया है।



### समुद्री मार्ग से हेरोइन की सबसे अधिक तस्करी

**एनसीबी** के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहाः पाकिस्तान और अफगानिस्तान में स्थित अंतर्राष्ट्रीय ड्रग सिंडिकेट द्वारा उपयोग किए जाने वाले समुद्री मार्गों में वृद्धि की उम्मीद है। एनसीबी की रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि समुद्री मार्ग से हेरोइन की सबसे अधिक तस्करी की जाती है, जबकि मारिजुआना, कोकीन और अन्य ड्रग्स भी जब्त किए जाते हैं।

### अफगानिस्तान वैश्विक अफीम उत्पादन स्थल

गोल्डन क्रीसेंट, अफगानिस्तान, ईरान और पाकिस्तान में एक प्रमुख वैश्विक अफीम उत्पादन स्थल है, जहां से ड्रग्स की तस्करी जम्मू और कश्मीर, पंजाब, राजस्थान और गुजरात के माध्यम से भारत में की जाती है। ड्रग तस्करों ने इन मार्गों के माध्यम से हशीश और हेरोइन के संभावित बाजार और आपूर्ति श्रृंखला उत्प्रेरक बना लिए हैं। इन सीमावर्ती इलाकों में सिंडिकेट अब ड्रग्स की तस्करी के लिए नए डिजिटल टूल और ड्रोन का इस्तेमाल कर रहे हैं।

### भारत की भौगोलिक स्थिति बनाती है मार्ग

एनसीबी के एक प्रमुख अधिकारी ने कहाः प्रमुख ड्रग्स में से एक, हेरोइन, मूल रूप से अफगानिस्तान से गोल्डन क्रीसेंट और गोल्डन ट्रायंगल के माध्यम से प्राप्त की जाती है। भारत की भौगोलिक स्थिति, दोनों के बीच सैंडविच की तरह है। इसे हेरोइन के परिवहन के लिए एक आदर्श मार्ग बनाती है। यह देश में अंतर्राष्ट्रीय के माध्यम से घुसपैठ करती है, भूमि और समुद्री सीमाएं, पाकिस्तान के साथ पश्चिमी अंतर्राष्ट्रीय सीमा एक केंद्र बिंदु है।

# कारगिल युद्ध के हीरो सूबेदार मेजर त्सेवांग मुरोप सड़क दुर्घटना में शहीद

### लेफ्टिनेंट जनरल राशिम बाली ने भारतीय सेना की ओर से सूबेदार मेजर के घर जाकर व्यक्त की संवेदना

**एजेंसी। लेह**

कारगिल युद्ध के हीरो वीर चक्र से सम्मानित सूबेदार मेजर त्सेवांग मुरोह लेह के पास शनिवार की रात एक सड़क दुर्घटना में शहीद हो गए। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। फायर एंड फ्यूरी कॉर्प्स कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल राशिम बाली ने कारगिल युद्ध के नायक के निधन पर शोक व्यक्त किया है।

लेफ्टिनेंट जनरल राशिम बाली ने भारतीय सेना की ओर से सूबेदार मेजर के घर जाकर संवेदना व्यक्त की। राशिम बाली ने उनके पिता अशोक चक्र (सेवानिवृत्त) से सम्मानित नायब सूबेदार चेरिंग मुतोप सहित पूरे परिवार से मुलाकात की।



### सूबेदार मेजर त्सेवांग मुरोप को दी श्रद्धांजलि

**फायर** एंड फ्यूरी कॉर्प्स के आधिकारिक ट्विटर अकाउंट पर ट्वीट किया गया कि फायर एंड फ्यूरी कॉर्प्स को वीर चक्र से सम्मानित बहादुर सूबेदार मेजर त्सेवांग मोरुप के दुखद निधन पर गहरा अफसोस है। इस बीच, सेवारत और सेना के पूर्व जवानों ने सोशल मीडिया पर सूबेदार मेजर त्सेवांग मुरोप को श्रद्धांजलि दी है।

### 1999 में हुआ था कारगिल युद्ध

**कारगिल** युद्ध 8 मई, 1999 और 26 जुलाई, 1999 के बीच पाकिस्तानी घुसपैठियों के खिलाफ लड़ा गया था। जो 1998 की सर्दियों में नियंत्रण रेखा (एलओसी) को पार करके भारतीय क्षेत्र में घुस गए थे और कई चौकियों पर कब्जा कर लिया था। युद्ध के दौरान भारतीय सेना ने ऑपरेशन विजय के एक भाग के रूप में पाकिस्तानी घुसपैठियों को खदेड़ दिया था और टाइगर हिल व अन्य चौकियों पर फिर से कब्जा करने में सफल रही थी।

### आबकारी नीति घोटाले के मास्टरमाइंड हैं सिसोदिया : भाजपा

**नई दिल्ली।** भाजपा ने आबकारी नीति मामले को लेकर रविवार को सीएम अरविंद केजरीवाल और आम आदमी पार्टी (आप) पर निशाना साधा और कहा कि पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया "कथित घोटाले के मास्टरमाइंड" हैं। भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने दिल्ली में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि शराब घोटाले के आरोपी मनीष सिसोदिया को राहत देने से कोर्ट ने क्यों इनकार किया? पूनावाला ने कहा, मनीष सिसोदिया एंड कंपनी को 100 करोड़ रुपये की घूस मिली है और इसकी पुष्टि अदालत के जरिए हुई है। पूनावाला ने कहा कि मनीष सिसोदिया ईमानदार नहीं बल्कि इस भ्रष्टाचार नीति के मास्टरमाइंड हैं।

## संस्कार देती है साहित्यिक पत्रकारिता : गिरीश

### राकेश शर्मा को मिला 15वां पं. बृजलाल द्विवेदी साहित्यिक पत्रकारिता सम्मान

**एजेंसी। इंदौर**

देश की प्रतिष्ठित साहित्यिक पत्रिका वीणा (इंदौर) के संपादक राकेश शर्मा को मीडिया विमर्श परिवार द्वारा रविवार को इंदौर प्रेस क्लब में आयोजित सम्मान समारोह में 15वें पं. बृजलाल द्विवेदी स्मृति अखिल भारतीय साहित्यिक पत्रकारिता सम्मान से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर समारोह के मुख्य अतिथि प्रख्यात साहित्यकार गिरीश पंकज ने कहा कि संपादक के पास सम्यक दृष्टि होनी चाहिए, जो मोती चुने, लेकिन आज मोती चुनने वाले संपादक कम होते जा रहे हैं। वीणा के संपादक राकेश शर्मा उसी हंस दृष्टि के संपादक हैं। कार्यक्रम की



अध्यक्षता मध्य प्रदेश लोकसेवा आयोग के अध्यक्ष राजेश लाल मेहरा ने की।

आयोजन में प्रयागराज से प्रकाशित होने वाली प्रतिष्ठित पत्रिका सरस्वती के संपादक रविनंदन सिंह, मध्य प्रदेश साहित्य अकादमी के निदेशक डॉ. विकास दवे और देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इंदौर के पत्रकारिता विभाग की अध्यक्ष डॉ. सोनाली नरगुंदे विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर पूर्व लोकसभा अध्यक्ष सुमित्रा महाजन एवं इंदौर प्रेस क्लब के अध्यक्ष अरविन्द तिवारी भी मौजूद थे। साहित्यिक पत्रकारिता के महत्व पर गिरीश पंकज ने कहा कि साहित्यिक पत्रकारिता न केवल हमें सूचित करती है, शिक्षित करती है, बल्कि हमें संस्कारित भी करती है। आज के साहित्यकारों को साहित्यिक पत्रकारिता की दिशा पर विचार करना चाहिए।

## कार में इंजीनियर को जिंदा जलाया

**एजेंसी। तिरुपति**

आंध्र प्रदेश के तिरुपति जिले में अज्ञात लोगों ने एक सॉफ्टवेयर इंजीनियर को कथित तौर पर उसकी कार में जिंदा जला दिया। जानकारी के मुताबिक, नायडूपेटा-पुथलपट्टू मार्ग पर गंगुडू पल्ले गांव के पास जली हुई कार में नागराजू (36) का जला हुआ शव मिला। रविवार की सुबह स्थानीय लोगों द्वारा सूचना दिए जाने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और कार के नंबर के आधार पर मृतक की शिनाख्त की।

पुलिस को संदेह है कि बेंगलुरु में एक प्रमुख आईटी कंपनी में काम करने वाले नागराजू की आधी रात को हत्या कर दी गई और आरोपी ने कार को खाई में धकेल कर इसे दुर्घटना का रूप देने की कोशिश की। नागराजू



ब्राह्मणपल्ली गांव के रहने वाला था और उसके परिवार में पत्नी और दो बच्चे हैं। पुलिस ने मामला दर्ज कर हत्यारों की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस को एक महिला के रिश्तेदारों द्वारा मार दिए जाने का संदेह है, जिसके साथ उसके छोटे भाई पुरुषोत्तम के कथित रूप से विवाहेतर संबंध हैं।

## आईआईटी मद्रास के पीएचडी स्कॉलर ने की खुदकुशी

**चेन्नई।** आईआईटी मद्रास के एक 32 वर्षीय रिसर्च स्कॉलर ने चेन्नई के वेलाचेरी स्थित अपने आवास पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक सचिन कुमार जैन पश्चिम बंगाल का रहने वाला था। पुलिस ने कहा कि 31 मार्च को उसने एक व्हाट्स एप्प स्टेटस डाला थाः आई एम सॉरी, नॉट गुड एनफ। यह देख कर उसके दोस्त घर पहुंचे तो वह कमरे में फंदे पर लटका मिला। सचिन आईआईटी मद्रास के मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग में पीएचडी रिसर्च स्कॉलर था। वर्ष 2023 में यहां आत्महत्या की यह तीसरी घटना है।





### क्या रैपर बादशाह और ईशा रिखी करने जा रहे हैं शादी?



**रैपर** बादशाह, जिनका असली नाम आदित्य प्रतीक सिंह सिसोदिया है, कहा जाता है कि वह अपनी लंबे समय से प्रेमिका और पंजाबी अभिनेत्री ईशा रिखी के साथ शादी करने जा रहे हैं। बादशाह ईशा रिखी से एक कॉमन फ्रेंड की पार्टी में मिले थे। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, कपल इस महीने उत्तर भारत में गुरुद्वारे में शादी करने की योजना बना रहा है, जिसमें परिवार के करीबी सदस्य और दोस्त शामिल होंगे। हालांकि, न तो बादशाह और न ही रिखी ने अपनी शादी के बारे में कुछ कहा है। एक पार्टी में मिलने और समान रुचियों को साझा करने के बाद पिछले साल से बादशाह के साथ डेटिंग की अफवाह थी। बादशाह ने 2012 में जैस्मीन मसीह से शादी की थी। हालांकि, 2020 में वे अलग हो गए।

### 'जीएचकेपीएम': डॉ सत्या से शादी करेगी सई, विराट का टूटेगा दिल



**नील** भट्ट, ऐश्वर्या शर्मा और आयशा सिंह स्टारर सीरियल 'गुम हैं किसी के प्यार में' (जीएचकेपीएम) में जबरदस्त मोड़ आने वाला है। दरअसल, आयशा अभिनीत सई डॉ. सत्या अधिकारी से शादी करने का फैसला करती है और विराट को छोड़ देती है, ताकि उसकी वजह से पाखी के साथ उसका रिश्ता प्रभावित न हो। पिछले एपिसोड्स में देखा गया कि पाखी (ऐश्वर्या), जो विराट के साथ अपने रिश्ते को बेहतर बनाने के लिए सब कुछ करने की कोशिश कर रही है, अंत में उसे मतभेदों को सुलझाने और नए सिरे से शुरू करने के लिए कहती है। हालांकि, नील द्वारा अभिनीत विराट, उसे बताता है कि वह उसके साथ अपने रिश्ते को जारी रखने में दिलचस्पी नहीं रखता है और सई के लिए अपने प्यार को साझा करता है। यह सुनकर पाखी का दिल टूट जाता है। आने वाले एपिसोड्स में, सई विराट के लिए अपने प्यार पर अपने कर्तव्य को चुनने का फैसला करती है। उसे लगता है कि उसकी वजह से पाखी और विराट के बीच मतभेद हैं और इस तरह वह डॉ सत्या से शादी करने का बड़ा फैसला लेती है। प्रोमो के अनुसार, एक तरफ, लाल शेरवानी पहने विराट सई से मिलने के लिए अपना घर छोड़ता है, तो दूसरी तरफ सई सत्या के साथ 7 फेरे लेती है। यह देख विराट को सदमा लगता है। ऐसे में देखना यह होगा कि अगर सई की डॉक्टर सत्या से शादी हो जाती है, तो कहानी में क्या मोड़ आता है। 'गुम हैं किसी के प्यार में' स्टार प्लस पर प्रसारित होता है।

### 'अकेली' की शूटिंग के दौरान नुसरत भरूचा हुई 'घायल', शेयर की तस्वीर



**बॉलीवुड** एक्ट्रेस नुसरत भरुचा वर्तमान में अपकमिंग थ्रिलर ड्रामा फिल्म 'अकेली' की शूटिंग कर रही हैं। उन्होंने सेट से एक फोटो शेयर की है, जिसमें शूटिंग के दौरान लगी चोट नजर आ रही है। अपने माथे पर घाव और खून के धब्बे के साथ, नुसरत ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक फोटो साझा की और कैप्शन में लिखाः अकेली। यह बहुप्रतीक्षित फिल्म प्रणय मेश्राम द्वारा निर्देशित है जो इस फील्ड में एक नए कलाकार भी हैं। इससे पहले वह 'क्वीन' और 'कमांडो 3' जैसी फिल्मों में असिस्टेंट डायरेक्टर के तौर पर काम कर चुके हैं। 'अकेली' के अलावा, नुसरत के पास 'छोरी 2' भी है।

### 'रावणासुर' 7 अप्रैल को होगी रिलीज

**टॉलीवुड** 'मास महाराजा' रवि तेजा की बहुप्रतीक्षित क्राइम एक्शन थ्रिलर 'रावणासुर' 7 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है। हैदराबाद में ग्रां प्री-रिलीज इवेंट में रवि तेजा ने फिल्म को लेकर अपने अनुभव बताए। उन्होंने कहाः हम सभी फिल्म को लेकर बहुत आश्वस्त हैं। एक्टर ने कहा, मेरा दृढ़ विश्वास है कि 'रावणासुर' सभी का मनोरंजन करेगा और 7 अप्रैल को दर्शकों को सीटी बजाने के लिए मजबूर करेगा। अभिषेक नामा (को-प्रोड्यूसर) को हम क्यूट बॉय कहते हैं। फिल्म का टाइटल और इसका डिजाइन भी उन्हीं ने तैयार किया हैं। वह मल्टी-टैलेंटेड हैं। रवि तेजा ने कहाः मैं चाहता हूं कि यह फिल्म एक बड़ी हिट हो और हम दोनों की मेहनत रंग लाए। हम प्रोड्यूसर के रूप में भी एक बेहतरीन काम करेंगे।


## व्याख्यान: चक्रवातों ने आंध्र प्रदेश की तटरेखा को तबाह किया

# पारा बढ़ने से मछलियों का स्टॉक घटा

**विशाखापट्टनम उन छह भारतीय शहरों में शामिल जो ग्लोबल वार्मिंग के परिणामस्वरूप समुद्र के स्तर में 50 सेमी की वृद्धि होने पर आ सकते हैं तटीय बाढ़ की चपेट में**

**एजेंसी। विशाखापत्तनम**

आंध्र प्रदेश की व्यापक तटरेखा लगातार चक्रवात, तटीय कटाव, समुद्र के बढ़ते स्तर और जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों का सामना कर रही है, जबकि वैज्ञानिकों ने पहले ही चेतावनी दी है कि विशाखापट्टनम उन छह भारतीय शहरों में शामिल है जो ग्लोबल वार्मिंग के परिणामस्वरूप समुद्र के स्तर में 50 सेमी की वृद्धि होने पर तटीय बाढ़ की चपेट में आ सकते हैं।



आंध्र प्रदेश में श्रीकाकुलम जिले के इच्छापुरम से नेल्लोर जिले के टाडा तक 974 किमी की कुल लंबाई के साथ एक लंबी मुख्य तटरेखा है। विशेषज्ञों का कहना है कि बंगाल की खाड़ी में समुद्र के स्तर में वृद्धि और समुद्र के पानी के तापमान का प्रभाव राज्य के समुद्र तट पर पड़ रहा है। हालांकि, प्रभाव की सीमा अभी निर्धारित की जानी है। बढ़ता तापमान न केवल बार-बार आने वाले चक्रवातों का कारण बन रहा है बल्कि समुद्री प्रजातियों को भी प्रभावित कर रहा है और मछली पकड़ने के दिनों को कम कर मछली पकड़ने वाले समुदायों को प्रभावित कर रहा है, घरों और मछली पकड़ने के गियर को नुकसान पहुंचा रहा है। चक्रवातों की असामान्यता के लिए ग्लोबल वार्मिंग और जलवायु परिवर्तन को जिम्मेदार ठहराया जाता है। विशाखापट्टनम, राज्य का सबसे बड़ा शहर और प्रस्तावित राज्य की राजधानी, 2014 के बाद से आठ गंभीर चक्रवाती तूफानों का अनुभव कर चुका है। विशाखापट्टनम 12 अक्टूबर, 2014 को बहुत भयंकर चक्रवाती तूफान 'हुदहुद' से तबाह हो गया था।